CMYK CMYK



## जय हिन्द..!
## भारतीय सेना के शौर्य को सलाम




### अब क्या होगा?
### पहलगाम हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर

*...और पाक की ताजा हरकतों ने दोनों देशों को युद्ध के कगार पर ला खड़ा किया है। परमाणु हथियारों से लैस ये पड़ोसी क्या वाकई जंग की राह पर हैं? भारत में युद्ध की घोषणा का कोई साफ नियम नहीं, लेकिन अनुच्छेद 352 के तहत आपातकाल इसका रास्ता बन सकता है। क्या कूटनीति तनाव को ठंडा करेगी, या नियंत्रण रेखा पर एक और जंग की कहानी लिखी जाएगी? दुनिया की नजर इस सवाल पर टिकी है ....*


# जागरूक टाइम्स


jagruktimes.co.in

◆ सिरोही, शनिवार, 10 मई 2025 ◆ वर्ष : 18 ◆ अंक : 111 ◆ पृष्ठ : 12 ◆ मूल्य : 2.50 रू.




## भारत में आतंकवादियों को घुसाने की नापाक कोशिश, सात आतंकवादी ढ़ेर

नई दिल्ली। पाकिस्तान की तरफ से गुरुवार रात भारत पर मिसाइल और ड्रोन से किए गए हमलों के बीच उसने जम्मू-कश्मीर इलाके में पाकिस्तान बॉर्डर से बड़ी संख्या में आतंकवादियों को जम्मू के सांबा इलाके में घुसाने की कोशिश की। जिसका बॉर्डर पर तैनात बीएसएफ ने कड़ा जवाब दिया। जवाबी कार्रवाई में कम से कम सात आतंकवादी ढेर हो गए। साथ ही पाकिस्तान की तरफ से आतंकवादियों को भारत में घुसपैठ कराने के लिए पाकिस्तानी रेंजर्स की ढांढर चौकी से मशीन गन से की जा रही फायरिंग का भी जवाब देते हुए पाकिस्तानी चौकी को भारी नुकसान पहुंचाया। दूसरी तरफ, पश्चिम बंगाल में बीएसएफ की नॉर्थ बंगाल फ्रंटियर ने नॉर्थ दिनाजपुर में सात बांग्लादेशियों को भी पकड़ा है। इन सभी को शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे पकड़ा गया। बीएसएफ ने बताया कि पाकिस्तान की तरफ से आतंकवादियों को भारत में घुसपैठ कराने की यह कोशिश 8 मई की रात करीब 11 बजे की गई।



# पाक ने उरी सेक्टर में की भारी गोलीबारी

नईदिल्ली/पुंछ/अंबाला/अमृतसर/जैसलमेर। पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में एक बार फिर से सीजफायर का उल्लंघन करते हुए फायरिंग शुरू कर दी है। पाकिस्तान की ओर से छोटे हथियारों और तोपों से गोलीबारी की जा रही है जिसका भारतीय सेना माकूल जवाब दे रही है। एक दिन पहले भी पाकिस्तान ने सीजफायर तोड़ा था जिसका भारत ने करारा जवाब दिया था।

### मुंहतोड़ जवाब दे रही भारतीय सेना

पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। गुरुवार की रात नाकाम ड्रोन हमलों के बाद आज पाकिस्तान ने एक बार फिर से संघर्षविराम का उल्लंघन किया है। पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर छोटे हथियारों और तोपों से गोलीबारी शुरू कर दी है। भारतीय सेना पाकिस्तान की ओर से की जा रही गोलीबारी का मुंहतोड़ जवाब दे रही है। एक दिन पहले यानी गुरुवार को भी पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के उरी, आरएसपुरा और सांबा सेक्टर में गोलीबारी की थी, जिसका भारतीय सेना ने करारा जवाब दिया था। ऑपरेशन सिंदूर के बाद से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है।


## पाकिस्तान ने अपने ही लोगों के जीवन को दांव पर लगा दिया
# अपनी आवाम को ढाल बना रहाः कर्नल सोफिया



**नईदिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विदेश मंत्रालय में शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित गई। विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह 8 से 9 मई की रात हुए पाकिस्तान के हमलों की जानकारी दी। 8 -9 मई की मध्य रात्रि को पाकिस्तानी सेना ने सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने के इरादे से भारतीय युद्ध क्षेत्र में कई बार हमला किया। अंतरराष्ट्रीय सीमा पर 36 स्थानों पर घुसपैठ का प्रयास किया गया। फायरिंग की गई। भारत ने घुसपैठियों को मार गिराया। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार शाम 5.30 बजे पाकिस्तान के साथ तनाव पर लगातार तीसरे दिन प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह मौजूद रहीं। ▸▸ शेष पृष्ठ 5 पर

### दुनिया को भ्रमित कर रहा है पाकिस्तान : विक्रम मिसरी

## पीएम मोदी की दिग्गजों संग बैठक, ऑपरेशन सिंदूर की प्रगति और भावी रणनीति पर चर्चा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सशस्त्र बलों के दिग्गजों के एक समूह से मुलाकात की, जिसमें पूर्व वायुसेना प्रमुख, सेना प्रमुख, नौसेना प्रमुख के साथ-साथ रक्षा मंत्री और सीडीएस भी शामिल थे। इस बैठक में ऑपरेशन सिंदूर की प्रगति, सीमा पर तनाव और भविष्य की रणनीति पर विस्तृत चर्चा हुई। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में सैन्य तैयारियों, खुफिया तंत्र को मजबूत करने और त्वरित जवाबी कार्रवाई पर फोकस रहा।

यह बैठक भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच रणनीतिक दृष्टिकोण से अहम है। प्रधानमंत्री मोदी का सेना प्रमुखों से मिलना सशस्त्र बलों का मनोबल बढ़ाने के साथ-साथ यह संदेश देता है कि सरकार अनुभवी सैन्य नेताओं के साथ मिलकर ठोस रणनीति बना रही है। यह कदम पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश देता है कि भारत हर मोर्चे पर तैयार है। ▸▸ शेष पृष्ठ 5 पर

### पाक के ड्रोन अटैक का भारत ने दिया जवाब

पाक की ओर से 36 लोकेशन पर नाकाम ड्रोन अटैक किया था जिसका भारत ने माकूल जवाब दिया। भारत ने पाक के लड़ाकू विमान को भी मार गिराया है। अब भारत की जवाबी कार्रवाई से अलग-थलग पड़ा पाकिस्तान सीजफायर तोड़ कर आम लोगों को निशाना बनाने की कोशिश कर रहा है। एलओसी से सटे इलाकों में गोलीबारी कर रहा।

### उरी सेक्टर में बजने लगे हैं सायरन

उरी सेक्टर में गोलीबारी शुरू होने के साथ-साथ जम्मू के कुछ इलाकों में सायरन बजने भी शुरू हो गए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक सांबा इलाके में शाम 6 बजे से ही सायरन बजने शुरू हो गए हैं। आरएस पुरा और अरनिया सेक्टर में भी सायरन बज रहे हैं।

### दिल्ली में हलचल तेज

**इधर** दिल्ली में एक बार फिर से हलचल तेज हो गई है।

# प्रदेश के बॉर्डर पर सीएम शर्मा की नजर

## रातभर अफसरों के साथ अलर्ट मोड पर रहे, हर मूवमेंट का अपडेट लेते रहे

## सीमावर्ती जिलों को ढाई से 5 करोड़ रुपए का अतिरिक्त बजट

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान की ओर से लगातार नापाक हरकतें की जा रही है। बुधवार रात को राजस्थान की सीमा में तीन स्थानों पर हमले का प्रयास किया गया। इसके बाद गुरुवार रात को एक बार फिर मिसाइलों से हमले का प्रयास किया गया। हालांकि भारतीय सेना हर हमले का मुंहतोड़ जवाब देती रही। पाकिस्तान की ओर से आने वाली हर मिसाइल और ड्रोन को हवा में ही उड़ाया जाता रहा। राजस्थान के सीमावर्ती इलाकों में पाकिस्तान की ओर से किए जा रहे हमले को लेकर राज्य सरकार गंभीर है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बीती रात तीन बजे तक लगातार मोनिटरिंग करते रहे। वे अधिकारियों के साथ बैठक लेते रहे और पल पल का अपडेट लेते रहे। मुख्यमंत्री ने सीमावर्ती जिलों के एसपी, आईजी और कलेक्टर को हर वक्त सतर्क रहने के निर्देश दिए।

### सतर्कता बरतने के निर्देश दिए

मुख्यमंत्री निवास पर हुई बैठक के बाद सीमा पर उत्पन्न हुई तनावपूर्ण परिस्थितियों को देखते हुए प्रदेशभर में सुरक्षा बरतने के निर्देश दिए गए हैं। खासतौर से सीमावर्ती जिलों के कलेक्टर, एसपी और आईजी को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में आवश्यक मानव संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि आपातकालीन स्थिति में नागरिकों के लिए सेवाएं बाधित ना हो और उन्हें हर तरह की सहायता त्वरित मिल सके। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि पाकिस्तान बॉर्डर पर स्थित हमारा राज्य सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील है। ऐसे में राष्ट्रीय हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें।



### हर जरूरी कदम उठाएं, लोगों को परेशान ना होना पड़े

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी सुरक्षा के नजरिये से सभी आवश्यक कदम उठाएं। आपातकालीन परिस्थितियों में नागरिक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाएं। उन्होंने कहा कि ब्लैकआउट और मॉक ड्रिल की सख्ती से अनुपालना हो। इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं बरती जाए। मुख्यमंत्री ने एसडीआरफ की यूनिट्स को सीमावर्ती क्षेत्रों में भेजने के निर्देश दिए।

### सीमावर्ती जिलों को ढाई से पांच करोड का अतिरिक्त बजट

विषम परिस्थितियों के समय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सीमावर्ती जिलों को इस विशेष बजट जारी करने के भी निर्देश दिए। श्रीगंगानगर, बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर जिले के लिए 5-5 करोड़ रुपए और फलौदी, जोधपुर और हनुमानगढ़ जिले के लिए 2 करोड़ 50 लाख रुपए (प्रति जिला) की अतिरिक्त वित्तीय सहायता जारी करने के निर्देश दिए ताकि ये जिले आपातकालीन स्थिति में आवश्यक उपकरण एवं सेवाएं उपलब्ध करा सकें। उन्होंने सीमावर्ती जिलों में खाद्यान्न, चिकित्सा, पानी, बिजली, पुलिस एवं प्रशासनिक आदि सेवाओं से संबंधित रिक्त पदों को तुरंत भरने के निर्देश दिए हैं।


### प्रशासन हर सुविधा मुहैया कराएं

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सीमावर्ती जिलों में आरएसी और होमगार्ड की अतिरिक्त कंपनियां उपलब्ध कराने के लिए भी निर्देशित किया। साथ ही अतिरिक्त फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस की सेवाएं सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चिकित्सालयों में पर्याप्त दवा और एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करें और ब्लड बैंकों में आवश्यक संसाधन उपलब्ध रहें।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा खुद लगातार सीमावर्ती जिलों का निरंतर फीडबैक ले रहे हैं। ताजा अपडेट के लिए वे प्रत्येक सीमावर्ती जिले के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और रेंज आईजी के साथ चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस और प्रशासन भारतीय सेना और केंद्रीय एजेंसियों के साथ बेहतर तालमेल स्थापित करें ताकि ऐसी परिस्थिति में दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दिया जा सके और हमारे देश के नागरिकों को परेशान ना होना पड़े।

### जैसलमेर में जिंदा बम और पाक ड्रोन का मलबा मिला

***जैसलमेर।*** *पहलगाम हमले के जवाब में भारत की एयर स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान ने राजस्थान में 5 सैन्य ठिकानों पर हमला किया। जैसलमेर में भी पाकिस्तान ने ड्रोन से हमले की कोशिश की, जिसे भारतीय सेना ने नाकाम कर दिया। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के सभी ड्रोन हवा में ही मार गिराए। इसके बाद जैसलमेर शहर में सूली डूंगर के पास पाकिस्तानी ड्रोन का मलबा मिला है, जिसे सेना के जवान अपने साथ लेकर गए है। वही जैसलमेर के किशनघाट में एक बस्ती में जिंदा बम मिला है। शुक्रवार सुबह बम की सूचना के बाद पुलिस व एयरफोर्स के जवान मौके पर पहुंचे। बताया जा रहा है कि बम गुरुवार रात को यहां गिरा है। जैसलमेर में गुरुवार की रात 9 बजे के करीब पाकिस्तान ने ड्रोन से हमला किया। भारतीय सेना ने इस पाकिस्तानी हमले को फेल कर दिया।*



### भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच जयपुर में आईपीएल मैच स्थगित

*भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े टकराव के कारण बीसीसीआई ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को टाल दिया है। हालांकि बीसीसीआई ने नई तारीखें नहीं बताई हैं। जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में 16 मई को राजस्थान रॉयल्स और पंजाब किंग्स के बीच मैच नहीं होगा। राजस्थान रॉयल्स के वाइस प्रेसिडेंट राजीव खन्ना ने बताया- भारत और पाकिस्तान विवाद के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने आईपीएल के आयोजन पर फिलहाल रोक लगाई है। ऐसे में राजस्थान रॉयल्स के अगले दो मैच भी नहीं होंगे। इनमें राजधानी जयपुर में होने वाला मैच भी शामिल है। खन्ना ने कहा कि भविष्य में आईपीएल का मुकाबला कब होगा। इसको लेकर हमारी फ्रेंचाइजी बीसीसीआई के फैसले का इंतजार करेगी। जयपुर का सवाई मानसिंह स्टेडियम राजस्थान रॉयल्स का होम ग्राउंड है।*



## पाकिस्तान के युद्ध उन्मादी आर्मी चीफ मुनीर आग से खेल रहे हैं
### कर सकते हैं ब्लंडर... पाक प्रोफेसर की चेतावनी

**इस्लामाबाद।** भारत और पाकिस्तान के बीच इस समय तनाव चरम पर है। खासतौर से भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद दोनों देशों में युद्ध जैसी स्थिति बन गई है। इस ऑपरेशन में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के अंदर कई आतंकी ठिकानों पर हमले किए हैं।

इसके बाद पाकिस्तान की ओर से भारत पर हवाई हमले की नाकाम कोशिश हुई है। वहीं बॉर्डर पर भी पाकिस्तान ने भारी गोलीबारी करते हुए कई आम लोगों की जान ली है।



इस पूरे घटनाक्रम में सबसे ज्यादा जिस नाम की चर्चा हुई है, वह पाकिस्तान के आर्मी चीफ असीम मुनीर हैं। किंग्स कॉलेज लंदन की सीनियर फेलो पाकिस्तान की आयशा सिद्दीक का कहना है कि मौजूदा तनाव की दिशा, खासतौर से पाकिस्तान के फैसले पूरी तरह असीम मुनीर पर निर्भर करेंगे। पाकिस्तान के सेना प्रमुख मुनीर देश की सरकार का नेतृत्व कर रहे पीएम शहबाज शरीफ के मुकाबले ज्यादा रणनीतिक फैसलों को नियंत्रित करते हैं। सबसे खास बात ये है कि मुनीर को शांत स्वभाव का नहीं माना जाता है। वह युद्धोन्मादी किस्म के हैं, ऐसे में वह देश को युद्ध में झोंक सकते हैं।

CMYK CMYK

# आपात स्थिति से निपटने विभागीय अधिकारी सुनिश्चित करें आवश्यक व्यवस्था : डॉ गांवडे

## जिला कलक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने ली विभागीय अधिकारियों की बैठक



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** देश में वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए जिला कलक्टर प्रदीप के गांवडे ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त जिलास्तरीय अधिकारियों के साथ संभावित हमले की स्थिति से निपटने के लिए तैयारियों के लिए बैठक ली। जिला कलक्टर ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में जीवन रक्षक दवाइयों, ब्लड की उपलब्धता, 108 एम्बुलेंस की सूचारू व्यवस्था सहित अन्य चिकित्सा व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवश्यकता पड़ने पर टेम्परेरी अस्पताल एवं लोगों के रहने के लिए शेल्टर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने रसद विभाग के अधिकारियों को कहा कि वे जिले के नागरिकों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करें तथा इस बात का भी ध्यान रखा जाए कि खाद्य सामग्री का अनावश्यक रूप से भंडारण नहीं किया जाए। उन्होंने जिले में सूचारू पेयजल व्यवस्था एवं आपातकाल की स्थिति में वैकल्पिक पेयजल व्यवस्था यथा टेंकर आदि के माध्यम से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा अग्निशमन सेवाओं को हर समय एक्टिव मोड पर रखने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने जिले के समस्त स्कूलों में हवाई हमले से बचने के लिए स्कूली विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही आमजन से प्रशासनिक निर्देशों के पालन करने एवं सहयोग करने की अपील की।

### अफवाहों व भ्रामक खबरों से बचें

जिला कलक्टर ने सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरों के प्रचार-प्रसार पर रोक लगाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट एवं भ्रामक सामग्री अपलोड करने वालों के खिलाफउचित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में संभावित हमले से बचाव के लिए आवश्यक उपाय सुनिश्चित करने के लिए दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद्र यादव, अतिरिक्त जिला कलक्टर नंदकिशोर राजोरा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम गोदारा, जालोर उपखंड अधिकारी मनोजकुमार, सीएमएचओ भैराराम जाणी, होमगार्ड कमांडेंट वीएस राठौड़ सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# शिविर में समझाया सफाई का महत्व



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** खाद्य सुरक्षा अधिकारी हनवंतसिंह, एफएसएसएआइ की अपूर्वा व्यास व प्रदीप कुमार की मौजूदगी में शु' वार को स्वच्छता व साफ-सफाई पर आधारित विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 300 से अधिक व्यापारियों ने भाग लेकर स्वच्छता व साफ-सफाई के महत्व के बारे में जानकारी ली।

### शिविर में यह रहा खास

- व्यापारियों को अपने प्रतिष्ठान में स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया गया।
- प्रशिक्षण शिविर में 300 व्यापारियों ने भाग लेकर आवेदन जमा करवाए।
- व्यापारियों को लगने वाली पेनल्टी से बचने की जानकारी दी।
- व्यापार संघ अध्यक्ष पारस मोदी ने सभी व्यापारियों से अच्छे क्वालिटी का सामान रखने एवं सफाई बरतने की अपील की।

# सहकारी भूमि विकास बैंक के ऋणी किसानों को मिलेगी 67.25 करोड़ रुपए की राहत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग की उपस्थिति में शुक्रवार को जालोर सहकारी भूमि विकास की भीनमाल शाखा के 25 वर्ष पुराने ऋण खाता के ऋणी नारायणसिंह पुत्र खीमसिंह के बैंक का कुल बकाया ऋण 15.50 लाख के पेटे 3.50 लाख रुपए जमा करवाए गए। नारायणसिंह को इस योजना के तहत 12 लाख की ब्याज राहत प्राप्त हुई। मुख्य सचेतक गर्ग ने बैंक द्वारा जारी रसीद प्रदान कर ऋणी किसानों को इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की बात कही। उन्होंने कहा कि योजना के तहत बकाया ऋण जमा कराने वाले किसानों को बैंक द्वारा नो-डयूज के साथ भूमि रहन मुक्ति आदेश भी जारी किया जाएगा। मुख्य सचेतक ने कहा कि बैंक के सभी अवधिपार ऋणियों को 100 प्रतिशत अवधिपार ब्याज राहत की योजना का लाभ मिले तथा योजना के प्रचार-प्रसार करने की बात कही। इस योजना के तहत जालोर भूमि विकास बैंक में कुल पात्र ऋणी 5 हजार 769 है। जिनको ऋण पर कुल 67.25 करोड़ रुपए की राहत देते हुए 31.69 करोड़ रूपए जमा करवाए जाने है। योजना के तहत किसान को मूल बकाया ऋण की 25 प्रतिशत राशि 30 जून तक भूमि विकास बैंक जालोर में जमा करवाने पर ही लाभ देय होगा।

### पेड़ों को नहीं काटें

मुख्य सचेतक द्वारा तारबंदी के लिए ऋण योजना के तहत 45 हजार रुपए का चेक वसनाराम पुत्र भीखाराम को प्रदान कर ऋण वितरण का शुभारंभ किया। गर्ग ने किसानों से तारबंदी करवाने के दौरान पेड़ों की कटाई नहीं करने की बात कही। नारायणसिंह एमडी सीसीबी जालोर, बैंक सचिव एवं उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां जालोर सुनील वीरभान, तकनीकी सहायक जमना मेघवाल, रवि सोलंकी, किसान तथा बैंक सदस्य उपस्थित रहे।

# बीसीएमओ ने किया अस्पतालों का निरीक्षण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुड़तरा सिली।** जसवंतपुरा ब्लॉक सीएमओ डॉ प्रशांत सैन ने क्षेत्र के विभिन्न अस्पतालों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने थूर, मांडोली और राजीकावास गांवों का दौरा करते हुए चिकित्सा व्यवस्थाओं की समीक्षा की। अस्पतालों में मौजूद चिकित्सा सुविधाओं, स्टाफ की उपस्थिति और दवा भंडारण की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सेवाओं में सुधार के निर्देश दिए।

# आज साढ़े तीन घंटे बंद रहेगी बिजली

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** भीनमाल-रानीवाड़ा मार्ग स्थित 220 केवी जीएसएस के 33 केवी के रखरखाव को लेकर शनिवार को साढ़ तीन घंटे बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता भरत कुमार देवड़ा ने बताया कि रख रखाव को लेकर भीनमाल सिटी, रीको व भरूड़ी लाइन पर दोपहर 2.30 बजे से शाम 6 बजे तक बंद रहेगी। इस कारण उक्त जीएसएस से जुड़े गांवों में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

# शिक्षक संघ की बैठक में राष्ट्र सेवा में भागीदारी का निर्णय



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील उप शाखा की बैठक शु' वार को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कचहरी रोड में ब्लॉक अध्यक्ष श्रवणकुमार ढाका की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पाकिस्तान के साथ तनाव पूर्ण माहौल में शिक्षकों की देश की प्रत्येक गतिविधि में भागीदारी निभाने का निर्णय लिया गया। जिसके तहत आर्थिक सहयोग, शिक्षक साथी, एनसीसी कैडेट व रक्तदान के माध्यम से राष्ट्र सेवा के लिए भागीदारी निभाने का निर्णय लिया गया। ब्लॉक मंत्री अशोक पुरोहित ने बताया कि 11 मई को जिला अधिवेशन व जिला कार्यकारिणी के चुनाव में भीनमाल उप शाखा से 40 प्रतिनिधियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया। प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयकरण खिलेरी ने बताया कि जिला स्तर पर डीइओ कार्यालय से संबंधित 2022 के शिक्षकों के वेतन नियमितीकरण व स्थाईकरण सहित अन्य समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास किया जाएगा।

### यह भी रहे मौजूद

प्रदेश पदाधिकारी जालाराम खिचड़, पूर्ण ब्लॉक अध्यक्ष रामचंद्र जीनगर, उप प्राचार्य हमीरसिंह चारण, कोषाध्यक्ष भैराराम सियाक, दिनेश माजू, विरमाराम चौधरी, कमलेश मांजू, जगदीश खिलेरी, रमेश राणा, व्याख्याता योगेश पूनिया, व्याख्याता सोहनलाल, व्याख्याता ओमप्रकाश सारण, मनोहरलाल खिलेरी, राजूराम व प्रकाश सियाक आदि शिक्षक नेता मौजूद थे।

# रक्तदान सप्ताह का आयोजन




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** मरुधरा ब्लड सेंटर में शुक्रवार को रक्तदान सप्ताह का आयोजन किया गया। जिसमें सभी युवाओं को देश सेवा के लिए रक्तदान की जानकारी दी। पहले दिन 10 रक्त सेवकों ने रक्तदान किया। जिसमें सुरेश नामा, दोलाराम सोनी, मुकेश कुमार, संतोष विश्नोई, गणपत घांची, हरीश मोदी, वचनाराम, श्याम वैष्णव सहित अन्य रक्तवीर शामिल थे। रक्तदान में मातृ शक्ति ने भी रक्तदान कर देश सेवा में अपना योगदान दिया।

# आठ रेलसेवाओं का मार्ग में पनवेल व कल्याण स्टेशन पर आंशिक परिवर्तन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबरोड।** रेलवे की ओर से समयबद्वता व गतिशीलता को सुधारने के लिए कुछ रेलसेवाओं का मार्ग में पनवेल व कल्याण स्टेशनों पर संचालन समय में आंशिक परिवर्तन किया जा रहा है। गाडी संख्या 22476 कोयम्बटूर-हिसार रेलसेवा 17 मई से कोयम्बटूर से प्रस्थान पनवेल स्टेशन पर परिवर्तित समय 13.12 बजे आगमन व 13.15 बजे प्रस्थान करेगी। गाडी संख्या 12977 एर्नाकुलम-अजमेर रेलसेवा 11 मई से एर्नाकुलम से प्रस्थान कर परिवर्तित समय 19.37 बजे आगमन व 19.40 बजे प्रस्थान करेगी। गाडी संख्या 16312 तिरूवनंतपुरम उत्तर -श्रीगंगानगर रेलसेवा 17 मई से तिरूवनंतपुरम उत्तर से प्रस्थान कर परिवर्तित समय 21.02 बजे आगमन व 21.05 बजे प्रस्थान करेगी। गाडी संख्या 12978 अजमेर-एर्नाकुलम रेलसेवा 16 मई से अजमेर से प्रस्थान कर परिवर्तित समय 5.22 बजे आगमन व 5.25 बजे प्रस्थान करेगी। गाडी संख्या 16311 श्रीगंगानगर- तिरूवनंतपुरम उत्तर रेलसेवा 13 मई से श्रीगंगानगर से प्रस्थान कर परिवर्तित समय 15.22 बजे आगमन व 15.25 बजे प्रस्थान करेगी। गाडी संख्या 22475 हिसार - कोयम्बटूर रेलसेवा 14 मई से हिसार से प्रस्थान कर परिवर्तित समय 15.22 बजे आगमन व 15.25 बजे प्रस्थान करेगी। गाडी संख्या 20475 बीकानेर-मिरज रेलसेवा 12 मई से बीकानेर से प्रस्थान कर परिवर्तित समय 04.22 बजे आगमन व 04.25 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 11089 भगत की कोठी-पुणे रेलसेवा 13 मई से भगत की कोठी से प्रस्थान कर परिवर्तित समय 04.22 बजे आगमन व 04.25 बजे प्रस्थान करेगी।

# कार पर पथराव, टूटे कांच



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** रेवदर मार्ग पर मूंगथला के पास देर रात को अज्ञात लोगों ने कार पर पथराव कर दिया। लूट के इरादे से किए गए पथराव से वाहन के कांच टूट गए। चालक सजगता दिखाता हुआ वाहन तेज रफ्तार से ले गया। जिससे अज्ञात हमलवार उनके इरादों में सफल नहीं हो सके। मूंगथला के आगे मधुसूदन मंदिर के पास देर रात को अज्ञात हमलावरों ने माउंट से आवल जा रही कार पर अचानक पथराव कर दिया। पथराव के चलते कार में सवार यात्रियों में भय व्याप्त हो गया। वहीं कार के कांच टूट गए। कार चालक वाहन को तेज गति से चलाकर ले गया। यात्रियों ने इस पथराव की जानकारी गिरवर पुलिस को दी। गौरतलब है कि इससे पूर्व भी इस मार्ग पर कई बार वाहनों पर पथराव की वारदातें हो चुकी है। कांग्रेस नेता पुखराज गहलोत भी इसका शिकार हो चुके है। इसके बावजूद पथराव की वारदात ने गिरवर चौकी की रात्रिकालीन गश्त की कलई खोलकर रख दी हैं।

# महाराणा प्रताप की जयंती मनाई




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** सातपुर के हनुमान मंदिर परिसर में राम कुटिया में महाराणा प्रताप सेना की ओर से वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई। मंदिर परिषर में पौधरोपण किया गया। कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण के संरक्षण की शपथ ली। प्रताप के जीवन पर प्रकाश डाला। जिलाध्यक्ष संजय जानी, उपाध्यक्ष दिपक त्रिवेदी, महंत प्रकाशदास, दिपक जानी, तहसील अध्यक्ष रोहित सोनी, सुरेश,यशपाल, दलपत सोलंकी, नारायण, रामा माली, निर्मल भाट, अभिषेक मीणा, साहिल कुमार, रामभूषण शर्मा, नरेन्द्र त्रिवेदी, गौरव जानी आदि उपस्थित थे।

# उपखंड अधिकारी नोडल अधिकारी नियुक्त

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** पंचायत उप चुनाव माह मई 2025 के तहत जिले में जिला परिषद निर्वाचन क्षेत्र संख्या 18 के सदस्य के उपचुनाव के लिए सहायक रिटर्निंग अधिकारी (उपखंड अधिकारी पिंडवाड़ा) को नोडल अधिकारी नियुक्त कर स्ट्रांग रूम व मतगणना स्थल निर्धारित किए गए हैं। मतगणना राउमावि नवीन भवन के कक्ष में होगी। मतगणना के लिए तीन टेबल निर्धारित की गई है व मतगणना 27 मई (मंगलवार) को प्रातः 9 बजे से होगी। इसी प्रकार पंचायती राज संस्थाओं के उपचुनाव माह मई 2025 के अंतर्गत लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 160 द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में जिला मुख्यालय पर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नवीन भवन सिरोही के निर्धारित कक्ष (कमरा नंबर 17,18,19व 20) को 12 मई से (मतदान दलों के प्रथम व अंतिम प्रशिक्षण, मतदान दलों की रवानगी,वापसी एवं मतगणना कार्य के लिए) अधिग्रहीत किया गया है। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी अल्पा चौधरी ने दी।

# माधव में दिव्यांगों के लिए 13 को विशेष चिह्निकरण शिविर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** माधव विवि के माधव विशेष विद्यालय के तत्वावधान में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 13 मई को एक दिवसीय दिव्यांग उपकरण चिह्निकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। माधव विशेष शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष घनश्याम ने बताया कि इस शिविर में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम जयपुर के विशेषज्ञ दिव्यांगजनों का परीक्षण कर आवश्यक उपकरणों का चयन करेंगे। एक नियत तिथि पर निशुल्क उपकरण वितरण किया जाएगा। जिससे दिव्यांगजन आत्मनिर्भर जीवन की ओर अग्रसर होंगे। माधव विशेष विद्यालय के शिक्षक पवन फौजदार ने बताया कि यह शिविर न केवल दिव्यांगजनों को तकनीकी सहारा प्रदान करेगा, बल्कि समाज में उनकी गरिमापूर्ण भागीदारी को भी सशक्त बनाएगा।

# ट्री-गार्ड में फंसे सांप का उपचार कर जंगल में छोड़ा


**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**शिवगंज।** बड़गाव मार्ग स्थित एक फार्म पर ट्री-गार्ड में सांप फंस गया। कृषि फॉर्म के मुकेश माली को इसका पता चला तो माली ने इसकी जानकारी सर्प विशेषज्ञ अशोक सोनी को सूचना दी। सोनी मौके पर पहुंचे तथा ट्री गार्ड से सांप को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके लिए ट्री गार्ड की जाली को काटना पड़ा। घायल सांप को तुरंत पशु चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सा अधिकारी शिवलाल नोगीया ने टांके लेकर बेंडेज लगाई। सोनी ने बताया कि सात फीट लम्बाई का यह विषहिन प्रजाति का कॉमन रेट स्नेक सांप है। जिसे घोड़ा पछाड़ सांप व धामण कहा जाता है। ईलाज के दौरान एनिमल हेल्प रेस्क्यू संस्थान के संस्थापक महिपाल रावल व ब्रांड एंबेसडर ओमप्रकाश कुमावत उपस्थित रहे।

# एयर स्ट्राइक की आशंका से अस्पताल में की मॉक ड्रिल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** एयर स्ट्राइक जैसी आपात स्थिति में त्वरित और प्रभावी चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कस्बे के राजकीय चिकित्सालय में शुक्रवार को मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिला कलक्टर एलएन मंत्री और सीएमएचओ डॉ. विकास मारवाल के निर्देशानुसार यह मॉक ड्रिल उपखंड अधिकारी सिद्धार्थ सांदू और बीएमओ डॉ. राजेश राठौड़ की निगरानी में हुई। मॉक ड्रिल के दौरान अस्पताल परिसर में 20 बेड का अस्थायी चिकित्सालय तात्कालिक रूप से स्थापित किया गया। जिसमें सभी आवश्यक दवाइयां, चिकित्सा उपकरण और लॉजिस्टिक सपोर्ट मुहैया कराए गए। जैसे ही एम्बुलेंस सायरन बजाते हुए अस्पताल पहुंची एक क्षण के लिए लोगों को वास्तविक आपदा का आभास हुआ। चिकित्सा अधिकारी सुमर्थलाल मीणा, मेल नर्स नारायणलाल तंवर, पेमाराम सुथार सहित पूरा मेडिकल स्टाफ आपातकालीन अभ्यास में सक्रिय रूप से शामिल रहा। प्रशासन ने मॉक ड्रिल को सफल बताते हुए इसे भविष्य की तैयारियों के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया।



# ‘प्रशासन और पुलिस हर परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार, आमजन रखे धैर्य’

## जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी की अध्यक्षता में शुक्रवार को डीओआईटी सभागार में किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने व नागरिक सुरक्षा के संबंध में की जाने वाली व्यवस्थाओं के संदर्भ में बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी राज्य सरकार द्वारा आपातकालीन स्थिति के दृष्टिगत अवकाश के संबंध में जारी निर्देशों की अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें। प्रशासन और पुलिस हर परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार है। ऐसे वक्त में आमजन धैर्य से काम करें। उन्होंने इस दौरान संचार सेवा, पूर्ति सेवा,निस्तारण सेवा सहित विभिन्न नोडल अधिकारियों से उन्हें आवंटित कार्यों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को उनके मुख्यालय पर रहने एवं अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश भी दिए।



### नहीं बरतें लापरवाही

जिला पुलिस अधीक्षक अनिल बेनीवाल ने सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों से उनके स्तर पर अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा करते हुए हालात की गंभीरता देखते हुए किसी भी प्रकार की लापरवाही ना करते हुए प्रत्येक क्रियान्विति की गहनता पूर्ण योजना बनाने के साथ मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ दिनेश राय सापेला, मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाश चंद अग्रवाल,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रभु दयाल धानिया व जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## माउंट में शाम 7.30 से बाजार बंद



**माउंट आबू।** भारत.पाकिस्तान तनाव को लेकर शुक्रवार को पर्यटन स्थल को लेकर उपखंड अधिकारी डॉ अंशु प्रिया ने आवश्यक बैठक लेकर शाम 7.30 से बाजार बंद होंगे तथा रात को ब्लैक आउट के तहत सायरन बजते ही घरों की लाइट बंद करनी होगी। इस नियम को सख्ती से पालना के लिए पुलिस, पालिका के कार्मिक, सिविल डिफेंस की टीम एवं वॉलिंटियर्स अलर्ट मोड पर रहेंगे। एसडीएम ने यहां आने वाले पर्यटकों के लिए भी आवश्यक निर्देश जारी किए है। बैठक में उपखण्ड अधिकारी ने स्पष्ट रुप से कहा कि ब्लैक आउट के दौरान डिस्कॉम बिजली कट नहीं करेगा। लेकिन, आमजन को खुद ही घर, दुकान समेत अन्य प्रतिष्ठान की बिजली बंद करनी होगी। उन्होंने माउंट आने वाले पर्यटकों से अपील करते हुए शाम 7 बजे से पहले अपनी पर्यटन गतिविधियां पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### एसडीएम ने कहा जमा करवाएं ड्रोन

वर्तमान परिस्थितियों के मध्यनजर माउंट आबू में ड्रोन संचालन को राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अन्तर्गत संपूर्ण आबूपर्वत क्षेत्र में संपूर्ण रूप से निषेध किया गया है। उपखंड मजिस्ट्रेट डॉ अंशु प्रिया ने सभी ड्रोन संचालकों/ धारको को निर्देशित किया है कि वे उनके द्वारा धारित ड्रोन को तत्काल प्रभाव से सबंधित निकटतम पुलिस थानों में जमा करवाएं। यदि किसी संचालक / धारक ने ड्रोन जमा नहीं करवाया तो उसके खिलाफ कार्रवाई होंगी। उन्होंने सम्पूर्ण आबूपर्वत क्षेत्र में आतिशबाजी पटाखों को प्रतिबंधित किया है। उन्हांने बताया कि सम्पूर्ण आबूपर्वत शहर में आतिशबाजी / पटाखों के उपयोग को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है। यह आदेश सरकारी गतिविधियों यथा सेना, पुलिस, सशस्त्र बल, होमगार्ड एवं कानून व्यवस्था में संलग्न अधिकारियों के लिये लागू नहीं होगा।

## सायबर अटैक: एसपी ने की आमजन से सावधान रहने की अपील



**सिरोही।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान से साइबर अटैक का खतरा बढ़ने लगा है। पाकिस्तान पहले भी कई बार भारत पर साइबर हमला कर चुका है। साइबर हमले के खतरे को लेकर जिला पुलिस अलर्ट है। जिला पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार ने सायबर अटैक को लेकर आमजन से अपील करते हुए कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते साइबर अटैक की सूचनाएं बार बार आ रही है। इसका इनपुट सेट कोई भी अनजान लिंक, कोई भी अनजान एप को न तो खोलें और ना ही अपने मोबाइल में डाउनलोड करें। इसके अलावा कोई अनजान फोन से आपको बात करना चाहता है तो आप नेट बंद कर दें। इसके अलावा आपके पास सोशल मीडिया अकाउन्ट्स है तो उसको प्राइवेट मोड पर कर दें क्योंकि उसको सबके लिए पब्लिकली ऑपन नहीं रखें। इसके अलावा कोई भी पासवर्ड है उनको किसी से भी साझा नहीं करें। इन सभी बातों पर मनन करेंगे तो साइबर अटैक नहीं होगा।

## मजदूर संगठन को मान्यता दिलाने की मांग



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** गिरधर नेचुरल रिसोर्सेस प्राइवेट लिमिटेड श्रमिक संघ के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों ने शुक्रवार को जिला कलक्टर अल्पा चौधरी को ज्ञापन देकर मजदूर संगठन को मान्यता दिलाने की मांग की। श्रमिक संघ के अध्यक्ष मनमोहनसिंह ने बताया कि गिरधर नेचुरल रिसोर्सेस प्राइवेट लिमिटेड श्रमिक संघ संबंद्धता भामस के प्रतिनिधि के रूप में काम किया जा रहा है। जबकी इस कंपनी की ओर से भामस को मान्यता नहीं दी जा रही है। जबकी उद्योग में श्रमिकों के हितों को बढ़ावा देने और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए सभी ने श्रम विभाग जोधपुर से गिरधर नेचुरल रिसोर्सेस प्राइवेट लिमिटेड श्रमिक संघ संबंद्धता भामस के नाम से एक मजदूर संगठन का पंजियन करवाया था। जिसकों उद्योग में मान्यता के लिए कई बार मांग की गई। लेकिन, प्रबंधन की ओर से आज दिन तक मान्यता नहीं दी गई। इसके अलावा प्रबंधन की ओर से संगठन के पदाधिकारियों को अवैधानिक रूप से निलंबन करके हमें धमकाने व डराने का प्रयास कर रहा है। हम संगठन को उद्योग इकाई में मान्यता के लिए तीस अप्रेल से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। ऐसे में इस मामले में हस्तक्षेप कर उद्योग प्रबंधन को मान्यता दिलवाएं ताकि श्रमिकों के हितों को बढावा मिल सके।

## अधिकारियों को मुख्यालय पर रहने को किया पाबंद

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रेवदर।** उपखण्ड अधिकारी सुबोधसिंह चारण की अध्यक्षता में उपखण्ड के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी समेत सभी संवर्गों के कार्मिकों की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित वृत्ताधिकारी मनोज गुप्ता, विकास अधिकारी हेमाराम चौधरी, तहसीलदार मंजू देवासी, महिला बाल विकास अधिकारी घेवरसिंह राठौड आदि की उपस्थिति रही। उपखण्ड अधिकारी ने सभी अधिकारीगणों को अपने-अपने दायित्व दिए गए। ग्राम विकास अधिकारी एवं पटवारी को निर्देशित किया गया कि वे ऐसे क्षेत्र चिन्हित करें जहां से पूरे गांव में हुटर या लाउडस्पीकर के माध्यम से मॉक ड्रिल व ब्लैक आउट के दौरान रामरत ग्रामवासियों को चेतावनी के माध्यम से लाइट ऑफ करने के निर्देश मिल सके। वृत्ताधिकारी मनोज गुप्ता ने कहा कि सभी ग्राम विकास अधिकारी ऐसे जगह चिह्नित करे जो उपयुक्त या ऐसी उंची जगह जहां से हुटर या लाउडस्पीकर की आवाज समस्त ग्राम तक पहुंचे। किसी भी सदिग्ध वस्तु या व्यक्ति की सूचना तुरंत कंट्रोल रूम में सूचित करावे। उपखण्ड अधिकारी द्वारा समस्त ग्राम विकास अधिकारीए पटवारी, पीईईओं, राशन डीलर का ग्रुप बनाया गया जिसमें सभी को जोडा गया। अधिकारियों को कार्यालय मुख्यालय पर उपस्थित रहने के लिए पाबंद किया गया।



## शराब बंदी की मांग, सौंपा ज्ञापन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** गिरवर व आसपास के आदिवासी अंचलों के वनवासियों ने गिरवर चौकी प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र में शराब बंदी की मांग की। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। गिरवर व आसपास के गांवों में रहने वाले आदिवासी समाज के लोगों ने गिरवर चौकी प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने क्षेत्र में पूर्ण शराबबंदी की मांग की। ज्ञापन के अनुसार रात्रि को मधुआजी में हुई एक अप्रिय घटना के बाद समाज में गहरा आक्रोश है। गांव के सरपंच भगाराम ने बताया कि शराब के सेवन से महिलाओं व बज्चों को सबसे ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। महिलाओं ने कहा कि यदि प्रशासन शराबबंदी नहीं करता है, तो वह बड़ा आंदोलन करेंगी। जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## खेल से होता है समाज का विकास: पुरोहित

### एमएमपीएल-2 का हुआ समापन





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिलदर।** मेर मंडवाड़ा में राजपुरोहित समाज मोटा मगरा की ओर से चल रही छह दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता में हालीवाड़ा की टीम विजेता तथा आमलारी की टीम उप विजेता रही। समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित ने कहा कि खेल से समाज के युवाओं में आपसी पहचान होती है। जब दो टीमें खेलती हैं तो एक को हारना ही पड़ता है। लेकिन, हारने वाली टीम को निराश नहीं होना चाहिए। उन्होंने युवाओं को खेलों के माध्यम से आपसी भाईचारे और पहचान को मजबूत करने का संदेश दिया। इस प्रतियोगिता में 28 टीमों ने भाग लिया। पहला सेमीफाइनल हालीवाड़ा और नून के बीच हुआ। जिसमें हालीवाड़ा विजयी रही। दूसरा सेमीफाइनल मेजबान मेरमंडवाड़ा और आमलारी के बीच खेला गया। जिसमें आमलारी ने जीत दर्ज की। फाइनल मुकाबला हालीवाड़ा और आमलारी के बीच हुआ। जिसमें हालीवाड़ा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जीत हासलि की। डॉ अमृत पुरोहित मेरमांडवाड़ा के नेतृत्व मे सिलदर से विक्रम, हालीवाड़ा से शांतिलाल, नून से रतनलाल, जसवंतपुरा से सतीश, कलापुरा से मगन, डूंगाराम, निलेश, सुरेश, मनोज, विनोद, ललित, संजय, मुकेश, जोगराज, अर्जुन, किशन, प्रमोद, रूपेश का सहयोग रहा। कॉमेंट्री किंग सेंडी, क्रिक हिरोज एवं कैलाश पुरोहित चडुआल ने की। मेरमंडवाड़ा के सरपंच गुमानसिंह देवड़ा सहित एमएमपीएल-2 की आयोजन समिति और मोटा मगरा क्षेत्र के खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

## रावल अध्यक्ष एवं जैन बने सचिव

### रोटरी क्लब सिरोही के चुनाव



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** शहर के एक होटल में गुरुवार को रोटरी क्लब सिरोही की एक सामान्य सभा में सदस्यों द्वारा आने वाले नए सत्र 2025-26 के लिए अध्यक्ष के पद पर राजेंद्र रावल एवं सचिव पद के लिए विजय जैन को चुना गया। रोटरी क्लब के फाउंडर चेयरपर्सन नरेंद्रसिंह डाबी ने अध्यक्ष के रूप में राजेंद्र रावल एवं सचिव के लिए विजय जैन का प्रस्ताव रखा गया। जिसे सभी सदस्यों द्वारा सर्व सहमति से पारित किया गया। वहीं उपाध्यक्ष अरुण अग्रवाल, सह सचिव चंद्रकांत खंडेलवाल एवं कोषाध्यक्ष राजीव चौरसिया को चुना गया। नव निर्वाचित अध्यक्ष रावल ने अध्यक्ष चुने जाने पर सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया। रोटेरियन शिरीष हरण, रविन्द्र डागा, मनोज जैन, मुकेश सोनी, मनोज पुरोहित, महेंद्र प्रजापत आदि उपस्थित थे।

## फोरलेन के डिवाइडर पर पलटा ट्रक



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** फोरलेन पर चंद्रावती के पास कपड़ों से भरे कटटों से भरा ट्रक डिवाइडर पर चढ़कर पलट गया। हादसे में चालक व सहचालक सलामत रहे। मौके पर पहुंची रीको पुलिस ने क्रेन की मदद से ट्रक को हटवाया। एनएच 27 पर चंद्रावती पुलिया के आगे कट पर कपड़ों के कटटों से भरे ट्रक का संतुलन बिगड़ गया। जिससे ट्रक डिवाइडर पर चढ़कर पलट गया। चालक व खलासी ने कूदकर जान बचाई। रीको पुलिस ने क्रेन से टक को हटवाया।

## नोटिस जारी कर किया जवाब तलब

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** नगर पालिका ने एक पटटे के मामले में आपत्ति होने पर तीन लोगों के खिलाफ नोटिस जारी किया है। अधिशासी अधिकारी के अनुसार शहर थाने के पास मालियावास निवासी अरविंद कुमार, दिनेश कुमार, योगेश कुमार पुत्र भगवानदास गोपालिया द्वारा पालिका में 9 दिसंबर 2021 को आवेदन प्रस्तुत किया। सिटी पुलिस थाने मालीवास के पास वार्ड नम्बर 12 में क्षेत्रफल 3150 वर्गफिट की सम्पत्ति का राजस्थान पालिका अधिनियम, 2009 की धाराके तहत पटटा मंजूरी के लिए आवेदन किया गया। प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर आवेदन के स्थानतंरण की कार्रवाई करते हुए 69 क के तहत फ्रिहोल्ड पटटा विलेख 273 13 2025 को क्षेत्रफल 3150 वर्ग फिट को व्यवसायिक निष्पादित किया गया। लेकिन, उक्त पटटा विलेख परपरिवादी व अधिवक्ता द्वारा पत्र पेश कर लिखित आपत्ति दर्ज करवाई गई है। जिसमें उल्लेखित किया गया हैं। उक्त लोगों द्वारा तथ्यों के दुर्व्यपदेशन द्वारा या मिथ्या दस्तावेजो के आधार पर या दुस्संधी करके या विधि का उल्लघंन करके भूमि का पटटा विलेख प्राप्त किया गया हैं। नोटिस में सात दिवस के भीतर भीतर जवाब तलब किया हैं।

## पेयजल किल्लत से फूटा आक्रोश, टंकी पर चढ़ी महिलाएं



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** मानपुर हाउसिंग बोर्ड विकास समिति के तत्वावधान में महिलाओं ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। जलदाय विभाग की पानी की टंकी पर चढ़कर रोष जताया। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने समस्या समाधान का भरोसा दिलाया। इसके बाद आक्रोश के स्वर शांत हुए। समिति सचिव सत्यनारायण बैरवा के अनुसार गत एक सप्ताह से मानपुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में पानी सप्लाई व्यवस्था लड़खड़ाई हुई हैं। जलदाय विभाग के अधिकारियों को बारम्बार अवगत करवाने पर भी समस्या का समाधान नहीं किया गया। जिससे लोगों में रोष व्याप्त हो गया। नतीजतन, महिलाएं पानी की टंकी पर चढ़कर विरोध प्रदर्शन करने लगी। विभाग के अधिकारियों को सूचना देने पर भी किसी ने समस्या को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई। समिति अध्यक्ष रामकिशोर प्रजापत के अनुसार हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में पिछले कई दिनों से पानी सप्लाई व्यवस्था ठीक नहीं है। तीन बोरवेल होने पर भी पानी सप्लाई नहीं होने पर रोष व्याप्त है। मौके पर पहुंचे तहसीलदार मंगलाराम मीणा,जलदाय विभाग के सहायक अभियंता कालूराम, हाउसिंग बोर्ड परियोजना अभियंता अनिल कुमार मंगल, पुलिस सहायक निरीक्षक जगमालसिंह सहित स्थानीय कर्मचारी ने समस्या समाधान का भरोसा दिलाया। विरोध प्रदर्शन के दौरान समिति कोषाध्यक्ष मुकेश महावार, गणपतलाल परमार, रज्जाक, भरतलाल, कुलदीपसिंह, हरीश सजनानी, ज्ञानेश्वर कुंडरा, इंद्रा सैनी समेत बड़ी संख्या में कॉलोनी वासी मौजूद थे। सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## हादसों के गड्ढ़े, परेशान ग्रामीण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** तरतोली में एलएंडटी की ओर से सीवरेज पाइप लाइन डालने के बाद सड़क गडढों में समाहित हो चुकी हैं। आए दिन बाइक सवार व पैदल राहगीर गिरकर चौटिल हो रहे है। एलएंडटी के अधिकारियों को अवगत करवाना भी बैमानी रहा। एलएंडटी का कार्य लोगों के लिए सिरदर्द व परेशानी से भरा दर्दभरा रहा है। दो हादसों में लोग जान भी गंवा भी चुके है। लेकिन, अधिकारियों की कार्यशैली यथावत रही। इसी की बानगी तरतोली गांव में देखने को मिल रही है। एलएंडटी की ओर से सीवरेज लाइन डालने के लिए सड़क खोदी गई। कार्य समाप्त होने के बाद सड़क को दुरुस्त नहीं किया। करीब दो महिने से खस्ताहाल सड़क से लोग हादसों का शिकार हो रहे है। वाहन चालकों व राहगीरों को दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा हैं। गडढों में बारिश का पानी भरने से मच्छर का प्रकोप भी बढ़ गया है। ऐसे में क्षेत्र में मौसमी बीमारी फैलने की आशंका बनी हुई हैं।



## प्रभारी अधिकारी ने किया निरीक्षण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** अल्पसंख्यक मामलात विभाग जिला सिरोही के मुख्य लेखाधिकारी मुन्नालाल टोडीवाल दो दिवसीय जिले के दौरे पर रहे। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रमेश चौधरी ने बताया कि प्रभारी अधिकारी ने जिला कार्यालय एवं समस्त रिकॉर्ड का सघन निरीक्षण किया एवं विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। सार्वजनिक निर्माण विभाग सिरोही के साथ राजकीय अल्पसंख्यक बालक छात्रावास के भवन निर्माण की प्रगति देखी एवं गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य 15 जून तक पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। मुख्यमंत्री मदरसा आधुनिकीकरण योजना के तहत मदरसा मंडार के भवन का निरीक्षण कर मदरसा में नामांकन अभिवृद्धि और एकमुश्त समाधान योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिकाधिक ऋणियों को लाभान्वित करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उन्होंने मदरसा बोर्ड से प्रदत्त 1 कम्प्यूटर सेट व स्मार्ट क्लास के लिए ई-कंटेट छात्रों को समर्पित किया ।

## उप चुनाव को लेकर पहला प्रशिक्षण 14 को

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** पंचायत उप चुनाव मई 2025 के तहत जिले के निर्वाचन क्षेत्र संख्या 18 के जिला परिषद सिरोही के सदस्य पद पर उपचुनाव के लिए गठित मतदान दलों को प्रथम प्रशिक्षण 14 को तथा अंतिम प्रशिक्षण 25 मई को प्रातः 8 बजे से राउमावि नवीन भवन में दिया जाएगा। यह जानकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ दिनेश राय सापेला ने दी।

## हर्षोल्लास से मनाया त्रिवेणीधाम का 58वां वार्षिकोत्सव



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** त्रिवेणी धाम में पंचदेवाल महादेव मंदिर का 58 वां वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास से रमेश रावल के संयोजन में मनाया। कहा जाता है कि यहां स्थापित पंचलिंगरूप महादेव अपने भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण करते हैं। आयोजन की शुरुआत सामूहिक सत्संग के साथ हुई। जिसमें भजन संध्या और संत-वाणी की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो गया। महोत्सव को लेकर दिनभर धार्मिक कार्यक्रम हुए। जिला परिषद सदस्य रतन देवी रमेश रावल मालेरा ने संसार कल्याण की कामना की। रुद्राभिषेक के के बाद दोपहर को महाप्रसादी का आयोजन किया गया, इस वर्ष मेला लाभार्थी के समाज सेवी रमेश रावल मालेरा रहे।

## जैन समाज ने मनाया शासन स्थापना दिवस



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** जैन संघ पिण्डवाड़ा की ओर से महावीर स्वामी शासन स्थापना दिवस मनाया गया। जैन संघ सचिव एवं वेप्स मंडल अध्यक्ष मनीष जैन के अनुसार सवेरे प्रभात फैरी निकाली गई। जिसमें शासन स्थापना दिवस की खुशी में लड्डू वितरित किए। यह आयोजन आचार्य विजय महाराज की निश्रा में किया गया। इस पावन अवसर पर शाम को मंदिर में भगवान की आंगी के दर्शन का सभी महानुभाव लाभ लेंगे।

## ऑपरेशन सिंदूर : महाराष्ट्र में सुरक्षा चाक-चौबंद

# फडणवीस ने की सुरक्षा, तैयारियों की समीक्षा

**▸▸ उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे बैठक में रहे मौजूद**

**▸▸ पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों की रही मौजूदगी**

**मुंबई।** भारत और पाकिस्तान में बढ़ते तनाव को देखते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राज्य की पुलिस और प्रशासनिक मशीनरी के साथ राज्य की सुरक्षा और तैयारियों की समीक्षा की। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी इस बैठक में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मॉक ड्रिल और ब्लैकआउट जैसे विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करते हुए कई दिशा-निर्देश दिए। इस बैठक में प्रमुख सचिव राजेश कुमार, राज्य पुलिस महासंचालक रश्मी शुक्ला, मुंबई पुलिस आयुक्त देवेन भारती, मुंबई महानगरपालिका आयुक्त भूषण गगराणी, नागरी सुरक्षा के अतिरिक्त पुलिस महासंचालक प्रभात कुमार, गृह विभाग की प्रधान सचिव राधिका रस्तोगी, गुप्त वार्ता विभाग के अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक शिरीष जैन, और मुंबई व उपनगर जिल्हाधिकारी उपस्थित थे। अगले बैठक में मुंबई में तीनों सेना के प्रमुखों और कोस्ट गार्ड को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निमंत्रित किया जाएगा।



### सभी अधिकारियों की छुट्टियां रद्द

भारत और पाकिस्तान के बीच हवाई हमलों के चलते महाराष्ट्र में सभी बड़े अधिकारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। खासकर स्वास्थ्य और आपदा प्रबंधन विभाग के सभी अधिकारियों के छुट्टियां कैंसिल की गई हैं। अन्य विभागों में भी महत्वपूर्ण पदों पर काबिज बड़े अधिकारियों की छुट्टियां कैंसिल कर दी गई हैं। पाकिस्तान की तरफ से लगातार हवाई हमलों की कोशिश हो रही है।

#### ▸▸ प्रत्येक जिले में वार रूम आवश्यक

इस समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राज्य की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। इसके अनुसार प्रत्येक जिले में मॉक ड्रिल करें और जिलास्तरीय वार रूम स्थापित करें। राज्य के महत्वपूर्ण विभागों, विशेषकर स्वास्थ्य और आपदा प्रबंधन, में सभी वरिष्ठ अधिकारियों की छुट्टियां रद्द करें।

#### ▸▸ ब्लैकआउट के दौरान रखें ख्याल

ब्लैकआउट के दौरान अस्पतालों के साथ समन्वय प्रणाली स्थापित करें। टार्गेट होने से बचने के लिए वैकल्पिक बिजली व्यवस्था से सिस्टम को चालू रखें और बाहर से प्रकाश को दिखाई न देने के लिए गहरे रंग के पर्दे या कांच का उपयोग करें।

#### ▸▸ छात्रों-नागरिकों को करें जागरूक

ब्लैकआउट क्या है और ऐसे समय में क्या करना चाहिए, इस पर छात्रों और नागरिकों के लिए वीडियो बनाकर जागरुकता फैलाएं। केंद्र सरकार की 'यूनियन वॉर बुक' का गहन अध्ययन करें और सभी को इसकी जानकारी दें।

#### ▸▸ समुद्री सुरक्षा बढ़ाएं

समुद्री सुरक्षा बढ़ाने के लिए आवश्यकतानुसार मछली पकड़ने वाली ट्रॉलर को किराए पर लिया जाएगा। नागरिकों को सटीक और अद्यतन जानकारी प्रदान करने के लिए सरकार व्यवस्था स्थापित करेगी।

#### ▸▸ सोशल मीडिया पर निगरानी कड़ी

प्रत्येक जिले में पुलिस के साइबर सेल को सोशल मीडिया पर पाकिस्तान को सहायता करने वाले अकाउंट की निगरानी करने और गलत या भ्रामक जानकारी फैलाने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

#### ▸▸ जिलाधिकारी को आपातकालीन फंड

प्रत्येक जिलाधकारी को आपातकालीन फंड तुरंत दिए जाएंगे ताकि तात्कालिक सामग्री की खरीद की जा सके। एमएमआर क्षेत्र की सभी नगरपालिकाओं की बैठक बुलाएं और 'ब्लैकआउट' पर जागरूकता फैलाने का काम करें।

#### ▸▸ पुलिस विभाग रहे अतिरिक्त सतर्क

पुलिस विभाग को अधिक सतर्क रहने और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को बढ़ने से रोकने के लिए कड़ी गश्त और ऑपरेशन चलाने के निर्देश दिए गए। सैन्य तैयारियों को चित्रित करना और उसे सोशल मीडिया पर प्रसारित करना अपराध है, और इस पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

#### ▸▸ महत्वपूर्ण ढांचों के साइबर ऑडिट

महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचों (जैसे बिजली उत्पादन और वितरण) पर साइबर हमलों के खतरे को देखते हुए, साइबर विभाग द्वारा तत्काल साइबर ऑडिट करवाने का निर्देश दिया गया।

#### ▸▸ टाटा मेमोरियल अस्पताल में बम की अफवाह

सुरक्षा बलों की मुस्तैदी और अतिरिक्त एहतियात के बीच शुक्रवार सुबह मुंबई में टाटा मेमोरियल अस्पताल में बम की अफवाह के कारण थोड़ी देर के लिए लोग दहशत में आ गए। मुंबई पुलिस ने बताया कि टाटा मेमोरियल अस्पताल में बम रखे जाने की धमकी वाला ई-मेल मिलने के बाद जांच की गई। हालांकि, जांच के दौरान कुछ भी संदिग्ध बरामद नहीं किया गया और धमकी महज अफवाह निकली।

#### ▸▸ अलर्ट मोड पर कोस्टगार्ड

भारत-पाकिस्तान के तनाव के बीच महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का कहना है कि राज्य में पुलिस और कोस्ट गार्ड अलर्ट मोड पर हैं। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को बताया कि, राज्य में पुलिस, कोस्ट गार्ड और नौसेना अलर्ट मोड पर हैं और सभी SoPs (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर) का पालन किया जा रहा है। पुलिस, नौसेना और तटरक्षक बल अलर्ट मोड पर हैं। नियमित अभ्यास किए जा रहे हैं और वॉर बुक के अनुसार जो भी जरूरी कदम उठाने की आवश्यकता है, उनका ध्यान रखा जा रहा है। हम अलर्ट मोड पर हैं।'

#### ▸▸ स्वास्थ्य और आपदा प्रबंधन विभाग अलर्ट

महाराष्ट्र में स्वास्थ्य और आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों की छुट्टियां कैंसिल कर दी गई हैं। पाकिस्तान की तरफ से लगातार हवाई हमलों की कोशिश हो रही है। ऐसे में एहतियातन यह फैसला लिया गया है। सीमा से सटे राज्यों में अस्पतालों में बेड रिजर्व रखने के लिए भी कहा गया है। डॉक्टरों की छुट्टियां कैंसिल कर दी गई हैं।

# सिद्धिविनायक मंदिर में नहीं चढ़ेंगे फूल-नारियल

**▸▸ आतंकी निशाने पर देश के महत्वपूर्ण मंदिर**

**मुंबई।** देश के मशहूर मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर प्रशासन की तरफ से बड़ा फैसला लिया गया है जिसके अनुसार इस रविवार (11 मई) से सिद्धिविनायक मंदिर में हार, फूल और नारियल चढ़ाने पर प्रतिबंध रहेगा। अतः मंदिर में नारियल और फूल ले जाने पर पाबंदी रहेगी। प्रशासन ने सुरक्षा को देखते हुए ये फैसला लिया है। बता दें कि सिद्धिविनायक मंदिर देश ही नहीं बल्कि दुनियाभर में काफी प्रसिद्ध है। दरअसल, सिद्धिविनायक मंदिर ने सुरक्षा खतरे की आशंका के चलते फूलों की माला और नारियल नहीं चढ़ाने का फैसला लिया गया है।



### दूर्वा चढ़ाने की अनुमति

फूलों माला और नारियल के बजाय सिर्फ दूर्वा घास चढ़ाने की अनुमति है। सीमा पर हो रही घटनाओं के कारण यह कदम उठाना जरूरी हो गया था। मंदिर में फूलों और नारियल पर बैन मौजूदा सुरक्षा प्रोटोकॉल का हिस्सा है।

### आतंकी निशाने पर मंदिर

ध्यान हो कि 26/11 के हमले के साजिशकर्ताओं में से एक डेविड कोलमैन हेडली ने खुलासा किया था कि लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद व हिजबुल मुजाहिदीन जैसे संगठनों के निशाने पर सिद्धिविनायक मंदिर भी था।

### भक्तों की सुरक्षा सर्वोपरि

इसको ध्यान में रखते हुए भक्तों की सुरक्षा सबसे ऊपर माना गया है। सरकार ने 2007 में भी इसी तरह का कदम उठाया था, लेकिन भक्तों, पार्टियों और संगठनों के दबाव में वापस ले लिया था। चढ़ावे की जांच के लिए दो स्कैनिंग मशीनें लगाई गई थीं।

### ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर पूजा-पाठ

इससे पहले गुरुवार को सिद्धिविनायक मंदिर के अधिकारियों ने भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के लिए पूजा का आयोजन किया। गौरतलब है कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना ने पाकिस्तान में मौजूद नौ आतंकी ठिकानों को ऑपरेशन सिंदूर के तहत नेस्तोनाबूद कर दिया।

# नि:शुल्क जांच शिविर में पचास रोगियों को जांचा



**मुंबई।** हिंदुस्तान चैंबर चिकित्सालय द्वारा डॉक्टर एन.के. पारिक फिजिशियन एवं कार्डियोलॉजिस्ट के मार्गदर्शन में निःशुल्क जाँच का शिविर रखा गया। शिविर में डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, यूरिक एसिड, लिपिड प्रोफाइल, अस्थमा, बॉडी फैट अल्जाइमर (बीएफटी) के करीब 50 रोगियों की जांच की गई और निदान किया गया। चिकित्सालय अध्यक्ष रामप्रसाद बिदावतका ने बताया कि प्रत्येक शुक्रवार को 2 से 4 बजे विभिन्न रोगों की जांच चिकित्सालय में रखी जाती है, जिसका लाभ चिकित्सालय में आने वाले रोगी उठाते हैं। समान्य मंत्री विजय बगडिया ने बताया कि अगले माह नेत्र जांच निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन का शिविर रखा जाएगा। ट्रस्टी उत्तम वी. जैन भी उपस्थित थे।

# 6 दिन में 275 बांग्लादेशी गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** पिछले छह दिनों में मुंबई पुलिस ने 275 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है। इससे जनवरी से अब तक हिरासत में लिए गए अवैध बांग्लादेशियों की संख्या लगभग 650 हो गई है। पुलिस ने बताया कि अवैध बांग्लादेशियों के खिलाफ 350 मामले दर्ज किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि देश में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों की पहचान करने और उन्हें निर्वासित करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय की हालिया अधिसूचना के मद्देनजर लगभग 200 बांग्लादेशियों को निर्वासित किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, "इस अधिसूचना में निर्माण स्थलों, वेश्यावृत्ति के स्थानों, घरेलू कामगारों और खानपान सेवाओं में काम करने वाली महिलाओं और पुरुषों का विशेष रूप से उल्लेख किया गया है।" उन्होंने कहा कि गिरफ्तार किए गए अधिकांश बांग्लादेशी आर्थिक रूप से कमजोर हैं और मजदूरी करते हैं।



- अब तक 650 हिरासत में
- 350 मामले किए गए दर्ज

अवैध रूप से सीमा पार करने के बाद वे फर्जी दस्तावेज बनाते हैं और देश में रहते हुए खुद को भारतीय नागरिक बताते हैं।

# बॉम्बे मेटल एक्सचेंज लि. की उद्योग संगोष्ठी आयोजित

**▸▸ समस्याओं को लेकर सही तरीके से पेश करना होगा**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता




**मुंबई।** हमारी जो भी समस्याएं है उन्हें सही तरीके से लेकर सरकार के समक्ष पेश करना होगा, तभी इसपर कुछ निर्णय संभव होते हैं। उपरोक्त विचार बॉम्बे मेटल एक्सचेंज लिमिटेड की और से आयोजित उद्योग संगोष्ठी में व्यक्त किए। इस संगोष्ठी में अलग अलग विभागों के संबंधित लोगों से चर्चा जिसमे विशेषज्ञों ने उपस्थित व्यापारियों का मार्गदर्शन किया। पवई में आयोजित संगोष्ठी के प्रथम सत्र में भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) नियामक मुद्दे और चुनौतियां जिसके मॉडरेटर महेंद्र मेहता व पैनल में आशीष वकले, पिनाकी गुप्ता, प्राज्योत दहिकर, राजेश अग्रवाल, द्वितीय सत्र में विस्तारित उत्पादक जिम्मेदारी (ईपीआर) अनुपालन जिसके मॉडरेटर डॉ संदीप वखारिया व पैनल में सौरभ गर्ग, अनुपम अग्निहोत्री, मयंक पारीक,तृतीय सत्र में माल और सेवा कर (जीएसटी) / आयकर (आईटी) पीएमएलए नोटिस और अनुपालन के चर्चा सत्र के मॉडरेटर संदीप जैन, अध्यक्ष, बीएमई व पैनल में विक्रम कुलकर्णी एंड अभिषेक रस्तोगी, विक्रम कुलकर्णी, एमपीएस सेंगर,एंड विद्यासागर उबाले तथा आखरी सत्र में सीमा शुल्क (कस्टम्स) नोटिस एफटीए, बैंक गारंटी और निकासी मुद्दे पर मॉडरेटर अल्पेश मुनोत व पैनल में एंड राधेश्याम शर्मा, जोसेफ गौड़ा पाटिल, अनिल बालानी एंड प्रतीक बंसल ने भाग लिया। सत्र में पूर्व अध्यक्ष रीख़ब कोठारी ने मार्गदर्शन व संचालन सुशील कोठारी ने किया। यह जानकारी एसोसिएशन के निदेशक अतुल गोयल ने दी। इस अवसर पर प्रवीण गोयल, मनीष जैन, मिहीर पारेख, पूजन पारेख उपस्थित थे।

# जुआ अड्डे पर छापा, पांच गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**ठाणे।** पुलिस ने ठाणे के वागले एस्टेट पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत संभाजी नगर में स्थित एक जुआ अड्डे पर छापा मारा और अड्डे के मालिक चंद्रवीर ज़म्मन सिंह (50) सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया और जुआ खेलने में इस्तेमाल होने वाले जुए के सामान और 2,750 रुपए नकद जब्त किए। वागले एस्टेट पुलिस को मिली सूचना के आधार पर बुधवार रात 11 से 3 बजे के बीच वागले एस्टेट पुलिस ने जुआ अड्डे के मालिक चंद्रवीर सिंह को गिरफ्तार किया, जो दरिया सागर होटल के बगल वाली गली में वन प्लस वन कमरे के ऊपरी हिस्से में जुआ अड्डा चला रहा था। विनोद कुमार बनारस रावत (38), अरविंद केशो रावत (44), कुमारचंदन सुरेश सिंह (31) और बंटीकुमार राजेंद्र सिंह (22) को अड्डे पर जुआ खेलते पाया गया।

पुलिस ने आयोजन स्थल पर छापा मारा और आयोजन स्थल के मालिक तथा खिलाड़ी के खिलाफ मामला दर्ज किया।

# ठाणे के येउर में युवती से सामूहिक बलात्कार, दो आरोपी गिरफ्तार

**ठाणे।** ठाणे के येउर इलाके में एक बंगले पर पार्टी में आमंत्रित सिराज चौधरी और यश तिवारी नामक दो लोगों ने पार्टी में 25 वर्षीय लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार किया और पार्टी की मेजबानी महिला से छेड़छाड़ की। सिराज चौधरी (55) मुंबई के विक्रोली इलाके के टैगोर नगर में रहते हैं। उनका परिचय एक स्पा मैनेजर महिला से हुआ। महिला मैनेजर ने सिराज चौधरी को 6 मई को येऊर के हिलटॉप स्थित अपने बंगले पर आमंत्रित किया। उस समय, निमंत्रण देने वाली महिला सहित वे चारों लोग बंगले पर पहुंचे। चौधरी के साथ यश तिवारी नामक व्यक्ति भी आया था। दोनों ने लड़की को जबरन शराब पिलाई। मेजबान महिला किसी काम से बाहर गई हुई थी तभी पहले सिराज फिर यश ने उसका बलात्कार किया। मेजबान महिला से भी छेड़छाड़ की और उसे धमकाते हुए कहा, "तुम हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकती, जो करना है करो।" पीड़ित महिला ने 7 मई 2025 को ठाणे के वर्तकनगर पुलिस स्टेशन में अपराधियों सिराज चौधरी और यश तिवारी के खिलाफ सामूहिक बलात्कार और छेड़छाड़ का मामला दर्ज कराया था। पीड़िता के बयान के आधार पर वर्तकनगर पुलिस ने दोनों के खिलाफ सामूहिक बलात्कार का मामला दर्ज कर उन्हें तुरंत गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट में पेश किए जाने पर कोर्ट ने दोनों को 11 मई 2025 तक पुलिस हिरासत में रखने का आदेश दिया है।





# घर में लगी आग से पंखा, लैपटॉप जलकर राख

**ठाणे।** कलवा के आनंद नगर स्थित श्रद्धा सोसायटी 'बी' विंग के प्रथम तल पर कमरा नंबर 101 स्थित एक मकान में शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे आग लग गई। करीब डेढ़ घंटे बाद आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना में उस घर की लकड़ी की दीवारें, टीवी, सीलिंग फैन, 2 लकड़ी की अलमारियां, 2 लैपटॉप, कूलर मशीन, लकड़ी की मेज, सिलाई मशीन और बिजली की वायरिंग पूरी तरह जलकर खाक हो गई। इस मकान का मालिक उमरुल्लाह अब्दुल्ला रशीद खान है। सरोज सुधाकर माने उस कमरे में किराए पर रह रही हैं।

## देशभक्ति और कर्तव्यपरायणता की मिसाल

# नई दुल्हन को छोड़ भारतमाता की सेवा में निकला जवान

**▸▸ शादी के दो दिन बाद ही ड्यूटी पर बुलावा**





■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**वाशिम।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालात हैं। इस बीच वाशिम जिले के जऊलका गांव का लाल, कृष्णा राजू अंभोरे ने देशभक्ति और कर्तव्यपरायणता की मिसाल पेश की है। छुट्टी लेकर घर आए कृष्णा राजू अंभोरे की दो दिन पहले शादी हुई है। विवाह के महज दो दिन बाद ही जब सेना से ड्यूटी का बुलावा आया, तो उन्होंने एक क्षण की भी देरी किए बिना अपनी जिम्मेदारी निभाने का फैसला किया। वह दुल्हन और परिवार को छोड़कर देश सेवा के लिए रवाना हो गए। कृष्णा राजू की दुल्हन ने नम आंखों से पति को विदा किया। दुल्हन की आंखों में आंसू थे, लेकिन कृष्णा की आंखों में देश के लिए समर्पण था। अपनी नवविवाहित पत्नी को नम आंखों से विदा कर, वह तुरंत देश की सेवा में रवाना हो गए।

#### ▸▸ देश पहले, बाकी सब बाद में

गांव के बुजुर्गों से लेकर बच्चों तक, सभी की आंखों में गर्व साफ झलक रहा था। कृष्णा का यह कदम न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे गांव और जिले के लिए प्रेरणा बना है। कृष्णा ने कहा कि "देश पहले है, बाकी सब बाद में।"

#### ▸▸ रेलवे स्टेशन तक आए ग्रामीण

शुक्रवार को 2.30 जब वह ड्यूटी पर उत्तराखंड लौटने के लिए वाशिम रेलवे स्टेशन पहुंचे, तो गांव के लोग उन्हें विदा करने पहुंचे। वहां का माहौल देशभक्ति से ओतप्रोत था। गांववालों ने जयकारों के साथ उन्हें विदा किया और पाकिस्तान को धूल चटाने की शुभकामनाएं दीं।

# मुस्लिम समुदाय ने पाकिस्तान को सुनाई खरी-खरी

**▸▸ जुमे के बाद मनाया 'ऑपरेशन सिंदूर' का जश्न**

**▸▸ कर्नल सोफिया कुरैशी को बताया भारत की शेरनी**

**ठाणे।** ठाणे के मुस्लिम समाज के लोगों ने शुक्रवार को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर जश्न मनाया। उन्होंने पाकिस्तान को खरी-खोटी सुनाते हुए कहा कि एड़ियां उचकाने से कुछ नहीं होता है। किरदार में दम होना चाहिए। हमारी शेरनी भारत की बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी ने जाकर उनकी छाती पर मारा है, ऐसी और भी बेटियां हैं। एक शख्स ने कहा, "अभी तो दो बेटियों ने मारा है। अभी तो कितनी बेटियां बाकी हैं। पाकिस्तान का तो नामों निशान नहीं रहेगा।" एक और युवक ने कहा, "पाकिस्तान में अभी हमारी सोफिया कुरैशी ने घुसकर मारा। ये तो एक ट्रेलर था, पिक्चर अभी पूरी बाकी है। सारे हिंदुस्तान में खुशी है कि पाकिस्तान में घुसकर मारा है। इसलिए हम आज जश्न मना रहे हैं। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक दूसरे के बीच मिठाइयां बांटी। एक और शख्स ने कहा कि पाकिस्तान बेबस और लाचार हो गया है। इनको लगा कि ये आसानी से पहलगाम में घुसकर हमारे लोगों को मारकर निकल जाएंगे।



लोगों ने एक साथ इकट्ठा होकर पाकिस्तान मुर्दाबाद और हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए।

# 287वां वसई विजयोत्सव दिवस सोमवार को

**नालासोपारा।** वसई विरार शहर महानगरपालिका ने 287 वॉ वसई विजयोत्सव दिवस के अवसर पर 10 मई से 12 मई तक तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया था। लेकिन मंगलवार 6 मई से गुरुवार 8 मई तक बेमौसम बारिश के कारण नरवीर चिमाजी अप्पा स्मारक क्षेत्र में पानी जमा हो गया,जिससे कार्यक्रम का पूरा मुख्य स्थल कीचड़मय हो गया। साथ ही मौसम विभाग की सलाह के अनुसार अगले तीन दिनों तक बारिश की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। इन सभी कारकों को ध्यान में रखते हुए महानगरपालिका ने वसई विजयोत्सव कार्यक्रम को तीन दिवसीय कार्यक्रम के बजाय केवल एक दिन मनाने का निर्णय लिया है। इसलिए सोमवार,12 मई को केवल एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। परंपरा के अनुसार बुद्ध पूर्णिमा, सोमवार, 12 मई की सुबह 7 बजे वज्रेश्वरी स्थित श्री वज्रेश्वरी देवी मंदिर में मशाल प्रज्ज्वलित की जाएगी तथा मशाल जुलूस मोटरसाइकिल रैली द्वारा वसई परनाका ले जाया जाएगा। श्री वज्रेश्वरी योगिनी देवी मंदिर, शिरसाड फाटा, राष्ट्रीय राजमार्ग 48, वसई फाटा से वालिव नाका, रेंज नाका, गोखिवारे नाका, अंबाडी रोड रेलवे ओवर ब्रिज से पश्चिम की ओर, अंबाडी रोड, मानिकपुर, भाबोला, पापड़ी, तामतलाव, पारनाका तथा परनाका से जुलूस तहसील होते हुए वसई किले तक जाएगा। जुलूस के बाद 11 बजे नरवीर चिमाजी अप्पा स्मारक पूजन होगा तथा नरवीर चिमाजी अप्पा की प्रतिमा तथा बुद्ध प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। मनपा प्रशासन सभी नागरिकों से इस कार्यक्रम में भाग लेने की अपील कर रहा है।

### निष्पादन समिति की बैठक का आयोजन

**बाली।** पंचायत समिति सभागार में शुक्रवार को एसडीएम की अध्यक्षता एवं सीबीइओ राजेंद्र सांदू के नेतृत्व में ब्लॉक निष्पादन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जलदाय विभाग के एइएन भंवरलाल पिंडेल, महिला एवं बाल विभाग से कविता व्यास, एसीबीओ माणकचंद रायका, आरपी अशोक शर्मा, डॉ. केनाराम चौधरी एवं साक्षरता कोऑर्डिनेटर मूलचंद गर्ग एवं बाली ब्लॉक के समस्त पीइओ यूसीइओ ने भाग लिया।

# आपात स्थिति में दवा, उपकरण एवं एम्बूलेंस सेवा की नहीं होनी चाहिए कमी : डॉ परमार

## ▶ चिकित्सा विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ परमार ने किया निरीक्षण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिले में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की तैयारियों को लेकर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ सुशील कुमार परमार ने शुक्रवार को जिले की अस्पतालों का निरीक्षण कर जिलास्तरीय बैठक को सम्बोधित किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिनेश खराड़ी ने बताया कि डॉ परमार ने हीट वेव एवं मौसमी बीमारियों की संभावनाओं के मद्देनजर चिकित्सा संस्थानों में पूर्व तैयारी, दवाओं की उपलब्धता, ओआरएस स्टॉक, पेयजल व्यवस्था, एम्बुलेंस सेवाएँ और बायो मेडिकल वेस्ट के सुरक्षित निस्तारण व्यवस्था की समीक्षा की गई। तीन दिन से चल रहा निरीक्षण डॉ् परमार ने बुधवार को सीएचसी कृष्णगंज, पीएचसी वेलांगरी, जिला अस्पताल शिवगंज



का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गुरुवार को जिला अस्पताल सिरोही, उप जिला अस्पताल आबूरोड, सीएचसी सरुपगंज, पीएचसी वीरवाड़ा का निरीक्षण किया गया। शुक्रवार को सीएचसी आनादरा, सीएचसी सिरोड़ी, सीएचसी रेवदर, पीएचसी भटाना, पीएचसी चनार, पीएचसी सनवाड़ा एवं सब सेंटर मेथीपुरा का दौरा किया। आपातकालीन स्थिति में सतर्क रहने के निर्देश डॉ परमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संभावित आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए स्टाफ को अलर्ट रखा जाए। किसी भी स्थिति में दवाओं, जीवन रक्षक उपकरणों और एम्बुलेंस सेवाओं की कमी नहीं होनी चाहिए।

# 485वीं जयंती पर शहर में निकली वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की शोभायात्रा



## राजपूत समाज और सर्व हिन्दू समाज का आयोजन, बाजार में जगह-जगह स्वागत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़ी।** वीर शिरोमणि आत्म सम्मान और वीरता के प्रतीक राजपूत योद्धा महाराणा प्रताप की 485वीं जयंती पर शुक्रवार को धौलपुर जिले के बाड़ी उपखंड पर शहर में राजपूत समाज और सर्व हिंदू समाज द्वारा शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा शाम 3 बजे शहर की श्री परशुराम धर्मशाला बारहमासी पीपल के पास राजपूत कॉलोनी से शुरू हुई। जिसे पूर्व विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शोभायात्रा जब शहर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरी तो विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों के साथ स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों ने उसका स्वागत किया। यात्रा के आयोजक राघवेंद्र सिंह परमार सहित अन्य युवाओं ने बताया कि महाराणा प्रताप जयंती पर आयोजित शोभायात्रा की सफलता के लिए राजपूत समाज के युवाओं ने परंपरागत शैली में पीले चावल वितरित कर ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के आमजन को आमंत्रित किया। वहीं बाड़ी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा ने बताया कि देश और राजस्थान के वीर शिरोमणि आन-बान और शान के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती पर उन्हें याद किया है। आज देश पाकिस्तान से युद्ध लड़ रहा है। जिसमें युवाओं में जोश भरने के लिए ऐसे आयोजन जरूरी है। देश के लिए युवा हमेशा तैयार हैं। सीमाओं पर जाने का आव्हान हो या देश के अंदर आत्मरक्षा का कोई मामला राजपूत समाज हमेशा देश हित के लिए अपने प्राण न्यौंछावर करने के लिए संकल्पित है। शोभायात्रा के दौरान बाड़ी पंचायत समिति के प्रधान अजय सिंह मलिंगा के साथ बीजेपी के पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश मामा,डॉ अशोक शर्मा,राजेंद्र परमार,भूरा परमार, गौरव परमार, ब्राह्मण समाज के शिवकुमार खेमरिया, बॉबी परमार सहित दर्जनों की संख्या में युवा मौजूद रहे।

**एक दर्जन से अधिक गांवों के राजपूत युवा हुए शामिल :** शोभायात्रा के संयोजक राघवेंद्र सिंह परमार ने बताया कि शोभायात्रा के दौरान बाड़ी उपखंड से जुड़े गांव सनौंरा, तोड़पुरा, फूले का पुरा, धन्नु का पुरा, आंगई, मोरीपुरा,जोरगढ़ी, पिपरेट, बहादुरपुर सहित एक दर्जन से अधिक गांव के युवा शोभायात्रा में शामिल हुए और महाराणा प्रताप और भारत माता के गगन भेदी नारे लगाएं।

# झुंझुनूं में डंपर यूनियन का बड़ा फैसला, आंदोलन को किया सांकेतिक

**झुंझुनूं।** अपनी तीन सूत्री मांगों को लेकर पिछले 11 दिन से डीटीओ कार्यालय के सामने धरने पर बैठे डंपर यूनियन ने शुक्रवार को धरने के 12वें दिन बड़ा फैसला लेते हुए अपने आंदोलन को सांकेतिक रूप से आगे बढाने का निर्णय लिया है। डंपर यूनियन के अध्यक्ष डॉ. सत्यप्रकाश व प्रवक्ता विकास पायल ने बताया कि देश में बन रहे हालातों को देखते हुए यूनियन की बैठक धरना स्थल पर हुई। जिसमें निर्णय लिया गया है कि आज देश के हालातों को देखते हुए उन्हें भी देश के अंदर शांति बनाए रखने के लिए और देश के लिए अपनी सेवाएं देनी चाहिए। इसलिए निर्णय लिया गया है कि अब से डीटीओ कार्यालय के सामने सांकेतिक धरना जारी रहेगा। वहीं तीन में से एक मांग पूरी करने पर सरकार का आभार जताया गया। डॉ. सत्यप्रकाश ने बताया कि जयपुर में गुरूवार को हुई वार्ता में कोई नतीजा नहीं आया। लेकिन जनप्रतिनिधियों द्वारा उन्हें आश्वस्त किया गया है कि एक—दो दिन में यूनियन की वार्ता मुख्यमंत्री से करवाई जाएगी। जिसमें कोई समाधान निकलने की उम्मीद है। डॉ. सत्यप्रकाश ने बताया कि जब तक उनके वाहनों की आरसी को बहाल और ई रवन्ना के आधार पर काटे गए चालानों की राशि को पूर्णतया माफ नहीं किया जाता। आंदोलन जारी रहेगा। लेकिन यदि देश को डंपर मालिकों, कर्मचारियों या फिर डंपरों की आवश्यकता होगी। तो हम सब बॉर्डर पर हर लड़ाई में साथ जाने को तैयार है। विदित रहे कि डंपर यूनियन अपनी निलंबित आरसी को बहाल करने, चालानों को माफ करने तथा झुंझुनूं डीटीओ को निलंबित करने की तीन सूत्री मांगों को लेकर 12 दिनों से धरना पर बैठे थे। इनमें से डीटीओ को गुरूवार शाम को निलंबित किया जा चुका है। अभी शेष दो मांगों को लेकर सांकेतिक धरना डीटीओ कार्यालय के सामने जारी रहेगा। यदि देश में सामान्य हालात हो जाएंगे। तो पूरी मजबूती के साथ आंदोलन को आगे बढाया जाएगा। इस मौके पर रोहिताश्व बांगड़वा, महेंद्र धायल, चीकू चिड़ावा, आशु चौधरी, विकास सोटवारा, मुकेश कालेर, विकास धायल, मनीष बांगड़वा, करतार काका, प्रवीण मेचू, राजेश सीथल, रजनीश पीथूसर, कपिल बड़वासी, अमित खरबास, संजय बुगाला, राजेश भाटीवाड़, रामू कालेर, सतपाल महला, सुमेर धायल, विजेंद्र ओला बड़ की ढाणी, पंकज कुमावत आदि मौजूद रहे।

# प्राधिकरण सचिव ने किया जिला कारागृह का निरीक्षण

## ▶ लिया व्यवस्थाओं का जायजा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला न्यायाधीश) पाली वि‘मसिंह भाटी द्वारा शु‘वार को जिला कारागृह पाली का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान 72 बंदी कारागृह में निरूद्ध मिले। सचिव भाटी द्वारा बंदीगण से वार्तालाप कर कारागृह में भोजन, चिकित्सीय सुविधा, पेयजल, सफाई व्यवस्था इत्यादि के संबंध में जानकारी ली गई। कोई भी बंदी निजी अधिवक्ता करने में असमर्थ हो अथवा विधिक सहायता के अभाव में बिना अधिवक्ता के कारागृह में निरूद्ध ना रहे, इसके लिए भाटी ने कारागृह में बंदीगण को निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी। ऐसे बंदी जिनकी जमानत होने के उपरांत भी कारागृह में निरूद्ध हो, इस संबंध में जानकारी ली तथा बंदियों को उनके प्रकरणों की स्थिति के बारे में बताया। चिकित्सा व्यवस्था को लेकर जिला कारागृह पाली पर नियुक्त डॉ. रायमेन जोसेफ द्वारा बताया गया कि सभी बंदी की ओपीडी के समय में स्वास्थ्य जांच की जाती है। इमरजेंसी होने पर बन्दीगण को राजकीय बांगड़ अस्पताल पाली रेफर किया जाता है। निरीक्षण के दौरान जिला कारापाल जोराराम, डॉ. नारायणी चर्म रोग विशेषज्ञ आदि उपस्थित रहे।

# महाराणा प्रताप की जयंती पर निकाली भव्य रैली

## बाइपास सर्किल का नाम महाराणा प्रताप सर्किल किए जाने की मांग

**पिलानी।** वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती पर शुक्रवार को कस्बे में एक रैली का आयोजन किया गया। रैली में बड़ी संख्या में युवा व सर्व समाज के प्रबुद्धजन शामिल हुए। नूतन मार्केट स्थित शार्दूल छात्रावास से शुरू हुई रैली में पगड़ी बांधे जोश से भरे युवा देशभक्ति के नारे लगाते हुए चल रहे थे। रैली के प्रारम्भ होने से पूर्व शार्दूल छात्रावास में महाराणा प्रताप के चित्र पर सर्व समाज



के लोगों ने माल्यार्पण किया। बाद में बस स्टैंड, उत्सव मैदान, पंचवटी, भगत सिंह सर्किल होते हुए रैली लोहारू रोड पर बाईपास सर्किल पर संपन्न हुई। रैली का शहर में जगह-जगह विभिन्न संगठनों और सामाजिक संस्थाओं की ओर से स्वागत किया गया। रैली के समापन पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष हर्षवर्द्धन सिंह शेखावत ने कहा कि महाराणा प्रताप के बारे में कुछ भी कहना सूर्य को दीपक दिखाने जैसा है। जब भी शौर्य, पराक्रम, आत्म सम्मान, स्वाभिमान, दृढ़ प्रतिज्ञा, त्याग, बलिदान और मातृ भूमि के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने की बात आती है तो राष्ट्र नायक महाराणा प्रताप का नाम सर्वप्रथम आता है। उन्होंने कहा कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभक्ति, स्वाभिमान और वीरता की भावना जागृत करना था। रैली के समापन पर महाराणा प्रताप के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर लोहारू रोड पर बाईपास सर्किल का नाम महाराणा प्रताप सर्किल किए जाने की मांग सर्व समाज के प्रतिनिधियों द्वारा की गई।

# देश की विजय प्राप्ति के लिए किया माला जप



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** सनातन धर्म के अजर अमर विष्णु भगवान के अवतार भगवान श्री परशुराम जिन्होंने आतताई राजाओं का अपने फरसे का ग्रास बनाकर उनके अत्याचारों से मुक्ति दिलवाने का काम किया। आज के परिवेश में पाक समर्थित आंतकवाद ने देश के आवाम को गोलियों से भूनने का कायराना कृत्य कर रहा है। देश का वैश्विक विप्र समाज संगठन के देशव्यापी आवाह्न पर सेना की सलामती व देश को विजय प्राप्ति के लिए प्रदोष के शुभ अवसर पर शुभ मुहूर्त में सायं 4:15 बजे से पुरोहितों की बगीची में पंडित प्रदीप शर्मा के आचार्यत्व विप्र फाउंडेशन का सिंदुरी संकल्प अभियान के तहत 11 लाख साधना मंत्र साधकों द्वारा रां रां रां रां परशुहस्ताय नम: 11 करोड़ नाम जाप के अभियान में सामूहिक भगवान परशुराम जी के माला जाप व पाठ कर राष्ट्रीय जय यज्ञ में आहुति देने आयोजन किया गया। इसकी जानकारी देते हुए आयोजकों ने बताया कि सनातन धर्म में जप व तप का विशेष महत्व रहा है। जप व तप के बल पर ही भगवान परशुराम ने आततायियों को मौत के घाट उतारने का काम किया था। इसको लेकर इस सनातन धर्म से ओतप्रोत इस धार्मिक आयोजन में हमारे वीर जांबाजों का हौंसला अफजाई व विजयश्री सुनिश्चित करने को लेकर इस ऐतिहासिक आयोजन का गवाह बने। इस अवसर पर रामगोपाल महमिया, रमाकांत पारीक, पवन पुजारी, सुशील जोशी एडवोकेट, अमृतजोशी जोशी, सुरेंद्र शर्मा, वशिष्ठ शर्मा, राकेश सहल, अनिल जोशी, एडवोकेट नीरज शर्मा, सुरेश तिवारी, सुरेंद्र भीमसरिया आदि ने धार्मिक अनुष्ठान में भाग लिया।

# सड़क पर पड़ी गिट्टी से फिसली बाइक, शादी में जा रहे दो युवक घायल

**बाड़ी।** धौलपुर जिले के बाड़ी सदर थाना क्षेत्र में बीते गुरुवार की देर रात बसेड़ी रोड़ पर सड़क पर पड़ी गिट्टी से फिसलने के चलते दो बाइक सवार युवक घायल हुए हैं। घटना में घायल लोगों को 108 की सेवा से बाड़ी राजकीय सामान्य चिकित्सालय पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को गंभीर अवस्था में जिला चिकित्सालय धौलपुर रेफर किया है। बताया जा रहा है,कि दोनों घायल यूपी के फतेहाबाद निवासी हैं, जो बसेड़ी के सलेमपुर गांव में हो रही एक शादी समारोह में शिरकत करने जा रहे थे। इस दौरान उनकी बाइक धीमरी गांव के पास सड़क पर पड़ी गिट्टी से फिसल गई। चिकित्सालय में एम्बुलेंस से भर्ती कराए यूपी के फतेहाबाद निवासी घायल तलवीर पुत्र टीकम सिंह दिवाकर ने बताया कि वह अपने दोस्त आकाश पुत्र पप्पू कुशवाह के साथ बसेड़ी के सलेमपुर गांव में आयोजित एक शादी-समारोह में शिरकत करने जा रहे थे। इस दौरान उनकी बाइक जैसे ही धीमरी गांव के पास पहुंची। सड़क पर पड़ी गिट्टी से अचानक अनियंत्रित होकर फिसल गई। जिसमें दोनों काफी दूरी तक सड़क पर घिसटते चले गए।

# ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देशवासी अफवाओं से दूर रहकर हमारे सैनिकों का हौंसला अफजाई करें : मेजर जनरल नायर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिलानी।** हमारे देश की सुरक्षा के लिए व पहलगाम में आंतकवादियों द्वारा हमारी बहन, बेटियों के सिंदूर को छीना उसका बदला लेने के लिए हमारे देश के सैनिकों ने आंतकवादियों को पनाह देने वाले हमारे पड़ौसी देश पाकिस्तान के विरूद्ध ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के विरूद्ध जंग छेड़ दी है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हम देशवासियों को किन-किन बातों का ध्यान रखना व भारत सरकार के बताए हुए सुरक्षा बचाव निर्देशों को हमें किस प्रकार धारण करना है। इस विषय को लेकर गुलाब राय स्मृति भवन में पिलानी विचार मंच के तत्वावधान में आयोजित संगोष्ठी में उपस्थित नागरिकों को संगोष्ठी के मुख्य वक्ता बीईटी पिलानी निदेशक मेजर जनरल एसएस नायर ने अपने संबोधन में ऑपरेशन सिंदूर के सुरक्षा के बचाव के लिए कई विशेष महत्वपूर्ण जानकारियां दी तथा अपने सैनिक कार्यकाल के दौरान दी गई सेवाओं की भी जानकारीयां दी। उन्होंने बताया कि उनके सैनिक कार्यकाल में केवल कारगिल युद्ध ही एक बड़ी कार्यवाही हुई। जो इतनी बड़ी कोई कार्यवाही नहीं थी उसमें केवल हमारी सेना की एक छोटी सी टुकड़ी ने ही आंतकवादियों के ठिकानों को नष्ट कर दिया था। उन्होंने कहा कि इस संकट की घड़ी में हम देशवासियों को किसी भी प्रकार से घबराने की जरूरत नहीं है। हमारे देश की तीनों सेना थल, वायु सेना व नौसेना के सैनिक बहुत शक्तिशाली व मजबूत है। हमारी सेना के पास अत्याधुनिक हथियार व अन्य सुरक्षा के संसाधन उपलब्ध है। हमें हमारी सेवा का इस दौरान अफवाओं से दूर रहकर हमारे सैनिकों का हौंसला अफजाई करना है। हमें इस दौरान सोशल मीडिया व अन्य इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से पड़ौसी देश पाकिस्तान द्वारा हम देशवासियों को गलत सूचनाएं देकर भ्रमित कर सकते हैं।

# मंत्री कुमावत ने चार आयुष्मान आरोग्य मंदिर का किया उदघाटन




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने शुक्रवार को सुमेरपुर में चार आयुष्मान आरोग्य मंदिर हॉस्पिटल का उदघाटन किया। बाणमाता आरोग्य केंद्र में फीता काटकर शुभारंभ किया। मंत्री ने कहा कि ये केंद्र बाणमाता क्षेत्र, आदर्श कॉलोनी, हाउसिंग बोर्ड और जाखामाता मंदिर क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए खोले गए हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में मानव सेवा को परम धर्म माना गया है। सेवा का अवसर मिले तो उसे सकारात्मक रूप से स्वीकार करना चाहिए। इससे जीवन का परम सत्य प्राप्त हो सकता है। मंत्री ने सभी स्वास्थ्यकर्मियों से सेवा भाव से काम करने की अपील की। सभी लोग राष्ट्रहित में प्रशासन की एडवाइजरी का पालन करें। ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. गोविंदसिंह चुंडावत ने आभार ज्ञापित किया। नगरीय कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्रकुमार, ब्लॉक कार्य‘म अधिकारी प्रमोदगिरी, नर्सिंग ऑफिसर अशोक माली, हरीशकुमार, हेमंतकुमार, पूजाकुमारी, हिनाकुमारी, सलीमखान, लादेश, संदीपकुमार, तरुणकुमार सहित चिकित्सा विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मुझ कान्तीलाल मोहनलाल परिहारीया पुत्र मोहनलालजी, जाति-घांची, निवासी-फेरली का बास, देसूरी, तहसील-देसूरी, जिला-पाली (राज0) (आधार नम्बर-9391 9458 0650) का मेरा वास्तविक एवं सही नाम कान्तीलाल मोहनलाल परिहारीया पुत्र मोहनलालजी है तथा मेरे आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेज में मेरा नाम कान्तीलाल मोहनलाल घांची पुत्र मोहनलाल दर्ज है, कान्तीलाल मोहनलाल परिहारीया पुत्र मोहनलाल तथा कान्तीलाल मोहनलाल घांची पुत्र मोहनलाल उक्त दोनो नाम मेरे ही है तथा उक्त दोनो नामो का मैं एक ही व्यक्ति हु अलग-अलग व्यक्ति नही है तथा मैं उक्त दोनो नामो से जाना व पहचाना जा रहा हूँ। तथा भविष्य में इन नामो को लेकर कोई विवाद होता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी मेरी होगी।

पृष्ठ 1 का शेष....

### अपनी आवाम को ढाल बना रहा...

इससे पहले 7 और 8 मई को भी सरकार की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी गई थी।

**कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा:** 8 व 9 मई की मध्य रात्रि को पाकिस्तानी सेना ने सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने के इरादे से कई बार हमला किया। अंतरराष्ट्रीय सीमा पर 36 स्थानों पर घुसपैठ का प्रयास किया गया। करीब 300-400 ड्रोन का इस्तेमाल किया। इनका मकसद खुफिया और वायु रक्षा प्रणालियों की जानकारी लेना था। शुरुआती जांच में यह सामने आया कि तुर्किये के ड्रोन थे। इनकी जांच की जा रही है। भारतीय सेनाओं ने इन्हें नष्ट कर दिया। एक यूएवी भी मूवमेंट कर रही थी, जिसे निष्ि‘य कर दिया गया। पाकिस्तान ने एलओसी पर भारी फायरिंग की, इसमें कुछ जवान घायल हुए। 7 मई 2025 को रात साढ़े आठ बजे मिसाइल और ड्रोन हमला किया और उस दौरान अपना एयर स्पेस बंद नहीं किया। नागरिकों का इस्तेमाल ढाल के लिए किया। पंजाब सेक्टर में हाई एयर डिफेंस अलर्ट के दौरान हमारा एयरस्पेस नागरिक उडानों के लिए बंद है, लेकिन पाकिस्तान के इलाके में नागरिक उड़ान चल रही थी। पाकिस्तान का नागरिक विमान दमम से उड़ान भरकर लाहौर तक गया। भारतीय वायुसेना ने अपनी प्रति‘या में संयम दिखाया और अंतरराष्ट्रीय नागरिक विमान सेवा की सुरक्षा तय की। पाकिस्तान की यूएवी ने भठिंडा आर्मी स्टेशन टारगेट करने की कोशिश की थी, जिसे गिरा दिया गया था। **विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा दुनिया को भ्रमित करने की कोशिश कर रहा पाक:** विक्रम मिसरी ने बताया कि कल रात की पाकिस्तानी सेना की कायरतापूर्ण गतिविधियों से आपको अवगत करा दिया गया है। ये उकसाने वाली कार्रवाई थी, उन्होंने भारतीय शहरों और सिविलियन इन्फ्रास्ट्रर और कुछ मिलिट्री ठिकाने को टारगेट किया। भारतीय सैन्य इकाइयों ने इनका उत्तर दिया। पाकिस्तान दावा करता है कि उन्होंने किसी धार्मिक स्थान पर हमला नहीं किया। उन्होंने पुंछ में गुरुद्वारे पर हमला किया। इन हमलों की जिम्मेदारी लेने की बजाय, पाकिस्तान कह रहा है कि भारतीय आर्मी ऐसा कर रही है। पाकिस्तान अपनी हरकतों और आ‘मणों को मानने से इनकार कर रहा है और दुनिया को भ्रमित करने की कोशिश कर रहा है। पाकिस्तान कह रहा है कि हमने ननकाना साहिब पर ड्रोन हमला किया है। पाकिस्तान कोशिश कर रहा है कि धार्मिक रंग इस मामले को दिया जा सके। पहलगाम हमले में ही यही दिखाई दिया है। गुरुद्वारा पर हमले में कुछ सिख मेंबर्स की मौत भी हुई है। पाकिस्तान कह रहा है कि हम अपने ही शहरों पर हमला कर रहे हैं, यह सिर्फ कल्पना है। वि‘म मिसरी ने कहा, पाकिस्तान द्वारा गुरूवार रात की गई ये भड़काऊ और आ‘मक कार्रवाइयां भारतीय शहरों और नागरिक बुनियादी ढांचे के अलावा सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर की गई। भारतीय सशस्त्र बलों ने आनुपातिक, पर्याप्त और जिम्मेदारी से जवाब दिया... पाकिस्तान द्वारा किए गए इन हमलों का पाकिस्तानी राज्य मशीनरी द्वारा आधिकारिक और स्पष्ट रूप से हास्यास्पद खंडन उनके कपट और नई गहराई का एक और उदाहरण है, जिस तक वे पहुंच रहे हैं। **नियंत्रण रेखा पर भारी कैलिबर के हथियारों से भी गोलीबारी की: कर्नल सोफिया कुरैशी:** कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया कि 7 और 8 मई की रात को पाकिस्तानी सेना ने सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने के इरादे से पूरी पश्चिमी सीमा पर कई बार भारतीय हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया। भारतीय सशस्त्र बलों ने गतिज और गैर-गतिज साधनों का उपयोग करके इनमें से कई ड्रोन को मार गिराया। इस मीडिया ब्रीफ में पाकिस्तान कथित दावों की पोल खोली गई जैसे मिस्त्री ने कहा कि उकसावा भारत की तरफ से नहीं हो रहा। यह तो पहलगाम के हमले के साथ शुरू हुआ था। उस उकसावे का जवाब भारत ने टीआरएफः उन्होंने कहा कि दिलचस्प बात यह है कि संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा समिति में जब पहलगाम हमले को लेकर प्रेस वक्तव्य जारी करने की बात हो रही थी तो आप सोचिए कि किस देश ने टीआरएफ के उल्लेख का विरोध किया था? पाकिस्तान ने दो बार इसे रोकने की कोशिश की। भारत का जवाब सटीक है, संतुलित है, केंद्रित है और बिना उकसावे वाला है। हम सिर्फ उकसावे का जवाब दे रहे हैं। हमने पाकिस्तान के सैन्य स्थानों को निशाना नहीं बनाया, सिर्फ आतंकी ढांचे को निशाना बनाया है। पाकिस्तान का विदेश सचिव ने कहा कि पाकिस्तान आतंकियों को पनाह देने की बात से अपना पल्ला झाड़ने की कोशिश कर रहा है, लेकिन पाकिस्तान की छवि पहले से ही वैश्विक आतंकियों को पनाह देने की रही है। यह बताने की जरूरत नहीं है कि ओसामा बिन लादेन कहां पाया गया था और किसने उसे शहीद बता दिया था? पाकिस्तान लगातार अंतरराष्ट्रीय समुदाय को गुमराह करता रहा कि साजिद मीर मारा गया, जबकि बाद में वह उसी मुल्क में जिंदा पाया गया। पाकिस्तान में संयुक्त राष्ट्र और अन्य देशों द्वारा प्रतिबंधित कई आतंकी मौजूद हैं। इनमें मसूद अजहर और हाफिज सईद जैसे आतंकी शामिल हैं। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री और पूर्व विदेश मंत्री ने इस बात को माना है कि पाकिस्तान का ऐसे समूहों के साथ रिश्ता रहा है। क्या बड़े आतंकी मारे गए? क्या मसूद अजहर का परिवार और कई बड़े मास्टरमाइंड मिसाइल हमलों में मारे गए ? इस सवाल पर विदेश सचिव मिस्त्री ने कहा कि अभी बहुत सारी जानकारी टीवी, न्यूज मीडिया, सोशल मीडिया पर है, लेकिन अभी ऑपरेशन बीते 36 ही घंटे हुए हैं। सब्र रखें। सारी जानकारी सामने आएगी, तब आपसे साझा की जाएगी।

### पीएम मोदी की दिग्गजों संग...

पाकिस्तान को चौतरफा घेरने की रणनीतिः भारत ने पाकिस्तान को सैन्य, कूटनीतिक और आर्थिक मोर्चों पर घेरने की रणनीति अपनाई है। सैन्य स्तर पर, ऑपरेशन सिंदूर में जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के ठिकानों को तबाह किया गया, जिसमें 100 से अधिक आतंकी मारे गए। कूटनीतिक स्तर पर, भारत ने यूएनएससी और अन्य देशों के साथ मिलकर पाकिस्तान को आतंकवाद के मुद्दे पर अलग थलग किया। आर्थिक रूप से, सिंधु जल समझौते को निलंबित कर और पाकिस्तान से आयात पर रोक लगाकर भारत ने दबाव बढ़ाया है।

## सुविचार

"इतिहास लिखने के लिए कलम नहीं, हौसलों की जरूरत होती है।"

- अज्ञात

# जागरूक संपादकीय

## नापाक मंसूबे ध्वस्त

'ऑपरेशन सिंदूर' से बौखलाए पाकिस्तान ने गुरुवार रात भारत के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की। भारतीय सेनाओं ने अपने शक्तिशाली सुरक्षा कवचों से सभी नापाक मंसूबों को ढेर कर दिया। लड़ाकू विमानों, ड्रोन, रॉकेट व मिसाइलों के जरिए पाकिस्तान ने जम्मू, पठानकोट, फिरोजपुर, कपूरथला, जालंधर व जैसलमेर के सैन्य ठिकानों और आयुध केंद्रों पर हमला किया। पाकिस्तान के दुस्साहस का मुंहतोड़ जवाब देते हुए भारत ने पड़ोसी देश के लाहौर, इस्लामाबाद, पेशावर व सियालकोट समेत सात शहरों पर एक साथ हमले किए। थल व वायुसेना के बाद नौसेना भी इसमें जुड़ गई। इससे पहले भारतीय वायुसेना ने वायु रक्षा प्रणाली 'एस-400 सुदर्शन चक्र मिसाइल सिस्टम' से निशाना बनाया। एस-400 से सफलतापूर्वक सभी टारगेट्स को तबाह कर दिया गया। भारतीय सेना ने जवाबी कार्रवाई करते हुए हार्पी ड्रोन्स से पाकिस्तान के वायु सुरक्षा प्रणाली को निशाना बनाया और लाहौर स्थित रडार सिस्टम को तबाह कर दिया। एस-400 वायु रक्षा प्रणाली उपकरणों का एक नेटवर्क है, जिसे हवाई खतरों से निपटने के लिए किसी विशिष्ट क्षेत्र में तैनात किया जाता है। यह दुश्मन के लड़ाकू विमानों, मिसाइलों और ड्रोन को हवा में ही निशाना बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम को भारतीय वायुसेना के सबसे ताकतवर हथियारों में से एक माना जाता है। एस-400 मिसाइल सिस्टम को चीन और पाकिस्तान के खतरे को ध्यान में रखकर तैनात किया गया है। हार्पी या हारोप ड्रोन इस्राइल द्वारा निर्मित मानवरहित हवाई वाहन (यूएवी) है, जिसे इस्राइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज ने विकसित किया है। यह एक लॉइटरिंग म्युनिशन है। जिसे मुख्य रूप से दुश्मन के रडार सिस्टम और हवाई रक्षा प्रणालियों को नष्ट करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह ड्रोन निगरानी और सटीक हमले दोनों में सक्षम है, जो इसे सैन्य अभियानों में एक प्रभावी हथियार बनाता है। हार्पी ड्रोन का फायर एंड फॉरगेट मिसाइल भी कहा जाता है। क्योंकि हमले के बाद ये ड्रोन नष्ट हो जाता है। भारत ने इन्हें 2000 में इस्राइल से खरीदा था। स्कैल्प, जिसे स्टॉर्म शैडो के नाम से भी जाना जाता है। एक एयर-लॉन्च क्रूज मिसाइल है, जिसे लंबी दूरी के घातक हमलों के लिए डिजाइन किया गया है। जो बात इसे दुनिया भर के रक्षा बलों की पसंदीदा बनाती है, वह यह है कि यह रात में और सभी मौसम में संचालित हो सकती है। 450 किलोमीटर की रेंज होने के कारण स्कैल्प मिसाइल की सटीकता की वजह उन्नत नेविगेशन प्रणाली है, जो जीपीएस (ग्राउंड पोजिशनिंग सिस्टम) और आईएनएस (इनर्शियल नेविगेशन सिस्टम) का उपयोग करती है। एक यूरोपीय संघ एमबीडीए द्वारा निर्मित यह मिसाइल कठोर बंकरों को भेदने का आदर्श हथियार है।

## हर मोर्चे पर पिटता

# मेंटल डायबिटीज का शिकार पाकिस्तान



मनोज वार्ष्णेय

आजादी के बाद से ही पाकिस्तान भारत के खिलाफ झगड़े तथा आतंक की बिसात बिछाता रहा है। आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक, सामरिक और विकास जैसे मोर्चे पर वह दूसरे देशों से मदद लेकर भारत के खिलाफ आतंकवाद को पालता है। खुद के विकास के लिए दूसरे देशों के सामने गिड़गिड़ाकर और दयनीय बनकर जो रकम लाता है, उस रकम को वह विकास में न लगाकर आतंकियों को सुरक्षित करने तथा उन्हें दूसरे देशों में, खासकर भारत में जाकर इंसानियत का कत्ल करने के लिए फंडिंग करता है। लेकिन मेंटल डायबिटीज का शिकार पाकिस्तान हर मोर्चे पर भारत से पिटता रहा है। भारत ही क्यों, उन देशों से भी उसे शर्मसार होना पड़ता है जो उसे गाहे-बगाहे आर्थिक-सामरिक मदद देते हैं। मेंटल डायबिटीज सुनने में भले ही अटपटा लगे लेकिन जिस तरह से पाकिस्तान के नेताओं का मानसिक दिवाला निकल हुआ नजर आता है, उससे साफ पता चलता है कि जिस तरह से मधुमेह का शिकार व्यक्ति शारीरिक रूप से खोखला हो चुका होता है, ठीक वैसे ही अब पाकिस्तान खोखला हो चुका है। किसी भी देश के विकसित होने के लिए चार बातें महत्वपूर्ण होती हैं।

पहली वह आर्थिक रूप से मजबूत हो, दूसरा उसके पास इतनी सैन्य ताकत हो कि वह अपने देश-जनता की दूसरे देशों से रक्षा कर सके, तीसरी यह कि उसका सामाजिक इतना रूतबा हो कि कोई भी देश उसका महत्व कम न कर सके तथा चौथी बात और सबसे बड़ी बात यह कि उसके नागरिक उसके लिए अपनी जान न्योछावर करने में कतई न झिझकें। गत वर्षों के इतिहास को नजरअंदाज करके सिर्फ इस वर्ष यानि 2025 को ही देख लें तो स्पष्ट हो जाता है कि पाकिस्तान हर कहीं पिट रहा है। पाकिस्तान की माली हालत इतनी खराब है कि वह अपने देश के लोगों को अपने देश में ही पनप रहे आतंकवाद से राहत नहीं दिलवा पा रहा। बलूचिस्तान में जब-तब पाकिस्तानी सेना पिटती रहती है। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के दस्ते उसकी सेना को काफिलों को बम आदि के जरिए उड़ा देते हैं और कई बार तो हालात इतने खराब हो जाते हैं कि पूरी ताकत के बाद भी वह अपनी सेना की मदद नहीं कर पाता। इसी साल मार्च में बलूच विद्रोहियों ने जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को हाईजैक कर लिया था और आतंकवादियों के दम पर कूदने वाली पाक सेना उस रेल को लगभग दो दिन में छुड़ा पाई थी। अफगानिस्तान के तालिबानी नेताओं ने भी इसी तरह से उसके साथ बर्ताव किया है। भारत में आतंकवादियों के माध्यम से मासूम नागरिकों की, विशेषकर महिलाओं के सामने उनके पति की हत्या के बाद से तालिबानी भी नाराज हैं। वह खुद कह रहे हैं कि पश्तूनों को इस मामले में नहीं पड़ना चाहिए। आर्थिक मोर्चे पर तो उसकी हालत इतनी खराब है कि वह अपनी जनता को पानी तक मुहैय्या करवाने में असमर्थ है। दरअसल वह जो भी आर्थिक मदद दूसरे देशों, मददगार संगठनों आदि से लेता है, उसका एक बड़ा भाग भारत के खिलाफ आतंकवाद को समर्थन देने में करता है। उसकी सेना की जितनी भी अवैध गतिविधियां भारत के खिलाफ होती हैं, उसमें भी वह बड़ी धनराशि खर्च कर देता है। अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि भारत में जैसे ही उसके पाले हुए



इमेज

आतंकियों ने सामूहिक हत्या को अंजाम दिया, पाकिस्तान इतना डर गया कि उसने अपनी सेना को देश सुरक्षा के लिए लगा दिया। अनुमान है कि हर रोज वह कम से कम पांच सौ करोड़ तो इस सुरक्षा पर खर्च कर ही रहा है। यदि वह आतंक को पालता नहीं तो यह धन उसके विकास में काम आता। इस पर भारत ने उन सभी मददगार संस्थाओं से अपील की है कि वह पाकिस्तान को आर्थिक मदद न दें, क्योंकि वह जो मदद देते हैं वह पाकिस्तान, भारत की मासूम जनता को आतंकित करने में खर्च करता है। खुद अमेरिका या उसके जैसे दूसरे देश भी अब समझ रहे हैं कि पाकिस्तान किस तरह से उसे मिल रही मदद को गलत काम में खर्च कर रहा है। पाकिस्तान की सबसे बड़ी चोट है उसका सामाजिक असम्मान। चीन, तुर्किए और एक दो देशों के अतिरिक्त उसके पक्ष में कोई खड़ा नजर नहीं आ रहा है। भारत के ऑपरेशन सिंदूर ने उसके देश में आतंक के चेहरों को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया और पाकिस्तान सिर्फ बिलबिलाकर रह गया। उसे उम्मीद थी कि भारत के इस ऑपरेशन की उसके मददगार दोस्त राष्ट्र निंदा करेंगे, लेकिन सभी ने भारत को न सिर्फ सराहा बल्कि यह कहा कि उसे अपनी रक्षा को पूरा अधिकार है। यूं भी इस्लामिक आतंक से दुनिया के अधिसंख्या राष्ट्र पीड़ित हैं। इस तरह से पाकिस्तान को जहां से मदद की उम्मीद थी, वहां से उसे असम्मान ही मिल रहा है। किसी भी देश के लिए यह शर्मनाक ही होगा कि उसको विश्व के दूसरे देश असम्मान के भाव से देखें। जरा याद कीजिए कि उसने किस तरह से क्रिकेट के विश्व कप आयोजन के दौरान नखरे दिखाए थे और बाद में उसकी कितनी बेइज्जती हुई थी। यहां पर भी भारत का पलड़ा ऊंचा ही रहा था। सैन्य अथवा सामरिक क्षेत्र में तो उसकी हालत बांग्लादेश जैसी है। भारत ने पाकिस्तान को तीन बार उसके घर में ही जाकर धूल चटा दी और वह अरबों डालर के उधार से प्राप्त सैन्य सामग्री से अपनी रक्षा नहीं कर सका। कारण यह रहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सैन्य अभियान के लिए सेना को पूरी छूट दी तथा देश की जनता ने भी अपनी सेना का मनोबल बढ़ाने के लिए हर प्रकार से सहयोग किया। इसके विपरीत पाकिस्तान के हुकमरान सेना के इशारे पर नाचते रहे। इससे बड़ी शर्म और दुखद बात कोई नहीं हो सकती कि किसी भी देश का नागरिक युद्ध या युद्ध जैसी परिस्थिति में अपने देश की मदद के स्थान पर दूसरे देश भाग जाने की बात कहें। यह बात सभी जानते हैं कि पाकिस्तान की मस्जिदों से मौलानाओं/आम जनता ने खुलकर यह बात कही थी कि वह भारत का साथ देंगे या भारत भाग जाएंगे। बात सीधी सी है कि इस तरह की बातें वही करते हैं, जो खुद को अपने घर में सुरक्षित महसूस नहीं करते और पाकिस्तान की सेना की हालात तो वहां का हर नागरिक जानता है। आखिर पाकिस्तान हर मोर्चे पर पिट क्यों रहा है? इसका एक सीधा सा उत्तर यह भी है कि वह सिर्फ भारत के खिलाफ ही सारे काम कर रहा है। उसका ध्यान, धन, सैन्य ताकत सिर्फ इस बात के लिए उपयोग हो रही है कि किस तरह से भारत को आतंकित रखा जाए। जबकि भारत अपने देश के नागरिकों के विकास के साथ ही कूटनीतिक,सामरिक क्षेत्र में तो जबरदस्त तरीके से काम कर ही रहा है। पाकिस्तान जहां तक सोच ही नहीं पाता,वहां से आगे भारत कार्यों को अंजाम दे चुका होता है। पाकिस्तान में जा रहा भारत का पानी रोकना हो या फिर उसकी एनर्जी को डराकर ही खर्च करा देना कम नहीं होता। अब पाकिस्तान भले ही यह सोच-सोचकर परेशान हो कि भारत का अगला कदम क्या होगा?

## पंचांग

शनिवार, 10 मई 2025

- विक्रम संवत् - 2082
- शक संवत् - 1947
- ऋतु - ग्रीष्म
- माह - वैशाख
- पक्ष - शुक्ल
- तिथि - त्रयोदशी 17.31 तक
- वार - शनिवार
- नक्षत्र - चित्रा 27.16 तक
- योग - सिद्धि 28.01 तक
- करण - तैतिल 17.31 तक
- सूर्योदय - 06.08 (मुंबई)
- सूर्यास्त - 07.01 (मुंबई)
- सूर्योदय - 05.59 (भीनमाल)
- सूर्यास्त - 07.15 (भीनमाल)
- चंद्र राशि - कन्या 13.43 तक
- अभिजित् मुहूर्त - 12.09 से 13.00
- राहु काल - 09.20 से 10.57
- व्रत, त्यौहार - रवियोग 27.16 तक, सिद्धियोग व स्थिरयोग 27.16 से सूर्योदय
- दिशा शूल - पूर्व

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



## वास्तु टिप्स

### प्रदोष व्रत के दिन खास स्तोत्र के पाठ से मिलेगा हजारों गुना लाभ

हिंदू कैलेंडर के अनुसार प्रदोष व्रत भगवान शिव को समर्पित होता है। साल में आने वाले कृष्ण पक्ष और शुक्ल पक्ष में कुल 24 प्रदोष व्रत का आगमन मानव कल्याण के लिए होता है। प्रदोष व्रत के दिन भगवान शिव की पूजा-पाठ, आराधना, स्तोत्र आदि का पाठ करने पर साधकों को कई चमत्कारी लाभ मिलते हैं। शास्त्रों के अनुसार, प्रदोष व्रत के दिन यदि श्रद्धा और भक्तिभाव से पवित्र मन और हृदय से भोलेनाथ के रुद्राष्टक, पशुपत्येष्टक, शिव महिम्न, शिव तांडव आदि स्तोत्र का पाठ किया जाए, तो हजारों गुना लाभ प्राप्त होता है। प्रदोष व्रत के दिन प्रदोष काल में ही भगवान शिव की आराधना करने का विधान होता है लेकिन भगवान शिव के कुछ स्तोत्र ऐसे भी हैं, जिनका ब्रह्म मुहूर्त, दोपहर और प्रदोष काल के समय पाठ करने पर कई गुना लाभ मिलता है। प्रदोष व्रत के दिन स्तोत्र का पाठ करने की ज्यादा जानकारी देते हुए हरिद्वार के विद्वान पंडित बताते हैं कि प्रदोष व्रत त्रयोदशी तिथि में करने का विधान होता है। इस दिन भगवान शिव की आराधना करने पर संपूर्ण लाभ प्राप्त होता है। प्रदोष व्रत के दिन हजारों गुना लाभ प्राप्त करने के लिए चारों वेदों के ज्ञाता राजा रावण द्वारा रचित शिव तांडव स्तोत्र का पाठ प्रदोष व्रत के दिन करने पर सबसे अधिक लाभ की प्राप्ति होती है। इस साल ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष का प्रदोष व्रत 24 मई को विधि विधान से करने और तीन समय शिव तांडव स्तोत्र का पाठ करने पर विद्या, धन, बल, ज्ञान आदि सुखों की प्राप्ति मिलने की धार्मिक मान्यता है।

**'ॐ नमः शिवाय' का मन ही मन करें जाप**

वह आगे बताते हैं कि ब्रह्म मुहूर्त में उठकर दैनिक नित्यकर्म व स्नान आदि के बाद शिवलिंग का गंगाजल, दूध, शहद, दही, तिल आदि से अभिषेक और पूजा-पाठ करने पर व्रत का संकल्प करें. पूरे दिन व्रत रखकर भगवान शिव के मंत्र 'ॐ नमः शिवाय' का मन ही मन जाप करते रहें।

## तारीख विशेष

### शिवकुमार शर्मा

शिवकुमार शर्मा भारत के प्रसिद्ध संतूर वादक थे। आज संतूर की लोकप्रियता का सर्वाधिक श्रेय शिवकुमार शर्मा को ही जाता है। उन्होंने संतूर को भारतीय शास्त्रीय संगीत के अनुकूल बनाने के लिए इसमें कुछ परिवर्तन भी किये थे। शिवकुमार शर्मा ने अपने पिता उमादत्त शर्मा से शिक्षा प्राप्त करके संतूर वादन की 'तकनीक और टोन' को उन्नत बनाया और अपने चिंतन तथा प्रयोगों से इस कश्मीरी लोक वाद्य को व्यापकता प्रदान की थी, जिससे यह शास्त्रीय संगीत रागदारी की सर्वांगीण प्रस्तुति में पूर्णतः सक्षम वाद्य बन गया। शिवकुमार शर्मा को ध्रुपद, ख्याल तथा ठुमरी आदि की शिक्षा भी मिली थी। शिवकुमार शर्मा का जन्म 13 जनवरी 1938 को जम्मू में हुआ था। उनकी माताजी श्रीमती उमा दत्त शर्मा स्वयं एक शास्त्रीय गायिका थीं जो बनारस घराने से संबंध रखती थीं। 4 वर्ष की अल्पायु से ही शिवकुमार शर्मा ने अपने पिता से गायन व तबला वादन सीखना प्रारंभ कर दिया था। शिवकुमार शर्मा ने एक बार बताया था कि उनकी मां का यह सपना था कि वे भारतीय शास्त्रीय संगीत को संतूर पर बजाने वाले प्रथम संगीतज्ञ बनें। इस प्रकार उन्होंने 13 वर्ष की आयु में संतूर सीखना शुरू कर दिया तथा अपनी मां का सपना पूरा किया। शिवकुमार शर्मा ने अपनी प्रथम सार्वजनिक प्रस्तुति मुंबई में वर्ष 1955 में दी। शिवकुमार शर्मा ने फासले, सिलसिला, लम्हे, चांदनी, डर आदि हिन्दी फ़िल्मों में प्रसिद्ध संगीत दिया है। शिवकुमार शर्मा को कई राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। सन 1985 में उन्हें अमरीका के बोल्टिमोर शहर की सम्माननीय नागरिकता प्रदान की गई। सन 1986 में शिवकुमार शर्मा को 'संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। सन 1991 में उन्हें 'पद्मश्री पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। सन 2001 में उन्हें 'पद्म विभूषण पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। शिवकुमार शर्मा ने अपने पुत्र राहुल शर्मा को अपना शिष्य बनाया और संतूर-वादन में पारंगत किया। शिवकुमार शर्मा ने अपने अनोखे संतूर वादन की कला अपने सुपुत्र राहुल को प्रदान की। पिता-पुत्र की यह जोड़ी वर्ष 1996 से साथ-साथ संतूर-वादन में जुगलबंदी करने लगे थे। शिवकुमार शर्मा संतूर के महारथी होने के साथ साथ एक अच्छे गायक भी थे। एकमात्र उन्हें संतूर को लोकप्रिय शास्त्रीय वाद्य बनाने में पूरा श्रेय जाता है। उन्होंने संगीत साधना आरंभ करते समय कभी संतूर के विषय में सोचा भी नहीं था, इनके पिता ने ही निश्चय किया कि ये संतूर बजाया करें। इनका प्रथम एकल एल्बम 1960 में आया था। 1965 में उन्होंने निर्देशक वी. शांताराम की नृत्य-संगीत के लिए प्रसिद्ध हिन्दी फिल्म 'झनक झनक पायल बाजे' का संगीत दिया था। सन 1967 में शिवकुमार शर्मा ने प्रसिद्ध बांसुरी वादक पंडित हरिप्रसाद चौरसिया और पंडित बृजभूषण काबरा की संगत से एल्बम 'कॉल ऑफ द वैली' बनाया, जो शास्त्रीय संगीत में बहुत ऊंचे स्थान पर गिना जाता है। उन्होंने पं. हरिप्रसाद चौरसिया के साथ कई हिन्दी फिल्मों में संगीत दिया। पंडित शिवकुमार शर्मा का निधन 10 मई, 2022 को हो गया।

## विशेष : 10 मई 1857 प्रथम स्वतंत्रता संग्राम

# 1857 की क्रांति और राजस्थान

यह अत्यंत विचारणीय प्रश्न है कि कोई मसाले बेचने वाली कंपनी (ईस्ट इंडिया कंपनी) किस प्रकार एक अनजान राष्ट्र में जाकर उस समूचे राष्ट्र पर आधिपत्य कर सकती है। अंग्रेजों ने भारत में व्यापार के छद्म उद्देश्य से प्रवेश किया था। इस हेतु उन्होंने भारत में ''ईस्ट इंडिया कंपनी'' की स्थापना की। धीरे-धीरे अंग्रेजों ने अपनी कूटनीतिपूर्ण राजनीति एवं सैन्य शक्ति का उपयोग करके भारत के विभिन्न छोटे-बडे क्षेत्रों पर अधिकार करना प्रारम्भ कर दिया। आखिरकार, 1757 के प्लासी युद्ध में, सिराजुद्दौला को हराने के बाद भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी का शासन प्रारंभ हो गया। इस समय अनेक रियासतें एवं राज्य मुगलों एवं स्थानीय राजाओं के अधीन थे। ईस्ट इंडिया कंपनी राजपूताना (तत्कालीन राजस्थान) पर भी अपना नियंत्रण करना चाहती थी क्योंकि राजस्थान का स्वर्णिम वैभव हमेशा ही अंग्रेजों को लालायित करता था। इस हेतु ईस्ट इंडिया कंपनी ने गवर्नर जनरल सर चार्ल्स मेटकॉफ के नेतृत्व में राजपूताना के विभिन्न राज्यों के साथ सन्धियां की, जिसकी शर्तों में रियासतों की बाह्य सुरक्षा करने के बदले रियासतों से खिराज (कर) लेना, रियासतों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना व रियासतों में अपने प्रतिनिधि (पॉलिटीकल एजेंट) की नियुक्ति करना आदि शामिल थे। उक्त सन्धियों के परिणाम स्वरूप अंग्रेज राजाओं से खिराज और सैन्य साधन पाकर मजबूत होते चले गए, जबकि नियमित कर देने से शासकों की आर्थिक स्थिति कमजोर होती गई। ब्रिटिश प्रतिनिधि धीरे-धीरे तानाशाह बन गए और राजाओं पर बलात् खिराज के अलावा भी अन्य कई कर थोप दिए गए। जो घूम फिर कर जनता को ही चुकाने होते थे। 1857 तक आते-आते राजपूताने में अपना वर्चस्व एवं नियंत्रण स्थापित करने के लिए ईस्ट इंडिया कंपनी ने राजपूताने में 6 छावनियां नसीराबाद, ब्यावर, खैरवाड़ा, एरिनपुरा, नीमच व देवली में बना दी। ईस्ट इंडिया कंपनी ने कुटीर उद्योग समाप्त कर दिए, नमक एवं अफीम उत्पादन पर रोक लगा दी तथा मनमाने ढंग से जनता से कर वसूलने लगे। कर न देने पर राजाओं से राज्य व जनता से उनकी जमीन व संपत्ति हड़पने लगे। राजाओं का उत्तराधिकार समाप्त कर दिया। जब इतने से भी अंग्रेजों का मन नहीं भरा तो उन्होंने राजस्थान की संस्कृति और परंपराओं को बदलना प्रारंभ किया। वे हमारे धर्मग्रंथों की और रीति-रिवाजों की आलोचना करते थे, वरन् ईसाई न केवल पादरियों को जन-साधारण के बीच भेजकर ईसाई उन्हें बरगला कर या कर माफी का हवाला देकर धर्मांतरण करने लगे। अंग्रेजों की सामाजिक एवं सामान्य जीवन में हस्तक्षेप नीति ने जनता में असंतोष उत्पन्न कर दिया। अतः उक्त गतिविधियों के चलते राजपूताने में क्रांति अवश्यम्भावी हो गई

जिसका सूत्रपात नसीराबाद से हुआ। 28 मई 1857 को राजस्थान में क्रांति का आगाज़ हुआ। क्रांतिकारियों ने तोपखाने पर अधिकार कर लिया तथा मेजर स्पोटिस बुड व कर्नल न्यू बारी की हत्या कर दी। अन्य अधिकारी ब्यावर भाग गए। इस दौरान चर्च व अधिकारियों के बंगले के जला दिए गए व खजाने लूट लिए गए। सभी क्रांतिकारियों ने दिल्ली जाने की योजना बनाई ताकि वे मुगल बादशाह बहादुर शाह जफर को क्रांति का नेतृत्व करने के लिए आग्रह कर सकें। नसीराबाद क्रांति की सूचना 1 जून को नीमच पहुंची। अतः विलंब न करते हुए कर्नल एबॉट ने हिन्दू सैनिकों से भगवद्गीता तथा मुस्लिम सैनिकों से कुरान शरीफ को साक्षी मानकर अंग्रेजी हुकुमत के प्रति निष्ठा एवं वफादारी की शपथ दिलाने का प्रयास किया। इस पर अवध से आये सैनिक मोहम्मद अली बैग ने अंग्रेजों की निष्ठा पर प्रश्न खड़ा करते हुए पूछा ₹आपने अवध के साथ कौन सी निष्ठा और वफादारी निभाई है? आपको ऐसे शब्द शोभा नहीं देते। अगले ही दिन 3 जून को मुस्लिम सैनिकों ने मोहम्मद अली बेग तथा हिन्दू सैनिकों ने हीरा सिंह के नेतृत्व में विद्रोह कर दिया। क्रांतिकारियों ने नीमच छावनी व सरकारी बंगलों को लूटने के बाद उनमें आग लगा दी तथा शाहपुरा की ओर कूच किया। शाहपुरा के शासक ने क्रांतिकारियों की आवभगत की; उनके भोजन व ठहरने की व्यवस्था की। मेवाड़ की के पॉलिटिकल एजेन्ट कैप्टन शावर्स की सेना हेतु किले के द्वार बंद कर दिए। इसके बाद निंबाहेड़ा पहुंचने पर जनता ने क्रांतिकारियों का भरपूर स्वागत किया। तत्पश्चात् देवली, टोंक व आगरा होते हुए क्रांतिकारी दिल्ली पहुंचे। जब नसीराबाद में हुई क्रांति की सूचना एरिनपुरा छावनी पहुंची तो सिरोही में तैनात एरिनपुरा की जोधपुर लीजियन ने 21 अगस्त 1857 को क्रांति का बिगुल बजा दिया। क्रांतिकारियों ने एरिनपुरा पहुंचकर यहां के सैनिकों को अपने साथ मिला लिया। 23 अगस्त 1857 को एरिनपुरा में मोती खान, शीतल प्रसाद और तिलक राम ने 'चलो दिल्ली मारो फिरंगी' का नारा दिया। रास्ते में क्रांतिकारी एरिनपुरा रेलवे स्टेशन को लूटते हुए पाली पहुंचे और पाली के आउवा गांव के ठाकुर कुशाल सिंह चंपावत से मिले। कुशाल सिंह के आग्रह पर आसोप के ठाकुर शिवनाथ सिंह, गूलर के ठाकुर बिशन सिंह, आलनियावास के अजीत सिंह तथा लांबिया और रूपवास के ठाकुर भी सैन्य सहायता देने के लिए तैयार हो गए, अकेले कुशाल सिंह चंपावत ने 6000 की सेना तैयार कर ली। 8 सितंबर को बिथौड़ा में हुए युद्ध में जोधपुर की राजकीय सेना कुशाल सिंह चंपावत से पराजित हो गई। जोधपुर का प्रमुख सेनापति ओनाड़ सिंह मारा गया और कैप्टन हीथकोट भाग गया। 18 सितंबर को चेलावास में हुए गोरे कालों के युद्ध में भी ब्रिटिश सेना पराजित हो गई। इस युद्ध के बाद क्रांतिकारियों ने ठाकुर शिवनाथ सिंह आसोप के नेतृत्व में 10 अक्टूबर को दिल्ली की ओर प्रस्थान किया। क्रांतिकारी नारनौल के युद्ध में पराजित हो गए, वे दिल्ली नहीं पहुंच पाए। 20 जनवरी 1858 को ब्रिगेडियर होम्स के नेतृत्व में एक विशाल सेना आउवा की ओर भेजी गई। इस अंग्रेज सेना पर पहला आक्रमण आउवा की ग्रामीण जनता ने किया। यह युद्ध तीन दिनों तक चलता रहा। 24 जनवरी को किलेदार के विश्वासघात के कारण अंग्रेज सेना का आउवा किले पर अधिकार हो गया। अंग्रेजों में बदले की भावना इतनी प्रबल थी कि उन्होंने पूरे गांव को बुरी तरह लूटा और आउवा के किले को बारूद से उड़ा दिया। सारे देवालय नष्ट कर दिए और ग्रामीणों पर निर्मम अत्याचार किये। अंग्रेजों ने आउवा किले से क्रांति की देवी सुगाली माता की मूर्ति, 6 पीतल और 7 लोहे की तोपें व बहुत सारा बारूद लूट लिया। राजस्थान में सर्वाधिक उग्र, सुनियोजित और सफल क्रांति कोटा में हुई। 15 अक्टूबर को लाला जयदयाल तथा रिसालदार मेहराब खान के नेतृत्व में कोटा में क्रांति का आगाज़ हुआ। क्रांतिकारियों ने कोटा रेजीडेंसी में आग लगा दी, मेजर बर्टन; उसके दो पुत्रों फ्रैंक, आर्थर व डॉक्टर सैडलर और काटम को मौत के घाट उतार दिया। बर्टन की हत्या करके उसका सिर भवानी और नारायण पलटन द्वारा पूरे कोटा शहर में घुमाया गया। शेरगढ़ सेना ने महाराव को किले में कैद कर लिया। महाराव द्वारा बर्टन के बचाव हेतु भेजे गए देवीलाल नमक दूत की क्रांतिकारियों ने हत्या कर दी। करौली के मदनपाल और 2000 राजपूत सैनिक भी क्रांति का दमन करने में असफल रहे। ए.जी.जी. लॉरेंस के आदेश पर जनरल रॉबर्ट्स के नेतृत्व में 5500 सैनिकों तथा करौली के शासक मदनपाल की सहायता से 30 मार्च 1858 को कोटा पर पुनः ब्रिटिश नियंत्रण स्थापित हो गया। अंग्रेजों ने जयदयाल की गिरफ्तारी के लिए 12000 का इनाम रखा, किंतु एक देशद्रोही ने रूपयों के लालच में लालाजी को धोखे से गिरफ्तार करवा दिया। अंग्रेजों ने लालाजी जी को तोप से उड़ा दिया तथा मेहराब खान को उसी स्थान पर फांसी दी जहां मेजर बर्टन की हत्या की गई थी। धौलपुर के गुर्जर नेता देवी सिंह और भवानी शंकर ने क्रांति हेतु 3000 गुर्जर सैनिक एकत्रित किए। जल्द ही ग्वालियर व इंदौर से आए हुए 5000 सैनिक भी इसमें शामिल हो गए। एकमात्र टोंक ही ऐसी रियासत थी जिसकी क्रांति में स्त्रियों ने भी बढ़-चढ़ कर भाग लिया था। नवाब ने सैनिकों को डराने का भरपूर प्रयास किया किंतु वह सफल नहीं हो सका। कुछ लोग 1857 के स्वतंत्रता संग्राम को क्रांति न कहकर महज सैनिक विद्रोह कहते हैं जबकि क्रांति में शहीद हुए 3 लाख लोगों में से आधे से अधिक आम जनता थी। इतनी बड़ी संख्या में जनसाधारण का विद्रोह क्रांति नहीं तो और क्या है? अलीपुर में अंग्रेजों से पराजित होने के बाद तांत्या टोपे स्वतंत्रता संग्राम में राजाओं से मदद लेने हेतु राजस्थान आए। बूंदी के शासक ने तांत्या टोपे की सैन्य मदद नहीं की परंतु 700000 राजकोष दिए। तत्पश्चात् भीलवाड़ा पहुंचकर तांत्या टोपे ने प्रत्येक घर से सैनिकों के राशन हेतु दान लिया। तांत्या टोपे को जनता का पूर्ण समर्थन मिला। उसके बाद तांत्या टोपे ने श्रीनाथजी मंदिर के महंत गिरधर से एवं कोठारिया के ठाकुर जोत सिंह से आर्थिक सहायता प्राप्त की। सलूंबर के रावत केसरी सिंह ने भी तांत्या टोपे की आर्थिक सहायता की। तांत्या टोपे के मित्र मानसिंह ने धोखे से तांत्या टोपे को 7 अप्रैल 1859 को गिरफ्तार करवा दिया व 18 अप्रैल 1859 को शिवपुरी (ग्वालियर) में तांत्या टोपे को फांसी दे दी गई। स्वतंत्रता संग्राम हेतु लक्ष्मीबाई व तांत्या टोपे को राजकोष व निजी संपत्ति दान करने वाले अमरचंद बांठिया को अंग्रेजों ने ग्वालियर में फांसी दे दी। अमरचंद बांठिया राजस्थान के पहले शहीद थे। सीकर के काका - भतीजा डूंगर जी एवं जवाहर जी ने अपने साथियों की सहायता से कई बार अंग्रेज छावनियों को लूटा। डूंगर जी ने नसीराबाद छावनी को लूटकर 52000 और घोड़े प्राप्त किये। डूंगर जी के साले भैरू सिंह ने धोखे से डूंगर जी को पकड़वा दिया। लोटिया जाट, करणा मीणा, सावंता मीणा एवं जवाहर जी ने अपनी वीरता और बुद्धिमत्ता से डूंगर जी को छुड़वा लिया। इस क्रांति में अनेक संन्यासियों ने भी गली-गली घूमकर जन-साधारण में क्रांति की अलख जगाई। उन्होंने जनता को अंग्रेजों के खिलाफ उकसाया। वे सूचनाएं लोगों में प्रसारित करते थे। उन्होंने आल्हा के बैल, विभिन्न नाटकों और कठपुतलियों के खेल द्वारा स्वधर्म और स्वराज का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का महत्त्वपूर्ण कार्य किया। अंग्रेजों ने क्रांति का अत्यधिक निर्ममता के साथ दमन किया। उन्होंने कहीं भी मानवता नहीं दिखाई। हालांकि राजस्थान में टोंक के अलावा कहीं पर भी स्त्रियों ने क्रांति में भाग नहीं लिया था, इसके बावजूद हर स्थान पर बच्चों, वृद्धों, महिलाओं एवं क्रांतिकारियों के बीच कोई भी भेद न रखते हुए अत्यधिक कठोर दंड दिए गए। यद्यपि राजस्थान में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम असफल रहा, परंतु क्रांति के बाद राजस्थान का स्वरूप बदलने लगा। अब महत्वपूर्ण पद एवं विभिन्न प्रकार के संरक्षण भारतीयों को भी दिए जाने लगे। क्रांति के बाद आधुनिक शिक्षा के प्रसार से नए मध्यम वर्ग का जन्म हुआ तथा प्रशासनिक सेवाओं में जन-साधारण की नियुक्तियां होने लगीं। **-विश्व संवाद केंद्र ,जयपुर**



## गीता सार

**योऽयं योगस्त्वया प्रोक्तः साम्येन मधुसूदन ।**
**एतस्याहं न पश्यामि चञ्चलत्वात्स्थितिं स्थिराम् ॥**

**भावार्थ :**


अर्जुन ने कहा - हे मधुसूदन! यह योग की विधि जिसके द्वारा समत्व-भाव दृष्टि मिलती है जिसका कि आपके द्वारा वर्णन किया गया है। मन की चंचलता के कारण मैं इस स्थिति में स्वयं को अधिक समय तक स्थिर नहीं देखता हूं।

## बोले तो...




हमें अपने सशस्त्र बलों के साथ खड़ा होकर उनका मनोबल बढ़ाना है। आज आप पाकिस्तान को दुनिया के सामने कराहते हुए देख सकते हैं। सोशल मीडिया पर तरह-तरह की अफवाहें फैलाई जाएंगी। हमें प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में काम करते रहना है। भारत हर परिस्थिति में विजयी है और रहेगा।

**- योगी आदित्यनाथ**



हमने भारत-पाकिस्तान के बीच बनी स्थिति पर चीन की स्थिति साझा की है। चीन इस घटनाक्रम से चिंतित है। भारत और पाकिस्तान एक दूसरे के पड़ोसी हैं और रहेंगे। दोनों देशों के बीच तनाव कम करने में रचनात्मक भूमिका निभाने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ काम करने की तत्परता की जरूरत है।

**- लिन जियान**



राष्ट्रीय संकट की इस घड़ी में संपूर्ण देश तन-मन-धन से देश की सरकार एवं सैन्य बलों के साथ खड़ा है। पाकिस्तानी सेना द्वारा भारत की सीमा पर धार्मिक स्थलों एवं नागरिक बस्ती क्षेत्र पर किए जा रहे हमलों की हम निंदा करते हैं।

**- मोहन भागवत**

## पाठक पाती

### बुढ़ापा होता जीवन का 'गोल्डन पीरियड'

कुछ लोग जब भी मिलते हैं, हाल-चाल पूछने पर बुढ़ापे को कोसना शुरू कर देते हैं। कहते हैं कि अब तो बस टाइम पास ही कर रहे हैं। दूसरी तरफ कुछ बुजुर्ग उम्र के इस पड़ाव को नियामत समझते हैं। उनके अनुसार, यह लाइफ का 'गोल्डन पीरियड' होता है। इस उम्र में व्यक्ति के पास अपने लिए जीने का पूरा समय होता है। वे इस उम्र में अपनी उन सभी ख्वाहिशों को पूरा करने का प्रयत्न करते हैं, जिन्हें वे पहले व्यस्तता के कारण पूरा नहीं कर पाए। अपनी मर्जी से जीवन जीने का यह सबसे अच्छा समय होता है। अगर बुढ़ापे में आपका स्वास्थ्य अच्छा है और जीवन के प्रति सकारात्मक नजरिया रखते हैं, तो इस उम्र का हर पल आनंद से गुजारा जा सकता है। अपने बच्चों के परिवार को फलते-फूलते देखने से बढ़ कर और खुशी क्या हो सकती है? अपने अनुभव से परिवार का मार्गदर्शन करते हुए तथा अन्य कुछ छोटे-मोटे काम करते हुए व्यक्ति अपनी उपयोगिता सिद्ध कर सकता है। मित्रों, रिश्तेदारों से मिलने-जुलने से इस उम्र में जीने की लालसा बनी रहती है। कई लोग बुढ़ापे में अपने आप को घर तक ही सीमित कर लेते हैं, तो उनको अल्जाइमर जैसी बीमारियों की समस्या हो जाती है। बढ़ती उम्र में शरीर की चमक जरूर कुछ कम हो जाती है, लेकिन ऊंचे मनोबल से जीवन में रूखापन आने से रोका जा सकता है।

- संदीप कुमार, मधुपुर (झारखंड)

पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

# एडीजे ने जिला कारागृह एवं जेल लीगल एड क्लीनिक का किया निरीक्षण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा निर्देशों एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश अरुण कुमार अग्रवाल के निर्देशन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव ने जिला कारागृह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिला कारागृह में स्थापित प्रिजिन लीगल एड क्लिनिक के संबंध में माननीय नालसा द्वारा जारी एस.ओ.पी. में वर्णित दिशा-दिशा निर्देशों की पालना सुनिश्चित किये जाने एवं केस टेबिल संधारित किये जाने के निर्देश दिए। निर्धन बंदियों के लिए आर्थिक सहायता अभियान, अपराध के समय से नाबालिग बंदियो को चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा नि:शुल्क विधिक सहायता के प्राप्त प्रार्थना पत्रों के संबंध में जानकारी ली साथ ही जेल में सचिव ने लीगल एड क्लिनिक में स्थित बंदियों के रजिस्टरों तथा जेल में स्थित कैंटिन की सुविधा का अवलोकन किया एवं बंदियों की न्यायालयों से होने वाली वीडियो कॉफ्रेंसिंग की सुविधा का जायजा लिया तथा जेल में स्थित चिकित्सालय का निरीक्षण किया जिसमें ऑटोएनालाइजर मशीन उपलब्ध मिली जिससे सीवीसी और खून की जांच की जाती है एवं वहां पर उपलब्ध दवाओं की जांच की तथा एक्सपायरी दवाओं को हटाने के निर्देश दिए तथा बंदियों को कारागृह मे मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं जैसे भोजन, आवास, नाश्ता, स्वच्छ पेयजल, चिकित्सीय सुविधाओं व रसोईघर, बैरक इत्यादि का जायजा लिया तथा उन्होंने कारागृह के निरूद्ध नए बंदियों सहित एक-एक बंदियों से वार्ता कर उनके प्रकरणों में पैरवी हेतु अधिवक्ता के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने जेल में स्थित रसोई घर में पहुंचकर भोजन की गुणवत्ता का अवलोकन किया साथ ही खाना बनाने वाली नई मशीनों के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक निर्देश दिये। इस मौके पर चीफ लीगल एड डिफेंस कॉउन्सिल अमित कमठान, असिस्टेंट एलएडीसी दीपक सिंह सिकरवार, अराधना शर्मा, मीता अग्रवाल, विधि महाविद्यालय के छात्र हर्ष श्रोती, सुनील कुमार, जेल क्लीनिक पर कार्यरत पीएलवी इन्द्रेश शर्मा, कनिष्ठ सहायक सुरेंद्र सिंह एवं जेल अधीक्षक सुमन मीणा सहित कारागृह का स्टॉफ एवं बंदी मौजूद रहे।

## अल्पसंख्यक समुदाय के व्यक्ति एकमुश्त समाधान योजना का अधिक से अधिक उठाएं लाभ

**धौलपुर।** अल्पसंख्यक मंत्रालय भारत सरकार एवं राजस्थान अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड द्वारा दिए गए ऋणों में बकाया किश्तों पर दण्डनीय ब्याज की छूट प्रदान किए जाने के लिए एक मुश्त समाधान योजना शुरू की गई है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी राखी शर्मा ने बताया कि योजना के अनुसार एक मुश्त बकाया ऋण राशि मय साधारण ब्याज जमा कराए जाने पर दण्डनीय ब्याज में शतप्रतिशत छूट का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि अल्पसंख्यक समुदाया के व्यक्ति जिन्होंने विभाग से 31 मार्च 2024 तक ऋण प्राप्त किया है तथा समय पर किश्तों की अदायगी नहीं की गई हैं, वह 1 मई से प्रारम्भ की गई एक मुश्त बकाया ऋण राशि मय साधारण ब्याज जिसमें ऋणी दण्डनीय ब्याज की शतप्रशित छूट प्राप्त कर सकते है। उन्होंने बताया कि अल्पसंख्यक समुदाय के लाभार्थी योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाकर वैधानिक कार्यवाही एवं ऋण से मुक्ति पाएं।

# महाराणा प्रताप जयंती की पूर्व संध्या पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** महाराणा प्रताप जयंती की पूर्व संध्या पर एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर 175 बार रक्तदान और 85 बार प्लेटलेट्स दान कर चुके राष्ट्रपति पुलिस पदक से विभूषित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता, शतकवीर डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा आयोजित किया गया। यह उन द्वारा 541 वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर था। शिविर में समाजसेवी और पूर्व भाजपा मंडलाध्यक्ष सुनील गुप्ता मुख्यातिथि के रूप में आए जबकि विद्यालय की प्राचार्या रेनू गुप्ता ने शिविर की अध्यक्षता की। शिविर में मैढ़ क्षत्रिय सुनार सभा के प्रधान राम भजन वर्मा, चाहत कराओके के निदेशक विनोद कुमार वर्मा, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सेवानिवृत कुलसचिव दविन्द्र सचदेवा, समाजसेवी रणधीर राणा और स्टार रक्तदाता नरेश मेहता विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे हुए थे। मुख्यातिथि सुनील गुप्ता और शिविर की अध्यक्षता कर रही प्राचार्या रेनू गुप्ता ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर प्रोत्साहित किया। प्राचार्या रेनू गुप्ता ने स्वयं रक्तदान करते हुए कहा कि यह एक पुण्य का कार्य है। मुख्यातिथि सुनील गुप्ता ने कहा कि रक्तदान से न केवल अमूल्य जीवन बचता है अपितु व्यक्ति भी स्वस्थ होता है। शिविर संयोजक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि महाराणा प्रताप भारतीय संस्कृति स्वतंत्रता और शौर्य का प्रतीक है जो सम्पूर्ण संसार के लिए एक उदाहरण हैं। उनका साहस और बलिदान सदैव एक नई ऊर्जा का संचार करता है। नागरिक अस्पताल करनाल के क्षेत्रीय रक्त संचरण अधिकारी डॉ. संजय वर्मा की अध्यक्षता में शिविर में चार महिलाओं, एक विद्यार्थी मोहित सहित युवाओं ने रक्तदान किया।

# न्यूज ब्रीफ

## बालिका महाविद्यालय में मॉक ड्रिल अभ्यास की दी छात्राओं को जानकारी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** बालिका महाविद्यालय में प्रशासन एवं आयुक्तालय के निर्देशानुसार आपात स्थिती से निपटने के लिए रा.से.यो. के तहत् मॉक ड्रील का अभ्यास किया गया इस दौरान छात्राओं को प्राथमिक चिकित्सा सेवा, अग्नि शमन सेवा, मानसिक तनाव, भ्रमण जानकारियों से बचाव का प्रशिक्षण दिया गया। प्राचार्य आशा कोठारी ने बताया कि आपात स्थिती से बचाव हेतु पूर्व तैयारी, सावधानियां अत्यंत आवश्यक है। इस जानकारी को अपने आस-पास पड़ोस को भी बताएं। कार्यक्रम अधिकारी कविता पंसारी, सहायक आचार्य डॉ. निर्मला सैनी, पूनम बंशीवाल, ग्यारसी स्वामी, इन्द्रचन्द्र ने भी छात्राओं को प्रशिक्षण देकर सजगता हेतु प्रेरित किया।

## समस्त जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारियों के समस्त अवकाश निरस्त

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** वर्तमान में उत्पन्न आपातकालीन स्थिति के दृष्टिगत जिले के समस्त राजकीय कार्यालयों में कार्यरत समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को अत्यावश्यक आपातकालीन परिस्थितियों के अलावा आगामी आदेशों तक अवकाश स्वीकृत नहीं किए जाएगें। ऐसे अधिकारी एवं कर्मचारी को पूर्व में अवकाश स्वीकृत है, वह अत्यावश्यक आपातकालीन परिस्थिति में ही अवकाश उपभोग करेगें। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि जो अधिकारी, कर्मचारी वर्तमान में अवकाश पर है उन्हें निर्देशित किया गया है कि वे यथाशीघ्र अपने कार्यस्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि समस्त जिला स्तरीय, ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारियों के अवकाशों एवं मुख्यालय छोड़ने पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया है आपातकालीन परिस्थितियों में जिला कलक्टर की अनुमति के बिना अवकाश पर नहीं जाएगें एवं ना ही मुख्यालय छोड़ेगें। उन्होंने बताया कि जो भी अधिकारी एवं कर्मचारी उपार्जित, रूपान्तरित एवं आकस्मिक या अन्य अवकाश पर चल रहे हैं, उनके सभी प्रकार के अवकाश निरस्त किए गए है तथा वह तत्काल अपने कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

## रक्षा अभियानों की लाइव कवरेज पर रोक, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की सख्त एडवाइजरी जारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** देश की सुरक्षा को सर्वोपरि मानते हुए भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने सभी मीडिया चौनलों, समाचार एजेंसियों और सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं को सख्त चेतावनी दी है कि वे किसी भी प्रकार की रक्षा अभियानों या सुरक्षा बलों की मूवमेंट की लाइव कवरेज से परहेज करें। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा जारी की गई इस एडवाइजरी में कहा गया है कि इस तरह की रिपोर्टिंग से राष्ट्र की सुरक्षा पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है। मंत्रालय ने कहा है कि ऐसी कवरेज से आतंकवादी या शत्रु तत्वों को रणनीतिक जानकारी मिल सकती है, जिससे सुरक्षा बलों के अभियान और जवानों की जान को खतरा हो सकता है। केवल अधिकृत अधिकारियों की ब्रीफिंग ही प्रसारित हो। एडवाइजरी में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि केबल टेलीविज़न नेटवर्क (संशोधन) नियम, 2021 के अनुसार, सुरक्षा बलों द्वारा किए जा रहे किसी भी आतंकवाद विरोधी ऑपरेशन की लाइव रिपोर्टिंग पर पूर्णतः प्रतिबंध है। मीडिया को केवल सरकार द्वारा नामित अधिकारी की नियमित ब्रीफिंग तक ही सीमित रहना होगा।

**पूर्व की घटनाओं से लिया सबक :** मंत्रालय ने कारगिल युद्ध, 26/11 मुंबई आतंकवादी हमला और कंधार अपहरण जैसे मामलों का उल्लेख करते हुए कहा कि अतीत में बिना नियंत्रण की रिपोर्टिंग के कारण राष्ट्रीय हितों को गंभीर नुकसान पहुंचा है।

**कानूनी कार्रवाई की चेतावनी :** मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया कि इस प्रकार की कवरेज केबल टेलीविज़न नेटवर्क संशोधित नियमों का उल्लंघन है, और उल्लंघन की स्थिति में कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**राष्ट्रीय हित में संयम और जिम्मेदारी की अपील :** एडवाइजरी में सभी मीडिया संस्थानों और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स से आग्रह किया गया है कि वे सजगता, संवेदनशीलता और ज़िम्मेदारी का पालन करें, ताकि कोई भी जानकारी अनजाने में देश की सुरक्षा को प्रभावित न करें।

## प्रथम पुण्यतिथि पर अस्पताल में वाटर कूलर लगवाया, मरीजों को फल वितरण किया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** तारानगर नगरपालिका में जमादार रहे स्वर्गीय मुकेश वाल्मीकि की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके परिवारजनों के सौजन्य से क्षेत्र के उप जिला अस्पताल में वाटरकूलर लगवाया गया एवं मरीजों को फल वितरित किये गए। अस्पताल के पीएमओ डॉक्टर गजानन्द रसगनिया व डॉ. देवीलाल जोशी ने रिबन काटकर वाटर कूलर का उद्घाटन किया। अस्पताल स्टाफ ने इस नेक कार्य के लिए मुकेश वाल्मीकि परिवार का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मोके पर जिप सदस्य एवं पूर्व प्रधान तिलोकाराम कस्वां, पार्षद संजय वाल्मीकि, सफाई निरीक्षक त्रिशूल भाटी, राजेंद्र सोनी, महेश गहलोत, अनिल कस्वां, बलदेव, ओमप्रकाश, राजूराम, प्रकाश, प्रेमचंद, अर्जुन फौजी, विनोद, बाबूलाल, महेन्द्र, पवन, सनी, अमित, रवि, आलोक, मोडूराम सहित वाल्मीकि समाज के लोग उपस्थित थे।

## गुगलवा गांव में बिजली गिरने से भैंस की मौत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ उपखण्ड क्षेत्र में तहसील के गुगलवा गांव में वीरवार शाम करीब 4-15 बजे आकाशीय बिजली गिरने से महिपाल मेघवाल की एक भैंस की मौत हो गई। भैंस 7 महीने की गर्भवती थी और रोजाना 8 लीटर दूध देती थी। महिपाल ने बताया कि वह इसी भैंस के दूध को बेचकर अपने बच्चों का पालन-पोषण करता था, लेकिन अब भैंस की मौत के बाद परिवार पर आर्थिक संकट आ गया है।

# विद्यालय में प्रवेशोत्सव पर बच्चों का स्वागत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** खेमका राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम जिला शिक्षा अधिकारी प्रा. संतोष कुमार महर्षि राउमावि गोयनका के यूसीओ ओम प्रकाश फगेड़िया द्यालय गोयनका आदि मंचस्थ रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राउप्रावि के एसएमसी अध्यक्ष यासीन खान ने की। संस्था प्रधान रूप सिंह निर्वाण ने नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत कर विद्यालय की प्रगति और नामांकन संबंधी जानकारी साझा की। यूसीओ ओमप्रकाश फगेड़िया ने सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे लाडो योजना, आपकी बेटी योजना के बारे में जानकारी देकर ज्यादा से ज्यादा नामांकन बढ़ाने पर जोर दिया। डीईओ प्रा. संतोष कुमार महर्षि ने बताया कि खेमका राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय ने पूरे जिले में प्रवेशोत्सव के प्रथम दिन 21 बच्चों का नामांकन कर ऐतिहासिक कार्य किया है। इस अवसर पर अतिथियों ने 21 बच्चों को प्रमाण पत्र देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में रामकुमार सिंह, वीरेंद्र सिंह, प्रताप बेनीवाल, कमलेश शर्मा, विजयलक्ष्मी शर्मा व मंजू कुमारी आदि उपस्थित रहे। संचालन मुबारिक ने किया।

# सड़क गुणवत्ता निरीक्षण यात्रा को लेकर हुई बैठक



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं निदेशालय तकनीकी शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सड़क गुणवत्ता निरीक्षण यात्रा को लेकर श्रीगंगानगर जिले के राजकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से निर्मित सड़को के दोष निवारण अवधि में संवेदकों की ओर से किए जाने वाले रख रखाव का मूल्यांकन पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के अंतिम वर्ष के छात्रों से करवाया जायेगा। अधिशासी अभियंता गुण नियंत्रण सुशील पूनिया ने बताया कि यात्रा के दौरान पॉलिटेक्निक कॉलेज में पौधारोपण किया गया। सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा के विषय में सहायक अभियंता चंचल लाखलान ने विधार्थियों को यातायात के नियमों के बारे में जानकारी दी गई है। यह यात्रा सार्वजनिक निर्माण विभाग की गुण नियंत्रण ईकाई के नेतृत्व में निकाली जा रही है। कार्यक्रम में सार्वजनिक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता (गुण नियंत्रण) जसवंत खत्री, अति. मुख्य अभियंता अमर चंद, अधीक्षण अभियंता गुण नियंत्रण सुनील गहलोत, पंकज यादव, अधिशासी अभियंता गुण नियंत्रण जयपुर वेद प्रकाश उपाध्याय, पंकज सोलंकी, पॉली टेक्निक महाविधालय के प्राचार्य रत्ती राम मीणा आदि प्रवक्ता उपस्थित रहे।

# जिला आपदा त्वरित कार्यवाही दल तैनात

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** वर्तमान में देश की सीमा पर विषम परिस्थितियों को मध्यनजर एवं नागरिक सुरक्षा अधिनियम में प्रदत्त शक्तियों के तहत जिला ईमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर पर प्रशिक्षित नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों की अतिरिक्त 12 सदस्यीय जिला आपदा त्वरित कार्यवाही दल की तीन परियों प्रत्येक पारी में 4-4 स्वयंसेवको की 9 मई से अग्रिम आदेशों तक तैनाती की गई है। प्रभारी अधिकारी नागरिक सुरक्षा उपखण्ड अधिकारी धौलपुर साधना शर्मा ने बताया कि प्रथम पारी प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोबिन तिवारी नागरिक सुरक्षा सदस्य संख्या 12 मोबाईल नम्बर 8824048995, संदीप शर्मा नागरिक सुरक्षा सदस्य संख्या 19 मोबाईल नम्बर 9785306826, धनंजय शर्मा नागरिक सुरक्षा सदस्य संख्या 07 मोबाईल नम्बर 8239100107, विक्रम सिंह नागरिक सुरक्षा सदस्य संख्या 37 मोबाईल नम्बर 8426020689, द्वितीय पारी दोपहर 2 बजे से रात्रि 11 बजे तक ओमराज मीना नागरिक सुरक्षा सदस्य संख्या 25 मोबाईल नम्बर 7062280129, शिवकुमार नागरिक सुरक्षा सदस्य संख्या 20 मोबाईल नम्बर 7877913668, रोहितास्व नागरिक सुरक्षा सदस्य संख्या 28 मोबाईल नम्बर 9145896592, अभिषेक शर्मा नागरिक सुरक्षा सदस्य संख्या 03 मोबाईल नम्बर 8696991816, तृतीय पारी रात्रि 11 बजे से प्रातः 6 बजे तक राजकुमार शर्मा नागरिक सुरक्षा सदस्य संख्या 08 मोबाईल नम्बर 8432487406, संतोष शर्मा नागरिक सुरक्षा सदस्य संख्या 05 मोबाईल नम्बर 7742529304, बच्चू तिवारी नागरिक सुरक्षा सदस्य संख्या 15 मोबाईल नम्बर 9799052291 तथा बृजमोहन मीना नागरिक सुरक्षा सदस्य संख्या 30 मोबाईल नम्बर 9024929082 को तैनात किया गया है।

# राजीनामा योग्य प्रकरणों का राष्ट्रीय लोक अदालत से करें निस्तारण

## राष्ट्रीय लोक अदालत आज

**धौलपुर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 10 मई को संपूर्ण प्रदेश में वर्ष की द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय लोक अदालत में सिविल न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों के साथ-साथ बैंक के ऋण संबंधी प्री-लिटिगेशन प्रकरणों, एनआई एक्ट के प्रकरण व राजस्व न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों का निस्तारण किया जाएगा। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश रेखा यादव ने बताया कि जिले में न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निस्तारण हेतु कुल 11 बैंचों का गठन किया गया है। धौलपुर मुख्यालय पर 5 बैंचों का गठन किया गया है जिसमें स्थायी लोक अदालत धौलपुर एवं उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग धौलपुर के प्रकरणों हेतु बैंच संख्या 1, मोटर दुर्घटना दावा आधिकरण हेतु बैंच संख्या 2, न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के प्रकरणों हेतु बैंच संख्या 3, प्रि-लिटिगेशन प्रकरणों हेतु बैंच संख्या 4 गठित की गई है। इसी प्रकार सैंपऊ मुख्यालय हेतु न्यायिक मजिस्ट्रेट सैंपऊ की बैंच संख्या 5 गठित की गई है, बैंच संख्या 6 प्रो-बोनो न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट धौलपुर, न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या 1, 2, 3, जेजेबी धौलपुर के प्रकरणों की सुनवाई हेतु गठित की गई है। ताल्लुका बाड़ी मुख्यालय पर 4 बैंचों का गठन किया गया है जिसमें बैंच संख्या 1 सेशन न्यायालय एवं प्री लिटिगेशन प्रकरणों हेतु, बैंच संख्या 2 मजिस्ट्रेट न्यायालयों बाड़ी हेतु गठित की गई है एवं बैंच संख्या 3 न्यायिक मजिस्ट्रेट बसेड़ी के लिए गठित की गई है एवं बैंच संख्या 4 न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट सरमथुरा के लिए गठित की गई है। ताल्लुका राजाखेड़ा मुख्यालय हेतु बैंच संख्या 1 न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट राजाखेड़ा के लिए गठित की गई है। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के साथ-साथ, बैंक एवं वित्तीय संस्थानों के लंबित, प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का आपसी सुलह के माध्यम से राजीनामें द्वारा निस्तारण का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पक्षकारों द्वारा आपसी समझाईश एवं राजीनामे के आधार पर अपने प्रकरणों का राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारण कराते हुए शीघ्र सस्ता एवं सुलभ न्याय प्राप्त करने के इस अवसर का आमजन को लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे अपने राजीनामा योग्य अधिक से अधिक प्रकरणों को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारण करवाकर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

# महिला सशक्तिकरण व नामांकन वृद्धि को लेकर विद्यालय में कार्यशाला आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फुलेरा।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम माल्यावास में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय परिसर में शनिवार को महिला सशक्तिकरण, सरकारी फैलोशिप योजनाओं की जानकारी तथा राजकीय विद्यालयों में नामांकन वृद्धि को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षाविद एवं समाजसेवी शक्ति सिंह ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का संदेश देते हुए कहा कि शिक्षा और स्वावलंबन ही महिला सशक्तिकरण की असली कुंजी हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं छोटे-छोटे घरेलू उद्योगों के माध्यम से आर्थिक रूप से सक्षम बन सकती हैं और अपने परिवार, समाज व राष्ट्र की उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं। उन्होंने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा के महत्व पर बल दिया और राजकीय विद्यालयों में अधिकाधिक नामांकन की अपील की। विशिष्ट अतिथि पूर्व सरपंच बजरंग सिंह खंगारोत ने केंद्र व राज्य सरकार की महिला उत्थान योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आमजन को विद्यालय, आंगनबाड़ी एवं चिकित्सा केंद्रों से जुड़कर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने मिड डे मील, पन्नाधाय दुग्ध योजना, नि:शुल्क पुस्तक एवं गणवेश वितरण जैसी योजनाओं की जानकारी देते हुए सभी से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों का नामांकन सरकारी विद्यालयों में करवाएं विद्यालय प्रधान रतन लाल कुमावत ने सरकारी विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं पर विस्तृत जानकारी दी। वहीं विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष राम सिंह ने नामांकन वृद्धि में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए अभिभावकों से अपने बच्चों को सरकारी विद्यालयों में प्रवेश दिलाने की अपील की। इस अवसर पर भामाशाह मुन्नी कंवर, राजविका समन्वयक मंशा कंवर, नोरती उज्जैनिया, प्रेम कंवर, वार्ड पंच मीरा देवी वर्मा, पूर्व वार्ड पंच मोहन कंवर, प्रकाश कंवर, पुष्पा कंवर, खुशबू कंवर, बीजू कंवर, सुमन कंवर, फूल कंवर, ममता वर्मा, सुनीता देवी आदि मौजूद रहे।

# वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती मनाई





**नोहर।** प्रताप युवा संगठन द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 486 वीं जयन्ति धूमधाम से मनाई गई इस अवसर पर स्थानीय महाराणा प्रताप चौक पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर प्रताप युवा संगठन के कार्यकर्ताओं ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के जीवन पर प्रकाश डाला। प्रताप युवा संगठन के केशव सोलंकी ने महाराणा के बलिदान और त्याग को याद करते हुए उनके जीवन चरित्र के बारे में विस्तार पूर्वक बताया । सोलंकी ने कहा कि युवाओं को महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लेकर देश सेवा के लिए समर्पित होना चाहिए। इन्होंने बताया कि स्वाभिमान का सही अर्थ ही महाराणा प्रताप है महाराणा प्रताप ने अपने जीवन में अनेक परेशानीयो का सामना किया लेकिन अपने सिद्धांतों के साथ कभी समझौता नही किया।

# सीमावर्ती जिलों में रातों-रात लगाए एसडीएम, तहसीलदार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** सीएम भजनलाल शर्मा ने सीमावर्ती बाड़मेर-जैसलमेर में खाली पड़े पदों को रातों रात भर दिए। खाली पदों पर अधिकारियों की नियुक्ति के देर रात तक विभाग वार आदेश हुए। शासन विभाग ने नगर परिषद और नगरपालिकाओं में 18 अधिकारियों को लगाने के आदेश जारी किए गए। इधर राजस्थान प्रशासनिक सेवा के नौ आरएएस अधिकारियों के तबादले किए गए है। साथ पंचायत समितियों और तहसील में रिक्त पड़े बीडीओ और तहसीलदार व नायब तहसीलदार के पदों को भी भरा गया है।

## ▶▶ बाड़मेर नगर परिषद में संतलाल मक्कड़ आयुक्त




## ▶▶ रिक्त पंचायत समितियों में बीडीओ

पंचायती राज विभाग ने पंचायत समितियों में खाली पड़े बीडीओ के पदों को भरा गया है। बीडीओ नवलाराम को पंचायत समिति गुड़ामालानी, बनवारीलाल मीणा को पंचायत समिति शिव, शिव भगवान रैगर को पंचायत समिति रामसर में लगाया गया है।

## नगर परिषद-पालिकाओं में लगे अफसर

शासन विभाग ने 18 अधिकारियों को लगाने के आदेश जारी किए है। इनमें सतलाल मक्कड़ को बाड़मेर नगर परिषद आयुक्त लगाया गया है। रामकिशोर महेता को नगर परिषद बालोतरा आयुक्त, सुरेश कुमार जीनगर को ईओ नगर पालिका गुड़ामालानी, रवि कुमार खन्ना को ईओ धोरीमन्ना, सुमेर सिह मीणा को ईओ नगर परिषद सिणधरी, अनिल झिंगोनिया को ईओ नगर पालिका चौहटन व जितेंद्र सिंह पारस को राजस्व अधिकारी नगर परिषद बाड़मेर लगाया गया है।

## रामलाल मीणा एसडीएम गडरारोड

जसवंतपुरा जालोर में रामलाल मीणा का ट्रांसफर कर गडरारोड एसडीएम लगाया है। इस तरह जेताराम को तहसीलदार चौहटन, राजेश व्यास को तहसीलदार गुड़ामालानी, ईश्वरलाल सोलंकी तहसीलदार गडरारोड, पन्नालाल चौधरी को तहसीलदार सेड़वा, वीरमाराम विश्नोई को तहसीलदार धोरीमन्ना, पारस कुमार राणा को तहसीलदार नोखड़ा, वगताराम पुरोहित को तहसीलदार बाटाडू, विनोद कुमार को तहसीलदार धनाऊ, हेमंत शर्मा को तहसीलदार भू-अभिलेख बाड़मेर लगाया गया। इसी तरह हरिशंकर को नायब तहसीलदार गडरारोड, पवन कुमार मिश्रा को नायब तहसीलदार जिला कलेक्टर बाड़मेर, अब्बास अली को लीवल रिजर्व बाड़मेर, भोपालाल को नायब तहसीलदार आरएए, संजय कुमार सारस्वत को नायब तहसीलदार शिव, घनश्याम मीणा को नायब तहसीलदार सेड़वा, राधेश्याम को नायब तहसीलदार गडरारोड, मदनलाल को नायब तहसीलदार गुड़ामालानी लगाया है।

# एमडीएम अस्पताल से मरीज गायब

▶▶ शादी में जाने के बहाने निकली महिला का भी पता नहीं



**जोधपुर।** जोधपुर शहर में दो अलग-अलग मामलों में एक मरीज और एक महिला के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। मथुरादास माथुर अस्पताल से एक मरीज बिना सूचना के चला गया, वहीं दूसरे मामले में एक महिला पीहर में शादी में जाने का बहाना बनाकर घर से निकली और वापस नहीं लौटी। शास्त्री नगर थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, राणाराम ने बताया कि उनके भाई को सात मई को एमडीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मरीज बिना किसी को बताए अस्पताल से चला गया, जिसका अब तक कोई पता नहीं चल सका है। वहीं प्रताप नगर सदर थाना क्षेत्र में एक अन्य मामला सामने आया है। फैजे आम मस्जिद से एक महिला चार मई को अपने पीहर में शादी समारोह में जाने की बात कहकर निकली। महिला न तो वापस लौटी और न ही अपने पीहर पहुंची। परिजनों ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# बाड़मेर में बस पलटी, 10 यात्री घायल

▶▶ जयपुर से आ रही थी, NH-25 पर हादसा

▶▶ ड्राइवर को आई थी झपकी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** जयपुर से बाड़मेर जा रही एक रोडवेज बस नेशनल हाईवे 25 पर बेकाबू होकर पलट गई। हादसे में 10 सवारियां घायल हो गई। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। साथ ही घायलों को हॉस्पिटल पहुंचाया गया। बस शाहपुरा (जयपुर) से बाड़मेर की ओर आ रही थी। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ड्राइवर को झपकी आने पर बस हाईवे से नीचे उतरी और वापस हाईवे पर चढ़ाने के दौरान पलटी खा गई। फिलहाल घायलों को बाड़मेर हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। हादसे में 10 जने घायल हुए है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार को सुबह 6:30 बजे जयपुर शाहपुरा डिपो की बस शाहपुरा से बाड़मेर के लिए रवाना हुई। बस में 22 सवारियों को लेकर बाड़मेर की तरफ आ रही थी। नेशनल हाईवे 25 जिप्सम हॉल्ट के पास बस बेकाबू होकर पलट गई। इससे बस में सवार 10 जने घायल हो गए। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। वहीं लोगों ने बस में सवारियों को बाहर निकाला। घायलों को एम्बुलेंस और प्राइवेट गाडी की मदद से बाड़मेर हॉस्पिटल पहुंचाया गया। फिलहाल सभी घायलों को बाड़मेर हॉस्पिटल इलाज चल रहा है। नागाणा थानाधिकारी जमील खान ने बताया कि बस में 22 सवारियां थी। इसमें 10 घायल हुई है। क्षतिग्रस्त बस को हाईवे से हटा दिया है। पुलिस रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगी।



## बस पलटने से घायल

बस में सवार कैलाश (19) पुत्र बगताराम निवासी बिजराड़, कृष्ण कुमार (41) पुत्र धर्मपाल निवासी तारानगर, बालेरी जिला चूरू (बस कंडक्टर), खरथा राम (20) पुत्र नारना राम निवासी मातासर भुरटिया बाड़मेर, विनोद (46) पुत्र परसराम निवासी कटारा का चोक, कृषि मंडी जिला नागौर, तारा चंद (40) पुत्र शंकरलाल निवासी बायतु भोपजी, बायतु बालोतरा, भेरमल (22) पुत्र पप्पू राम निवासी बायतु भोपजी, बायतु बालोतरा, भीमराव (43) पुत्र बाबूलाल, निवासी खिंवसर नागौर ( बस ड्राइवर), नवाब (40) पुत्र इमाम निवासी बने की बस्ती सज्जन का पार, रामसर बाड़मेर, महेंद्र त्रिवेदी (55) पुत्र चिरजिलाल निवासी नागौर और मोईनुदिन (19) पुत्र दायम ख़ान, निवासी गंगाला, चोहटन बाड़मेर थे।

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में सुरक्षित हुआ मातृत्व

# गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की हुई जांच, मिला इलाज

## मां वाउचर योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को मिले सोनोग्राफी के लिए वाउचर

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से शुक्रवार को गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। जिसमें उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनका ईलाज करने के साथ पोषण युक्त आहार की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही मां वाउचर योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को सोनोग्राफी के लिए वाउचर प्रदान किए गए।

कार्यवाहक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,जयपुर द्वितीय डॉ. सुरेन्द्र कुमार गोयल ने बताया कि शुक्रवार को जिले के चिकित्सा संस्थानों पर मनाए गए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत विशेषज्ञ चिकिसकों द्वारा गर्भवती महिलाओं की जाँच की गई और मां वाउचर योजना के तहत सोनोग्राफी कराने के लिए माँ वाउचर प्रदान किए गए।



गर्भवती महिलाओं के रक्तचाप, शर्करा के स्तर, वजन, लंबाई, हीमोग्लोबिन, रक्त, एचआईवी जांच, हृदय स्पंदन आदि की जांच कर उनको गर्भ में पल रहे शिशु और स्वयं की देखभाल के विषय मे बताया गया और आई.एफ.ए. कैल्शियम तथा अन्य आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर चिकित्साकर्मियों द्वारा उन्हें पौष्टिक आहार के महत्व को बताते हुए पोषणयुक्त आहार लेने हेतु जागरूक किया गया।

# जोधपुर एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन पर कड़ी सुरक्षा



**जोधपुर।** भारत-पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए जोधपुर में सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। जोधपुर रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीमें यात्रियों और उनके सामान की सघन जांच कर रही हैं। स्टेशन पर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। सामरिक महत्व के जोधपुर एयरपोर्ट पर भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। यहां आम नागरिकों की आवाजाही पूरी तरह बंद कर दी गई है। सीआईएसएफ के हथियारबंद जवान एयरपोर्ट के भीतरी और बाहरी परिसर में तैनात किए गए हैं। एयरपोर्ट के आसपास किसी को भी रुकने की अनुमति नहीं दी जा रही है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण ने बताया कि नौ मई को चार ट्रेनें रद्द रहेंगी।

# 'ऑपरेशन धरकरभर' के तहत एक गिरफ्तार

▶▶ 15 हजार रुपए का ईनामी लंबे समय से था फरार



**जोधपुर।** जोधपुर रेंज मुख्यालय के निर्देशानुसार जिले में वांछित अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन धरकरभर' के तहत 15 हजार के ईनामी बदमाश को गिरफ्तार किया गया है। उप महानिरीक्षक पुलिस सह जिला पुलिस अधीक्षक जोधपुर ग्रामीण राममूर्ति जोशी ने बताया कि जिला जोधपुर ग्रामीण की जिला विशेष टीम (डीएसटी)द्वारा प्रकरण संख्या 224/2024 पुलिस थाना खेड़ापा में 15,000 रुपए के वांछित ईनामी आरोपी भगवान सिंह पुत्र नारायण सिंह निवासी सिल्ली, पुलिस थाना खेड़ापा, जिला जोधपुर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी लंबे समय से फरार था और अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त था। कार्रवाई करने वाली टीम में अति. पुलिस अधीक्षक डीएसटी जोधपुर ग्रामीण के सुपरविजन मे इंस्पेक्टर लाखाराम मय टीम द्वारा कार्रवाई की गई। टीम में कॉन्स्टेबल मुकनसिंह , चतुराराम, मदनलाल, नारायणराम, अशोक भाटी , सुभाष कमाण्डो देवीलाल को जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।

# आपातकालीन परिस्थितियों के चलते ट्रेनें रद्द या री-शेड्यूल

**जोधपुर।** ब्लैकआउट और आपातकालीन परिस्थितियों को देखते हुए रेल यातायात भी प्रभावित हो रहा है। इसी वजह से कई गाड़ियां पूर्ण रूप से तो कई आंशिक रद्द रहेगी। इसी तरह कई ट्रेनों के समय में भी बदलाव रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार-गाड़ी संख्या 14864 जोधपुर-वाराणसी सिटी एक्सप्रेस नौ मई को जोधपुर से अपने निर्धारित समय 8:25 बजे के स्थान पर तीन घंटे की देरी से 11:25 बजे प्रस्थान करेगी। इसी तरह, गाड़ी संख्या 14895, भगत की कोठी-बाड़मेर, गाड़ी संख्या 14896 बाड़मेर-भगत की कोठी, गाड़ी संख्या 04880 मुनाबाव-बाड़मेर और गाड़ी संख्या 54881 बाड़मेर-मुनाबाव रेल नौ मई को रद्द रहेंगी। गाड़ी संख्या 12467 जैसलमेर-जयपुर रेल, जो नौ मई को जैसलमेर के स्थान पर बीकानेर से संचालित होगी।



# जैसलमेर : ड्रोन उड़ाने और आतिशबाजी पर प्रतिबंध

**जैसलमेर।** जैसलमेर में गुरुवार रात हुई पाकिस्तानी अटैक की घटना के बाद जिले में ड्रोन उड़ाने व आतिशबाजी करने पर जिला कलेक्टर प्रताप सिंह ने पाबंदी लगा दी है। अगर कोई ऐसा करते पाया जाता है तो उस पर कानूनी कार्रवाई करने के आदेश निकाले गए हैं। कलेक्टर सिंह ने सभी ड्रोन कैमरों को अपने नजदीकी थानों में जमा करवाने के आदेश दिए हैं। आदेश के मुताबिक यूएवी, ड्रोन कैमरा, हॉट एयर बैलून आदि उड़ाने पर रोक रहेगी। यदि कोई ऐसा नहीं करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। कलेक्टर ने आदेश में बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जैसलमेर जिले के संपूर्ण नगरीय और ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिबंध लागू किए हैं। आदेश के मुताबिक यूएवी, ड्रोन कैमरा, हॉट एयर बैलून आदि उड़ाने पर रोक रहेगी। यह निषेधाज्ञा केंद्र सरकार के सैन्य अथवा अर्ध सैनिक बलों और राज्य सरकार के पुलिस विभाग की ओर से सामरिक महत्व की गतिविधियों के संचालन पर लागू नहीं होगी।



## पटाखों के बेचने-खरीदने पर बैन

इसी प्रकार जिला कलेक्टर प्रताप सिंह ने किसी भी प्रकार के पटाखों और आतिशबाजी के क्रय, विक्रय और उपयोग पर प्रतिबंध लगाया है। यह आदेश संपूर्ण जैसलमेर जिले के लिए लागू होंगे। आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत नियमानुसार दंडित करने की कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होकर अगले आदेश तक प्रभावी रहेंगे।

# व्यापार जगत

# पाकिस्तान में राफेल का खौफ

## ▶▶ तूफान की तरह बढ़ रहे इस विमान कंपनी के शेयर

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। पाकिस्तान की नापाक हरकतों का भारत मुंहतोड़ जवाब दे रहा है। भारत के जवाबी कार्रवाई से पाकिस्तान में खौफ का माहौल है। पाकिस्तान में खौफ बढ़ाने के लिए भारत के राफेल विमान काफी हैं। इस बीच, राफेल विमान को बनाने वाली कंपनी के शेयर में तेजी देखी जा रही है।



## किस कंपनी के शेयर

राफेल को बनाने वाली कंपनी फ्रांस की डसॉल्ट एविएशन है। चालू कैलेंडर वर्ष में अब तक डसॉल्ट एविएशन के शेयरों में 66 प्रतिशत से अधिक की तेजी आई है। आंकड़ों के अनुसार, पेरिस में सूचीबद्ध यह कंपनी 2025 में अब तक करीब 67 प्रतिशत बढ़कर 325 यूरो के पार पहुंच गई है। 31 दिसंबर 2024 को यह शेयर 195.90 यूरो पर बंद हुई थे।

## कंपनी के बारे में

डसॉल्ट एविएशन एक फ्रांसीसी एयरोस्पेस कंपनी है। कंपनी सैन्य विमान, बिजनेस जेट और अंतरिक्ष प्रणालियों के डिजाइन और निर्माण में लगी हुई है। पैरेंट फर्म ग्रुप इंडस्ट्रियल मार्सेल डसॉल्ट के पास कंपनी में 66.28 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जबकि 22.94 प्रतिशत हिस्सेदारी फ्री-फ्लोट बनी हुई है।

## भारत से समझौता

हाल ही में भारत और फ्रांस ने भारतीय नौसेना के लिए लगभग 64,000 करोड़ रुपए की लागत से भारतीय नौसेना के विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर तैनाती के लिए राफेल लड़ाकू विमानों के 26 नौसैनिक संस्करण खरीदने के वास्ते एक अंतर-सरकारी समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते में राफेल विमान के ढांचे के लिए उत्पादन सुविधा स्थापित करने के साथ-साथ भारत में विमान के इंजन, सेंसर और हथियारों के रखरखाव, मरम्मत और ओवरहालिंग सुविधाओं की स्थापना का प्रावधान है। इन विमानों की आपूर्ति 2028 में शुरू हो जाएगी और 2030 तक पूरी हो जाएगी, जिसके चालक दल को फ्रांस और भारत में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# टाटा के शेयर ने लगाई दौड़

▶▶ 870 करोड़ रुपए का मुनाफा

▶▶ 4400 रुपए पार पहुंच सकता दाम

**नई दिल्ली।** टाटा ग्रुप की कंपनी टाइटन के शेयर शुक्रवार को करीब पांच पर्सेंट के उछाल के साथ 3530 रुपए पर पहुंच गए हैं। मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि टाइटन कंपनी के शेयरों में और तेजी देखने को मिल सकती है। ब्रोकरेज फर्म सीएलएसए ने टाइटन के शेयरों को आउटपरफॉर्म रेटिंग दी है। ब्रोकरेज हाउस ने टाटा ग्रुप की इस कंपनी के शेयरों के लिए 4402 रुपए का टारगेट प्राइस दिया है। सीएलएसए ने पहले टाइटन के शेयरों के लिए 4326 रुपए का टारगेट दिया था। टाटा ग्रुप की कंपनी टाइटन का कवरेज करने वाले 35 एनालिस्ट्स में से 23 ने कंपनी के शेयरों को खरीदने की सलाह दी है। इन एक्सपर्ट्स ने टाइटन के शेयरों को बाय रेटिंग दी है। वहीं, सात एनालिस्ट्स ने कंपनी के शेयरों को होल्ड रेटिंग दी है, जबकि तीन एक्सपर्ट्स ने कंपनी के शेयरों को खरीदने की सलाह दी है। यह बात एक रिपोर्ट में कही गई है। दिग्गज इनवेस्टर रेखा झुनझुनवाला का टाइटन पर बड़ा दांव है। रेखा झुनझुनवाला के पास टाइटन के टोटल 4,57,93,470 शेयर हैं।



## टाइटन को 870 करोड़ रुपए का मुनाफा

टाइटन को चौथी तिमाही में 870 करोड़ रुपए का प्रॉफिट हुआ है। एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले टाटा ग्रुप की इस कंपनी का मुनाफा 11 पर्सेंट बढ़ा है। टाइटन को पिछले साल की मार्च तिमाही में 786 करोड़ रुपए का प्रॉफिट हुआ था। टाटा ग्रुप की कंपनी का कंसॉलिडेटेड रेवेन्यू मार्च 2025 तिमाही में 20 पर्सेंट बढ़कर 13,477 करोड़ रुपए रहा है। एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी का रेवेन्यू 11,257 करोड़ रुपए था। ज्वैलरी और वॉच सेगमेंट में मजबूत सेल्स से कंपनी के रेवेन्यू को सपोर्ट मिला है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए हर शेयर पर शेयरधारकों को 11 रुपए डिविडेंड देने का ऐलान किया है।

# आप का राशिफल 10 मई

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-2-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रूकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-2-6-8

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शुभांक-1-4-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यों से लाभ। शुभांक-2-4-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-4-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। शुभांक-5-7-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। शांतिपूर्वक कार्य करें। धार्मिक यात्रा का योग हैं। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। शुभांक-2-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-5-6

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। शुभांक-4-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-3-5-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-3-6-8

# सोना 383 रुपए चढ़ा, चांदी 461 बढ़ी

**नई दिल्ली।** सोने की कीमतों में नौ मई को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 383 गिरकर 96,647 पर आ गया है। इससे पहले 10 ग्राम सोने की कीमत 97,030 थी। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 461 बढ़कर 95,686 प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी का भाव 95,225 प्रति किलो था। इससे पहले सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था।



■ कैरेट के हिसाब से देखें गोल्ड की कीमत

## चार महानगरों में सोने की कीमत

- **दिल्ली:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 90,300 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 98,500 रुपए है।
- **मुंबई:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 90,150 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 98,350 रुपए है।
- **कोलकाता:** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 90,150 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 98,350 रुपए है।
- **चेन्नई:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 90,150 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 98,350 रुपए है।

# अमेरिका से डील की तैयारी में भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने अमेरिका के साथ अपने टैरिफ गैप को घटाकर चार पर्सेंट से भी कम करने का ऑफर दिया है। मौजूदा समय में भारत और अमेरिका के बीच टैरिफ गैप करीब 13 पर्सेंट है। दो सूत्रों के हवाले से यह बात रॉयटर्स की एक रिपोर्ट में कही गई है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत और अमेरिका के बीच जल्द ही डील हो सकती है। बता दें कि अमेरिका से भारत सभी मौजूदा, संभावित टैरिफ बढ़ोतरी से छूट चाहता है। इसके साथ ही, भारत 90 पर्सेंट अमेरिकी गुड्स को प्रेफरेंशियल एक्सेस देने के लिए तैयार है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत के वरिष्ठ अधिकारियों का एक दल अमेरिका के साथ प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर चर्चा करने के लिए इस महीने वाशिंगटन का दौरा करेगा। बता दें कि बीटीए पर भारत के मुख्य वार्ताकार एवं वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल और दक्षिण एवं पश्चिम एशिया के लिए सहायक अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ब्रेंडन लिंच ने पिछले महीने वाशिंगटन में बातचीत को रफ्तार देने के लिए तीन दिवसीय बैठक की थी। प्रस्तावित समझौते में अमेरिका के साथ भारत कपड़ा, रत्न-आभूषण, चमड़े के सामान, परिधान, प्लास्टिक, रसायन, झींगा, तिलहन, रसायन, अंगूर और केले जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए टैरिफ रियायत की मांग कर रहा है। दूसरी ओर अमेरिका कुछ औद्योगिक वस्तुओं, वाहन (विशेष रूप से इलेक्ट्रिक वाहन), शराब, पेट्रोरसायन उत्पाद, डेयरी, सेब जैसे कृषि उत्पाद क्षेत्रों में टैरिफ छूट चाहता है। अमेरिका ने दो अप्रैल को अमेरिका में प्रवेश करने वाले भारतीय सामानों पर अतिरिक्त 26 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। हालांकि, ट्रंप प्रशासन ने नौ अप्रैल को भारत में इन टैरिफ को इस साल नौ जुलाई तक के लिए निलंबित कर दिया था। हालांकि, देशों पर लगाया गया 10 प्रतिशत बेसिक चार्ज लागू रहेगा। अमेरिका की बात करें तो यह भारत का सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर है।



■ टैरिफ गैप पर ट्रंप प्रशासन को बड़ा ऑफर

## जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन की समीक्षा बैठक आयोजित

# जिले में हुए मॉकड्रिल व ब्लैकआउट की समीक्षा कर आवश्यक व्यवस्थाओं की पूर्ति करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी। डीडवाना-कुचामन** जिला कलक्टर पुखराज सेन ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट वीसी कक्ष में वर्तमान स्थिति के मद्देनजर केंद्र व राज्य सरकारों द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार आपदा प्रबंधन की स्थिति में तत्काल कार्यवाही के लिए नागरिक सुरक्षा हेतु नियुक्त 12 सेवाओं (खोज एवं बचाव सेवाएं,आपूर्ति और संसाधन प्रबंधन सेवा,कानून व्यवस्था व पुलिस सेवा, इंजीनियरिंग और बुनियादी ढांचा सेवा, स्वयंसेवक प्रबंधन सेवा, अग्निशमन सेवा,चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा, खाद्य पानी और आश्रय सेवा, संचार सेवा,परिवहन सेवा,जन सूचना एवं मीडिया सेवा तथा सामाजिक कल्याण और काउंसलिंग सेवा) के नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में आपदा प्रबंधन की समीक्षा की। बैठक में जिला कलक्टर सेन ने बुधवार को जिले में हुए मॉक ड्रिल व ब्लैकआउट की समीक्षा कर आवश्यक व्यवस्थाओं की पूर्ति करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये और कहा कि आमजन को जारी निर्देशों के प्रति जागरूक किया जाये। बैठक में जिला कलक्टर सेन ने किसी भी प्रकार की आपदा के दौरान में जिलेपेयजल, बिजली ,स्वास्थ्य सेवाओं, खाद्य सामग्री, दूरसंचार सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को सोशल मीडिया के द्वारा अफवाहों फैलाने वालों पर कारवाई करने व सतत निगरानी रखने, आमजन को जागरूक करने एवं नागरिकों को सूचना प्रदान करने के लिए आवश्यक बंदोबस्त करने के लिए निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने आपदा राहत एवं प्रबंधन के लिए जिला मुख्यालय पर नियन्त्रण कक्ष के सुचारु संचालन के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर महेंद्र मीणा ने बताया कि जिला कलक्टर कार्यालय में आपदा प्रबंधन के लिए नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जो 24 घंटे संचालित होगा। उन्होंने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में नागरिक नियन्त्रण कक्ष के टेलीफोन नंबर 01580-294494 पर संपर्क कर सकते हैं। इस दौरान बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिमांशु शर्मा, उपखंड अधिकारी विकास मोहन भाटी, नगर परिषद आयुक्त भगवान सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नरेंद्र चौधरी, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता सुनील मानवतल,जिला रसद अधिकारी उपेंद्र ढाका, जिला शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र सिंह सहित सभी संबंधित अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

# झुंझुनूं की पोक्सो कोर्ट ने सुनाया फैसला, एक को 20 साल की सजा, दूसरा बरी

**झुंझुनूं।** झुंझुनूं की पोक्सो कोर्ट ने नाबालिग से बलात्कार के मामले में फैसला सुनाया है। जिसमें सीकर के राधाकृष्णपुरा निवासी रवि उर्फ रविन्द्र सिंह को दोषी करार देते हुए 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी पर एक लाख रूपए का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर उसे दो वर्ष का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। यह निर्णय विशेष न्यायाधीश इसरार खोखर ने सुनाया। मामले में एक अन्य आरोपी राहुल सिंह निवासी उद्योग नगर सीकर) को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया है। कोर्ट के विशिष्ट लोक अभियोजक सुरेन्द्र सिंह भाम्बू ने बताया कि एक महिला ने 18 जनवरी 2022 को चिड़ावा थाने में रिपोर्ट दी थी कि उसकी नाबालिग बेटी 16 जनवरी की रात को घर पर सोई थी, लेकिन अगली सुबह लापता मिली। परिजनों ने आस पास तलाश की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। रात आठ बजे तक भी बेटी के घर न लौटने पर जब महिला ने अपने बक्से की जांच की, तो उसमें से गहने और 18 हजार रुपए भी गायब मिले। महिला ने आशंका जताई कि आरोपी रविन्द्र उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। जब उसने रविन्द्र के भाई राहुल से संपर्क किया, तो उसने बताया कि रविन्द्र भी 16 जनवरी की शाम से घर से लापता है और उसकी कोई जानकारी नहीं है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए रविन्द्र और राहुल के विरुद्ध बलात्कार और अपहरण सहित विभिन्न धाराओं में आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। राज्य सरकार की ओर से मामले की पैरवी विशेष लोक अभियोजक सुरेन्द्र सिंह भाम्बू ने की। उन्होंने अभियोजन पक्ष की ओर से 17 गवाहों के बयान और 34 दस्तावेज पेश करते हुए कोर्ट को बताया कि यह मामला अत्यंत गंभीर प्रकृति का है और आरोपी को कठोरतम सजा दी जानी चाहिए। कोर्ट ने सभी साक्ष्यों का विश्लेषण करते हुए रविन्द्र को दोषी माना और 20 साल के कठोर कारावास के साथ-साथ एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया। उक्त सजा व जुर्माना के साथ अन्य धाराओं में दी गई सजाए सजा साथ-साथ भुगतने का आदेश दिया।

# खैरु बड़ी शिक्षकों का डोर टू डोर अभियान निरंतर जारी



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ उपखण्ड क्षेत्र में तहसील के हरियाणा निकटवर्ती राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खैरु बड़ी के शिक्षकों का डोर टू डोर अभियान निरंतर जारी है। व्याख्याता छोगाराम की अगुवाई में शिक्षकों का एक दल विद्यालय में नामांकन वृद्धि के लिए गांव भाकरां में अभिभावकों एवं बच्चों से संपर्क किया एवं शिक्षा के महत्व पर जोर दिया गया विज्ञान अध्यापक सतवीर सिंह पूनिया ने कहा कि शिक्षा के बिना मनुष्य का जीवन अधूरा है। इसलिए हमें अपने बच्चों के पालन पोषण के साथ-साथ शिक्षा पर भी ध्यान देना चाहिए और उन्हें शिक्षा के लिए प्रेरित करना चाहिए शिक्षकों ने अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया। पंचायत शिक्षक राजेश कादराण और प्रेमचंद तानाण ने भी अभिभावकों एवं बच्चों से कहा कि 'शिक्षा है अनमोल रतन, पढने का सब करो जतन' के सपने को साकार करते हुए आधुनिक जमाने की नींव शिक्षा से ही जागृत हो सकेगी इस अवसर पर व्याख्याता छोगाराम, वरिष्ठ विज्ञान अध्यापक सतवीर पुनिया, पंचायत शिक्षक राजेश कादराण, प्रेमचंद तानाण, नेतराम मेहरा, नरेंद्र सिंह मेहरा और ग्रामीण मौजूद रहे सभी ने मिलकर अभिभावकों को अपने बच्चों को राजकीय विद्यालय में प्रवेश दिलाकर निशुल्क शिक्षा के महत्व को समझाया।

# विशेष शिक्षा पर राष्ट्रीय सेमिनार का सफल आयोजन



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** ओपीजेएस विश्वविद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ स्पेशल एजुकेशन द्वारा 'विकलांगता एवं मानसिक स्वास्थ्य उपचार में डिजिटल उपकरणों और तकनीक का एकीकरण' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का भव्य आयोजन किया गया। इस सेमिनार का उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए समावेशी, नवाचारयुक्त एवं संवेदनशील शिक्षण व्यवस्था को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुमित्रा पूनिया (भाजपा प्रत्याशी, सादुलपुर विधानसभा क्षेत्र) रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. पवन कुमार शर्मा (चेयरमैन) ने की। डॉ. अक्षय शर्मा (महासचिव) एवं ओमदत्त शर्मा (कोषाध्यक्ष) विशिष्ट अतिथि रहे। सेमिनार में देशभर से शिक्षाविद, शोधकर्ता, विशेष शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। वक्ताओं ने विशेष शिक्षा में प्रौद्योगिकी की भूमिका, समावेशी शिक्षण पद्धतियां, नीति निर्माण और व्यवहारिक कार्यान्वयन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार साझा किए। कार्यक्रम में राकेश अरोड़ा (आयुक्त, नगर परिषद राजगढ़), डॉ. राजेश मीना (कुलसचिव), डॉ. बुद्धि प्रकाश बैरवा (परीक्षा नियंत्रक), यशपाल यादव, मनोज खैरिया, ओमवीर पूनिया, डॉ. नरेंद्र त्यागी, डॉ. इंदू राणा, आनंद तिवारी, रजत सरोहा, राहुल जांगड़ा, अजय मंत्री, सुनील यादव, संदीप यादव सहित विश्वविद्यालय के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 'विपत्ति में भी दुश्मन के आगे नहीं झुके महाराणा प्रताप'



**कुचामन सिटी।** लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट ने वीरता के प्रतीक हिंदुआ सूरज महाराणा प्रताप को उनकी 485वीं जयंती पर याद कर नमन किया। क्लब के संस्थापक अध्यक्ष लॉयन राम काबरा, लियो क्लब उपाध्यक्ष लियो अविनाश जैन, लियो तरुण सोनी, विष्णु मोयल ने प्रताप नगर स्थित महाराणा प्रताप स्थल पहुंचकर वीर शिरोमणि की मूर्ति को नमन किया एवं उनके वंशज गाड़िया लोहार परिवार के लोगों का माला पहनाकर सम्मान किया तथा देश भक्ति से ओतप्रोत नारे लगाए। लॉयन राम काबरा ने बताया महाराणा प्रताप जैसे महापुरुषों का जीवन हमें प्रेरणा देता है की किसी भी संकट से भयभीत ना होकर डटकर मुकाबला करना चाहिए तथा इस बात का अहसास कराता है कि इंसान को स्वाभिमानी होना चाहिये। संकटों से घबरा कर अपने धर्म से विमुख नहीं होना चाहिए।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनान्तर्गत विशेष योग्यजन पेंशनर्स को करवाना होगा वार्षिक भौतिक सत्यापन

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनान्तर्गत जिले में कुल दो लाख 81 हजार 208 पेंशनर्स हैं। जिनमें से दो लाख 69 हजार 192 पेंशनर्स का वार्षिक सत्यापन हो चुका है तथा 12 हजार 016 पेंशनर्स अभी भी वार्षिक सत्यापन से लंबित हैं। जिले में विशेष योग्यजन पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशनर्स की संख्या 19 हजार 895 है। जिनमें से अधिकतर असत्यापित विशेष योग्यजन पेंशनर्स का यूडीआईडी कार्ड नहीं बने होने के कारण उनका वार्षिक भौतिक सत्यापन नहीं हो पा रहा है। ऐसे पेंशनर्स अपने नजदीकी ई-मित्र के माध्यम से यूडीआईडी कार्ड के लिए आवेदन कर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, झुंझुनूं से अपने यूडीआईडी रजिस्ट्रेशन नंबर प्राप्त करने के पश्चात ई-मित्र पर जाकर अपने जनाधार में अपडेट करावें। जनाधार में यूडीआईडी रजिस्ट्रेशन नंबर अपडेट होने के पष्चात पेंशनर अपना भौतिक सत्यापन करवा सकता है।

विभाग के उप निदेशक डॉ. पवन पूनियां ने बताया कि प्रत्येक पेंशनर को वर्ष में एक बार सत्यापन करवाना अनिवार्य है। वार्षिक सत्यापन नहीं करवाने की स्थिति में पेंशनर की पेंशन राशि का भुगतान रोक दिया जाता है। समस्त पेंशनर्स जिन्होंने वार्षिक भौतिक सत्यापन नहीं करवाया है तथा जिन विशेष योग्यजन पेंशनर्स ने यूडीआईडी कार्ड नहीं बनवाया है, अविलम्ब बनवाकर अपना वार्षिक भौतिक सत्यापन करावें अन्यथा माह मई से उनकी पेंशन राशि का भुगतान रोका जा सकता है। सत्यापन करवाने के लिए पेंशनर अपने नजदीकी ई-मित्र पर जाकर बायोमैट्रिक के माध्यम से अपना वार्षिक सत्यापन करवा सकता है।

इसके अलावा पेंशनर संबंधित ऐप के माध्यम से अपने मोबाईल पर भी वार्षिक सत्यापन कर सकता है। पेंशन स्वीकृतिकर्ता अधिकारी यथा ग्रामीण क्षेत्र में विकास अधिकारी तथा शहरी क्षेत्र में उपखंड अधिकारी के द्वारा उनके मोबाईल नंबर पर ओटीपी से सत्यापन का भी प्रावधान किया गया है। ऐसे पेंशनर्स जिनका किसी कारणवश बायोमेट्रिक से या एप से सत्यापन नहीं हो रहा है। वे अपने संबंधित पंचायत समिति में तथा उपखण्ड अधिकारी कार्यालय में जाकर ओटीपी के माध्यम से भी सत्यापन करवा सकते हैं।

# किरतान ग्राम पंचायत को यथास्थिति में रखने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सुमित्रा पूनिया को ज्ञापन सौंपा



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** सादुलपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सुमित्रा पूनिया को किरतान, बास भरिण्ड और खुडियाबास गांवों के ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर चूरू के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में तीनों गांवों की संयुक्त ग्राम पंचायत किरतान को यथास्थिति में बनाए रखने की मांग की गई। ग्रामीणों ने सुमित्रा पूनिया से निवेदन किया कि इस मुद्दे को प्रशासन के समक्ष मजबूती से रखा जाए। ज्ञापन में बताया गया कि आदेश क्रमांक 502-530 दिनांक 7 अप्रैल 2025 के तहत ग्राम पंचायत का पुनर्गठन प्रस्तावित किया गया था। किरतान गांव की जनसंख्या 1408, बास भरिण्ड की 1017 और खुडियाबास की 362 है। किरतान और बास भरिण्ड के बीच की दूरी मात्र 400 मीटर है जबकि खुडियाबास गांव किरतान से सिर्फ 4 किलोमीटर दूर है। बास भरिण्ड के नागरिकों के लिए नजदीकी कस्बा राजगढ़ जाने के लिए किरतान रेलवे स्टेशन ही मुख्य साधन है। तीनों गांवों की सीमाएं भी आपस में सटी हुई हैं, जिससे प्रशासनिक दृष्टि से इनका एक ही ग्राम पंचायत में रहना लाभकारी है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि तीनों गांवों के अधिकांश लोग इस पंचायत के वर्तमान स्वरूप से संतुष्ट हैं और किसी भी प्रकार के पुनर्गठन का विरोध कर रहे हैं। ग्रामीणों ने आग्रह किया कि उनकी भावनाओं का सम्मान करते हुए पंचायत को यथास्थिति में रखा जाए। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से रामफल लंबोरिया (हमीरवास मंडल अध्यक्ष व उपप्रधान पंचायत समिति राजगढ़), हरिसिंह चाहर भामाशाह, बीर सिंह (पूर्व सरपंच), राजूराम थानेदार, महावीर जड़िया, बाबूलाल मेघवाल, धर्मपाल सिंह राठौड़, महेंद्र सिंह मेघवाल, मांगेराम मेघवाल, सरदारराम खींची, सतबीर जिनागल आदि शामिल रहे।

# भागवत के समापन पर भंडारे में जा रहे बाइक सवार युवक पर किया सांड ने हमला

**बाड़ी।** धौलपुर जिले के कंचनपुर थाना क्षेत्र में कंचनपुर रोड़ पर भागवत कथा के भंडारे में जा रहे बाइक सवार युवक पर जमालपुर गांव के पास सड़क पर खड़े आवारा सांड द्वारा अचानक हमला करने का मामला सामने आया है। घटना में घायल युवक को एंबुलेंस से बाड़ी राजकीय सामान्य चिकित्सालय लाया गया,जहां से घायल की गंभीर हालत को देख ड्यूटी चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार देकर जिला चिकित्सालय धौलपुर रेफर किया है। जानकारी के अनुसार कंचनपुर थाना क्षेत्र के विदरपुर गांव निवासी मोनू पुत्र राधेश्याम कुशवाह आज शुक्रवार दिन में करीब एक बजे कंचनपुर के जमालपुर में आयोजित हुई भागवत कथा के भंडारे में प्रसादी पाने बाइक से जा रहा था। इस दौरान जैसे ही वह जमालपुर गांव के मोड़ पर पहुंचा। सड़क पर खड़े आवारा सांड ने उस पर हमला कर दिया। जिसमें सांड का सींग उसके हाथ और सीने के बीच बगल में फंस गया। इस दौरान सांड ने उसे बाइक से उठाकर सड़क पर पटक दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### श्री माहेश्वरी सभा की कार्यकारिणी का विस्तार

उमेश पेड़ीवाल को मंत्री पद का दायित्व



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**नोहर।** श्री माहेश्वरी सभा के नवनियुक्त अध्यक्ष देवकीनंदन लखोटिया ने गुरुवार को पचीसिया अतिथि गृह में आयोजित एक बैठक में अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया। नव नियुक्त अध्यक्ष ने विशंभर पचीसिया व राजकुमार बागड़ी को उपाध्यक्ष ,उमेश पेड़ीवाल को मंत्री,श्याम सुंदर थिरानी को उप मंत्री, जयप्रकाश मंत्री को कोषाध्यक्ष और संजय करवा को भवन प्रभारी का दायित्व सौंपा। इसके अतिरिक्त अध्यक्ष लखोटिया ने कार्यकारिणी में प्रेम राठी, हीरालाल राठी, जयकिशन गिलड़ा, सुरेश कलानी, पवन बागड़ी, कमल गट्टानी, अरुण सोनी व मनीष करवा को सदस्य नियुक्त किया है। इसके अलावा सुनील कुमार राठी, पवन चांडक, राजेंद्र थिरानी और कमल कलानी पदेन सदस्य के रूप में शामिल रहेंगे। कार्यकारिणी की पहली बैठक में अध्यक्ष लखोटिया ने बताया कि हमेशा की तरह इस बार भी महेश नवमी पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा इस अवसर पर समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं एवं वरिष्ठ समाज बंधुओ को सम्मानित भी किया जाएगा।

### सादुलपुर भगवती जोहड़ी सेवा आश्रम में विशेष धर्म समारोह संपन्न



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ के निकटवर्ती सिद्ध पीठ श्री भगवती जोहड़ी सेवा आश्रम में शुक्रवार को विशेष धर्म समारोह का आयोजन हुआ। महामंडलेश्वर विनोदानन्द पुरी महाराज के शिष्य महंत बलरामपुरी के सानिध्य में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। आसपास के क्षेत्र के अलावा हरियाणा पंजाब व दिल्ली के श्रद्धालू भी समारोह में शामिल हुए। प्राप्त जानकारी के अनुसार सहयोगी संत मुकेश पुरी तथा कृष्ण पुरी के मौन व्रत तप समापन पर उक्त कार्यक्रम हुआ। इसमें भजन अनुष्ठान के साथ भंडारा भी रखा गया। इस अवसर पर महंत बलरामपुरी ने कहा कि मौन व्रत भी एक शक्ति संपन्न तपस्या होती है। जो व्यक्ति मौन व्रत तप की साधना कर सकता है, वह आत्म कल्याण के साथ अन्य आध्यात्मिक परि कल्पनाएं भी पूर्ण कर सकता है। कार्यक्रम में महंत महामंडलेश्वर विनोदानंद पुरी महाराज के भाई झज्जर निवासी एडवोकेट रमेश कुमार, हिसार के समाजसेवी विनोद समाणिया सहित मुख्य पुजारी योगी इंद्र सिंह तथा प्रताप मुंड, भादर, राम गोदारा, विनोद गौतम उपस्थित थे।

### पूर्व सैनिक कल्याण उप कार्यालय की स्वीकृति राजगढ़ के लिए अभूतपूर्व कार्य : न्यागंली

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** विधायक मनोज न्यागंली ने राजस्थान सरकार के मंत्री मा.राज्यवर्धन राठौड़ से मिलकर राजगढ़ में पूर्व सैनिक कल्याण उप कार्यालय स्वीकृत कराने की मांग की थी जिसको सरकार ने गंभीरतापूर्वक लेते हुए स्वीकृती प्रदान कर राजगढ मे पूर्व सैनिको के कल्याण के लिए अभूतपूर्व कदम उठाया है। न्यांगली ने जानकारी देते हुए बताया कि उनको पूर्व सैनिकों ने व्यक्तिगत रूप से मिलकर अपनी पीडा बताई और पूर्व सैनिको एव उनको परिवार के लिए राजगढ़ में पूर्व सैनिक उप कार्यालय की आवश्यकता बताई। न्यागंली ने मंत्री मा.राज्यवर्धन को बताया कि राजगढ तहसील एक वीरो की भूमि है यहां के जवानों ने समय समय पर भारतीय सेना में अपना सर्वोच्च प्रदर्शन कर अपने प्राणो का बलिदान दिया है। यदि उन वीर शहीदों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए उप कार्यालय की स्वीकृति मिल जाए तो यह राजगढ़ के लिए गौरव की बात होगी जिस पर सरकार ने आज स्वीकृति प्रदान कर दी। न्यागंली ने सरकार एवं मा.राज्यवर्धन को धन्यवाद ज्ञापित किया। विधायक न्यागंली ने सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक विरेन्द्र सिंह राठौड को भी धन्यवाद देते हुए बताया कि राजगढ में पूर्व सैनिक कल्याण उप कार्यालय स्वीकृति में इनकी भी बहुत बड़ी भूमिका है इनके प्रयास से सादुलपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए गौरवान्वित स्वीकृती मिली है।

### महाविद्यालयी बालिकाओं के लिए झुंझुनूं में छात्रावास के लिए किराए के भवन की आवश्यकता

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा जिले में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महाविद्यालयी बालिकाओं के लिए 50 सीटर आवासीय छात्रावास प्रारंभ किया जा रहा है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए विभाग को जिला मुख्यालय की नगर परिषद सीमा में एक उपयुक्त किराए के भवन की आवश्यकता है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक डॉ. पवन पूनियां ने जानकारी देते हुए बताया कि यह छात्रावास बालिकाओं की सुरक्षा, सुविधा और उच्च शिक्षा को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि किराए का भवन बालिका महाविद्यालय के समीप, सुरक्षित एवं छात्रावास संचालन के लिए उपयुक्त होना चाहिए। इस संबंध में इच्छुक भवन मालिकों से आग्रह किया गया है कि वे कार्यालय समय में राजकीय अम्बेडकर छात्रावास परिसर चुरू रोड स्थित उप निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग कार्यालय में संपर्क करें और अपने भवन की जानकारी प्रस्तुत करें।

### बिरला बालिका विद्यापीठ में रवींद्रनाथ टैगोर जयंती मनाई

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**पिलानी।** बिरला बालिका विद्यापीठ में सुप्रसिद्ध साहित्यकार रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती मनाई गई। इस उपलक्ष्य में विद्यालय में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विद्यालय मैनेजर डॉ. एम कस्तूरी थी। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तदुपरांत मुख्य अतिथि प्रभारी प्राचार्या अचला वर्मा एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने गुरूदेव रवींद्रनाथ के छवि चित्र के समक्ष पुष्पार्पण किया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा रचित गानों एवं कविताओं की सुमधुर प्रस्तुतियां दी। उन्होंने गुरूदेव के गीतों पर सुंदर नृत्य प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्राओं ने पीपीटी प्रस्तुतीकरण के द्वारा भी रवींद्रनाथ टैगोर के जीवन चरित एवं आदर्शों को प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि विद्यालय मैनेजर डॉ. एम. कस्तूरी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि बहुमुखी प्रतिभा के धनी रवींद्रनाथ टैगोर एक कवि, लेखक, ही नहीं अपितु एक शिक्षक, दार्शनिक और चित्रकार भी थे।

# बिगड़ा मौसम, आंधी तूफान के बीच हुई झमाझम बारिश

पचास एमएम बारिश दर्ज, नदी-नालों में बहा पानी

बिजली हुई गुल, उखड़े टेंट, उड़े टीन टप्पर



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** कस्बे सहित आसपास क्षेत्र में गुरुवार रात मौसम ने अचानक करवट बदली। रात 10 बजे से तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई जो शुक्रवार सुबह तक जारी रही। आंधी के कारण क्षेत्र में रात भर बिजली आपूर्ति बाधित रही। सेसली में एक शादी समारोह में लगा टेंट भी तेज हवाओं की वजह से उखड़ गया। कई घरों के टीन टप्पर उड़ गए व पेड़ों की टहनियां टूट गई। जल संसाधन विभाग के सहायक अभियंता रोहित चौधरी के अनुसार शुक्रवार सुबह 8 बजे तक बीते चौबीस घंटे में 50 एमएम बारिश दर्ज की गई। आदिवासी बहुल इलाकों में तेज बारिश से नाणा नदी, काकराड़ी और सेंदला नदी में पानी बहा। बाली के लुणावा से निकलने वाली पावटी नदी में भी पानी तेज गति से बहने लगा। इसी तरह सूकड़ी नदी में भी पानी बहा। पिछले पांच दिनों से मौसम में लगातार बदलाव बना हुआ है। शुक्रवार को दिनभर गर्मी व उमस का असर बना रहा। दोपहर में धूप खिली।

### ईंट के कजावों पर कच्ची ईंटों को पहुंचा नुकसान

*उधर बेमौसम बारिश से कजावों पर तैयार की गई कच्ची ईंटों को काफी नुकसान पहुंचा। ईंटों के व्यवसाय से जुड़े कुम्हार समाज के लोगों की आजीविका पर गंभीर प्रभाव पड़ा। लगातार चार दिनों की बारिश से भट्टों में पकने के लिए रखी कच्ची ईंटें पूरी तरह से नष्ट हो गई। कुम्हार समाज के प्रतिनिधि अमृत प्रजापत के अनुसार बाली में अधिकतर कुम्हार परिवार ईंट बनाने के व्यवसाय से जुड़े है। ईंट भटटों में रखी कच्ची ईंटें पूरी तरह भीगने किसी काम की नहीं रही व मिट्टी का ढेला बनकर रह गई। पूरे साल की मेहनत और निवेश बर्बाद हो गया। कई परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। प्रभावित परिवारों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।*



## दुकानों के बाहर की लाइट व ग्लोसाइन बोर्ड की लाइट भी करनी होगी बंद

# देश हित में नियमों का पालन करना सभी का कर्तव्य : गीतासिंह

ब्लैक आउट गाइड लाइन की दी जानकारी

रात साढे आठ बजे बंद होगा बाजार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांडेराव।** जिला प्रशासन के आदेशानुसार थानाधिकारी गीता सिंह चौधरी ने बस स्टैंड स्थित बाबा रामदेव मंदिर परिसर में ग्रामवासियों की बैठक लेकर ब्लैक आउट गाइडलाइन के बारे में विस्तार से जानकारी देने के साथ आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि अपनी दुकानें, प्रतिष्ठान रात 8.30 बजे तक मंगल कर दें और जाने से पहले दुकान के बाहर लगी लाइट, ग्लोसाइन बोर्ड की लाइट भी बंद करके जाएं। 8.30 बजे के बाद पूर्णतया ब्लैक आउट लागू रहेगा। सभी घरों और प्रतिष्ठानों की सभी लाइटें बंद रखना अनिवार्य होगा। वाहन चालकों को भी ब्लैक आउट गाइडलाइन की पालना करनी होंगी। दुपहिया, तिपहिया और चार पहिया वाहनों पर रातभर रोक रहेगी। आतिशबाजी/पटाखों के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। थानाधिकारी चौधरी ने कहा कि हर नागरिक का कर्तव्य है कि वे देश हित में नियमों का पालन करें। सुरक्षा कारणों से उठाया गया ये कदम बेहद जरूरी और संवेदनशील है। इसलिए आमजन राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सतर्कता के साथ शांति और सहयोग बनाए रखें। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



### पुलिसकर्मियों को प्राथमिक उपचार का दिया प्रशिक्षण



**पाली।** भारत पाक के बीच बढ़ते तनाव के बीच शुक्रवार को पाली पुलिस लाइन मैदान में जिला कलक्टर एलएन मंत्री, एसपी चुनाराम जाट और डा सौरभ गौड़ के नेतृत्व में चिकित्सा टीम की ओर से जिले के 400 से अधिक पुलिस अधिकारियों और जवानों को फस्ट एड की ट्रेनिंग दी गई। चिकित्सक द्वारा जवानों को घटना के दौरान खुद के बचाव के साथ घायल लोगों को प्राथमिक उपचार की जानकारी दी गई। कलक्टर की ओर से सभी सरकारी वाहनों में फस्ट एड की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए।

## रात्रि चौपाल में सुनी परिवेदनाएं, किया निस्तारण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** ग्राम पंचायत जवाई बांध पर गुरुवार शाम को एडीएम बजरंगसिंह एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुकेश चौधरी व सरपंच पुष्पादेवी सीपा के सानिध्य में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। एसडीएम कालूराम कुम्हार ने बताया कि रात्रि चौपाल में आमजन से प्राप्त 23 परिवेदनाओं व समस्याओं का निस्तारण किया गया। इस दौरान विभागीय रिपोर्ट, प्रोफाइल, प्रगति, फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा की गई। ग्राम विकास अधिकारी जबरसिंह सोनीगरा ने बताया कि रात्रि चौपाल में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को लेकर 23 प्रकरण दर्ज करवाए। जिसमें मुख्य रूप से बिजली, पेयजल का मुद्दा रहा। साथ ही खाद्य सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में जिन लाभार्थियों के फिंगर प्रिंट नहीं आ रहें है उनका निस्तारण करवाने, शिक्षा, स्वास्थ्य, साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर परिवेदनाओं का निस्तारण किया गया। एडीएम ने बीमारियों की रोकथाम को लेकर चकित्सकों व एएनएम को निर्देश दिए गए। वन विभाग को अधिक से अधिक पौधरोपण करवाने का कहा गया। आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान पर भारत सरकार द्वारा जारी कार्रवाई को लेकर सरकार द्वारा जारी नियमों की पालना करने की आमजन से अपील की गई। सीइओ ने महिलाओं को अधिक से अधिक योजनाओं की जानकारी देकर लाभ लेने जागरूक किया। इस मौके पर पस सदस्य जयनारायण सीपा, एसीओ विशाल सीपा, बीडीओ प्रमोद दवे, तहसीलदार दिनेश आचार्य, बिजली विभाग एक्सइएन अशोक मीणा, जलदाय विभाग के खेमराज बेरवा, सीएमएचओ डा. गोविंदसिंह चुंडावत, आरटीओ ऑफिसर व अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## जिले के चार राजकीय कॉलेजों में मध्यावधि परीक्षा स्थगित

*बाली, सादड़ी, देसूरी और तखतगढ़ में द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं अगले आदेश तक टलीं*

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** पाली जिले में आपातकालीन स्थिति को देखते हुए चार राजकीय महाविद्यालयों में होने वाली मध्यावधि परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। राजकीय महाविद्यालय बाली के प्राचार्य आईदान सिंह राजपुरोहित के अनुसार राजकीय महाविद्यालय बाली, सादड़ी, देसूरी और राजकीय कन्या महाविद्यालय तखतगढ़ में आयोजित की जाने वाली परीक्षाएं स्थगित कर दी गई है। इन सभी महाविद्यालयों में द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों की मध्यावधि परीक्षाएं प्रस्तावित थीं। कॉलेज प्रशासन ने वर्तमान में उत्पन्न आपदा और आपातकालीन हालात को देखते हुए यह निर्णय लिया है। नई परीक्षा तिथियों की घोषणा अगले आदेश में की जाएगी।

## आज बाधित रहेगी जलापूर्ति



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** फालना रेलवे पुलिया के पास रेलवे विभाग की ओर से जेसीबी से करवाए जा रहे कार्य के दौरान बाली की मुख्य जल आपूर्ति पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। सहायक अभियंता भंवरलाल पिंडेल ने बताया कि पाइपलाइन की मरम्मत में समय लगेगा। इसके कारण शनिवार को बाली शहर में जलापूर्ति या तो बाधित रहेगी या फिर देरी से होगी।

## बेरोजगार युवा मित्रों ने भरी हुंकार

**सुमेरपुर।** पिछली सरकार में राजस्थान के आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग में कार्यरत 5000 बेरोजगार युवा मित्र देश सेवा व जरूरत पड़ने पर पाकिस्तान के साथ जंग में अपनी जान न्यौछावर करने को तैयार हैं। गौरतलब हैं कि वे पिछले डेढ़-दो साल से बेरोजगारी से त्रस्त है। मुख्यमंत्री भजनलाल के शासन में राज्यभर के युवा मित्रों को हटाया गया था जो अब बेरोजगार है व आज तक पुनः बहाली की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं। युवा मित्र संघर्ष समिति पाली जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार नेतरा ने बताया कि राजस्थान के सम्पूर्ण युवा मित्रों ने सामूहिक रूप से ऐलान किया है।

# आपदा प्रबंधन को स्वयंसेवकों को दिया प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** आपदा प्रबंधन के लिए चिकित्सा विभाग की ओर से शु' वार को शहर सहित जिलेभर में स्वयंसेवकों के लिए प्राथमिक चिकित्सा को लेकर प्रशिक्षण कार्य' म आयोजित किया गया। सीएमएचओ डॉ विकास मारवाल ने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों में विभिन्न प्रकार की आपदाओं की संभावना को देखते हुए जिला कलक्टर एलएन मंत्री के निर्देश पर जिले में स्वयंसेवकों यथा स्काउट गाइड, सिविल डिफेंस एवं पुलिसकर्मियों के लिए प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्य' म आयोजित करने का निर्णय लिया गया। निर्देशों के पालन में चिकित्सा विभाग द्वारा शु' वार को पाली जिला मुख्यालय बांगड़ अस्पताल के ऑडिटोरियम में होमगार्ड, स्काउट-गाइड, एनएसएस, एनसीसी एवं सिविल डिफेंस में कार्यरत लोगों को आपातकालीन स्थिति में प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध करवाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक के रूप में एएनएम प्रशिक्षण केंद्र के प्रधानाचार्य केसी सैनी ने स्वयंसेवकों को बताया कि वर्तमान समय में युद्ध की स्थिति में घायलों को प्रभावित चिकित्सा सुविधा आसानी से एवं समय पर सुलभ हो सके, इसके लिए प्राथमिक चिकित्सा का



ज्ञान होना जरुरी है। उन्होंने विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी प्रदान की। जिसमें प्राथमिक चिकित्सा के स्वर्णिम नियम तथा आपातकाल में उत्पन्न होने वाली विभिन्न स्थितियों के दौरान दी जाने वाली प्राथमिक चिकित्सा के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि प्राथमिक चिकित्सा का मुख्य उद्देश्य घायलों को चिकित्सालय तक पहुंचने में लगने वाले समय के दौरान प्रदान की जाने वाली प्राथमिक सहायता है। जिसका मुख्य उद्देश्य घायलों की जान बचाना, घायल व्यक्ति में जटिलताओं को रोकना तथा घायल व्यक्ति की हालत में सुधार करना होता है। इसलिए आवश्यक है कि सही एवं प्रशिक्षित व्यक्ति द्वारा ही प्राथमिक चिकित्सा प्रदान की जानी चाहिए, अप्रशिक्षित व्यक्ति द्वारा प्राथमिक चिकित्सा नहीं की जानी चाहिए। सीएमएचओ ने बताया कि इसी तरह स्वयंसेवकों का प्रशिक्षण विभिन्न ब्लॉक स्तर पर भी आयोजित किया गया।

## आंखों में मिर्ची पाउडर डाल किया चाकू से हमला

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** बांगड़ हॉस्पिटल में सिरोही जिले के पिण्डवाड़ा के समीपवर्ती नांदिया निवासी चाकू के हमले में घायल युवक को भर्ती करवाया गया है। पीड़ित युवक रमेशकुमार पुत्र खंगाराम गरासिया ने बताया कि वह गुरुवार को गांव के पास स्थित आरासना मेले में घूमने गया था। वहां उसके गांव के पास के ही दो युवक आए और अचानक उसकी आंखों में मिर्ची पाउडर डाल दिया एवं ताबड़तोड़ चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। हमले में उसकी पीठ में पांच-छह गहरे घाव लगे है। युवक को स्थानीय सरकारी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद पाली रेफर किया गया। जहां बांगड़ हॉस्पिटल के सर्जिकल वार्ड में भर्ती किया गया है।



## मरम्मत नहीं हुई तो संभव है बांध को खतरा

# ठंडीबेरी बांध के ओवरफ्लो में दरार, पत्थर निकल रहे बाहर



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** कुंभलगढ़ वन्यजीव अभयारण्य स्थित ठंडीबेरी बांध के ओवरफ्लो में दरार पड़ने के कारण एक जगह से पत्थर बाहर निकलने के कारण तीन से दीवार में चार फीट का गडढ़ा हो गया है। अगर बारिश से पहले इस बांध के ओवरफ्लो का मरम्मत कार्य नहीं करवाया तो बांध को बचाना वन विभाग के लिए मुश्किल हो सकता है। अभ्यारण्य स्थित ठंडीबेरी बांध का निर्माण 1978 में हुआ था। इस बांध में पानी 8 किमी दूर स्थित कुम्भलगढ़ की पहाड़ियों से आता है। यह बांध समुंद्र तल से 600 फीट की ऊंचाई पर है एवं तीन नदियों व पहाड़ों को पार करने के बाद अभ्यारण्य के बीच नजर आता है। बांध अच्छी बरसात होने से ओवरफ्लो हो जाता हैं। जिसका पानी घाणेराव नदी होते हुए काणा बांध में जाता है। वहीं ठंडीबेरी बांध के ओवरफ्लो होने से घाणेराव नदी में करीब तीन से चार माह तक पानी बहता है। जिससे कुएं रिचार्ज होने से फसलों की अच्छी पैदावार होती है।

### सरकने लगे पत्थर, बन गया बड़ा गड्ढ़ा

*बांध के ओवरफ्लो की दीवार में पिछले वर्षो दरार आने के बाद धीरे धीरे दीवार के अंदर से ओवरफ्लो के दौरान पत्थर निकने शुरू हो गए। मगर विभाग को इसकी जानकारी होते हुए भी मरम्मत कार्य नहीं करवाया गया है। जिसके कारण ओवरफ्लो दीवार में तीन-चार फीट लंबा व करीब दो फीट गहरा गड्ढ़ा हो गया है। लोगों का मानना है कि समय रहते ओवरफ्लो की मरम्मत नहीं हुई तो बांध को नुकसान संभव है। बांध की क्षतिग्रस्त दीवार से पानी रिसाव से बाहर निकल रहा है।*

### वन्यजीवों की प्यास बुझाने का प्रमुख स्रोत है बांध

*बांध में 12 माह तक पानी भरा होने से गर्मी के मौसम में वन्यजीवों के लिए उपयोगी साबित होता है क्योंकि अन्यत्र कहीं पानी नहीं मिलने पर वन्यजीव प्यास बुझाने के लिए इस बांध पर पहुंचते है। यही कारण है कि गर्मी के मौसम में इस ठंडीबेरी बांध के आसपास बड़ी संख्या में वन्यजीव विचरण करते नजर आते है।*

### करवाएंगे शीघ्र मरम्मत

ठंडीबेरी बांध के ओवरफ्लो के क्षतिग्रस्त होने की उच्चाधिकारियों को सूचना देकर मरम्मत के लिए बजट आवंटित करवाया जाकर शीघ्र ही मरम्मत कार्य शुरू करवाया जाएगा।

**अरविंदसिंह झाला**
**वन अधिकारी-देसूरी**

### बांध से 500 हैक्टेयर भूमि पर होती है सिंचाई

*ठंडीबेरी बांध के पानी से करीब 500 हैक्टेयर भूमि पर सिंचाई होती है। जिसके कारण किसानों को अच्छी पैदावार मिलती है।*

## उत्साह व उमंग से मनाई महाराणा प्रताप की जयंती



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** नवभारत सेवा चेरिटेबल ट्रस्ट व भारतीय रेड' ास सोसायटी परिवार द्वारा शुक्रवार को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती उत्साह व उमंग के साथ मनाई गई। महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी देश भक्ति को नमन कर उन्हें याद किया। प्रोजेक्ट चैयरमेन व उपाध्यक्ष रविन्द्रसिंह भाटी ने बताया कि ट्रस्ट के संस्थापक व अध्यक्ष पंकज राज मेवाड़ा के सानिध्य में महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण व नमन कर याद किया। ट्रस्ट संस्थापक व अध्यक्ष एवं शाखा चार्टर अध्यक्ष मेवाड़ा ने बताया कि मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन न्योछावर करने वाले महान परा' मी योद्धा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर उन्हें कोटिश नमन कर भारत माता के जयकारे व महाराणा प्रताप अमर रहे के नारे लगाकर याद किया गया। इस मौके पर सचिव डॉ. कमलेशकुमार, रविन्द्रसिंह भाटी, संरक्षक नेनमल सोनी, झुमरलाल गर्ग, मदन प्रजापत, गुमानसिंह आकड़ावास एवं गणमान्य जन उपस्थित रहें।

## एमजी विद्यालय अंग्रेजी माध्यम में प्रवेश आरंभ

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नाडोल।** कस्बे में स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय अंग्रेजी माध्यम में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। प्रधानाचार्य दलपतसिंह राजपुरोहित ने बताया कि सत्र 2025-26 के लिए शाला दर्पण से क्यूआर कोड के माध्यम से ओनलाइन प्रवेश प्र' िया 15 जून तक जारी रहेगी। जिसके तहत कक्षा नर्सरी से कक्षा 11वीं तक अंग्रेजी माध्यम में तथा कक्षा 12वीं में हिंदी माध्यम में प्रवेश दिया जाएगा। विद्यालय में पूर्व प्राथमिक कक्षाओं के रुप में 3, 4, 5, 6 वर्ष के बच्चों का प्रवेश ' मशः कक्षा नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी, प्रथम में दिया जाएगा। प्रवेश प्रभारी हसीना बानो ने बताया कि प्रवेश हेतु अभिभावक एवं विद्यार्थी विद्यालय में संपर्क कर सकते हैं। विद्यालय में तीनों संकाय की सुविधा कक्षा 11 व 12 में उपलब्ध है। जिसमें विज्ञान संकाय में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान व वाणिज्य संकाय में लेखाशास्त्र, व्यवसाय अध्ययन, अर्थशास्त्र, कंप्यूटर विज्ञान शामिल है। इसी तरह कला संकाय में भूगोल, इतिहास, राजनीति विज्ञान व इस वर्ष कंप्यूटर विज्ञान विषय नवीन अतिरिक्त विषय के रूप में विद्यार्थियों हेतु खुला है। इस सत्र में विज्ञान संकाय के सभी रिक्त पदों पर नवीन व्याख्याताओं ने कार्यग्रहण कर लिया है।

## आज खुला रहेगा बाजार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**खिंवाड़ा।** कस्बे के सभी बाजार इस बार वैशाख सुदी तेरस शनिवार को भी यथावत खुले रहेंगे। व्यापार संघ अध्यक्ष दलपतसिंह राठौड़ ने बताया कि विवाह की सीजन के चलते इस दिन बाजार खुले रखने का निर्णय किया गया है। गौरतलब है कि कस्बे के सभी बाजार शुक्ल पक्ष तेरस को बंद रहते है।

**पाकिस्तानी हमले के बाद बीसीसीआई का बड़ा फैसला**



# एक हफ्ते टला आईपीएल 2025

## समीक्षा के बाद दोबारा शुरू होगा

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के हमले के बाद बीसीसीआई ने बड़ा फैसला लेते हुए आईपीएल 2025 के बचे हुए मुकाबले सस्पेंड कर दिए हैं। लेकिन खबर है कि आईपीएल 2025 दोबारा शुरू हो सकता है और एक हफ्ते बाद इसपर बड़ा फैसला लिया जा सकता है। आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने खुद जानकारी दी है कि ये टूर्नामेंट सिर्फ एक हफ्ते के लिए सस्पेंड किया है। 7 दिन के बाद दोबारा हालात की समीक्षा की जाएगी और उसके बाद आईपीएल दोबारा शुरू हो सकता है।

### कब हो सकता है आईपीएल?

▪ अगर एक हफ्ते बाद भी हालात नहीं सुधरते हैं तो बीसीसीआई आईपीएल के बचे हुए मुकाबले अगस्त-सितंबर में आयोजित कर सकती है। इस समय एशिया कप का आयोजन होना है लेकिन अब इसकी संभावना मुश्किल लग रही है। एशिया कप की जगह आईपीएल के बचे हुए मुकाबले आयोजित किये जा सकते हैं। आईपीएल में अबतक 57 मैच हो गए थे। पंजाब और दिल्ली कैपिटल्स का मैच धर्मशाला में 11वें ओवर में ही रोक दिया गया।

### आईपीएल पूरी तरह सस्पेंड नहीं : बीसीसीआई उपाध्यक्ष

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने बताया है कि आईपीएल का नया शेड्यूल अगले हफ्ते जारी हो सकता है। बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने जानकारी दी है कि अभी आईपीएल पूरी तरह सस्पेंड नहीं किया गया है। इसे सिर्फ एक हफ्ते के लिए रोका गया है। हालात की समीक्षा के बाद दोबारा नया शेड्यूल जारी होगा।

### टिकटों के पैसे लौटाए जा रहे

आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने कहा, 'आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने इस मामले में एक ईमेल जारी किया है। इसमें कहा गया, 'ये फैसला आईपीएल गवर्निंग काउंसिल की ओर से सभी टीमों से उचित राय के बाद लिया गया, इन फ्रेंचाइजियों ने अपने खिलाड़ियों की चिंताओं और भावनाओं के साथ-साथ प्रसारक, प्रायोजकों के विचार भी साझा किए। वहीं, नौ मई को लखनऊ में होने वाला बेंगलुरु और लखनऊ सुपर जायंट्स का मैच भी स्थगित है। आरसीबी और एलएसजी मैच के टिकटों के पैसे लौटाए जा रहे हैं।

# कोहली-रोहित ने सेना को सराहा

**पाकिस्तान से तनाव के बीच इंडियन आर्मी को किया सलाम**



**नई दिल्ली।** सीमा पर भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव जारी है। गुरुवार, 8 मई को पड़ोसी मुल्क ने भारत पर हमला करने की नापाक कोशिश की, जिसे भारतीय आर्मी ने फेल किया। इसके बाद भारत लगातार पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दे रहा है। इस अहम समय पर हर कोई भारतीय आर्मी के साथ खड़ा है। सोशल मीडिया पर बड़ी-बड़ी हस्तियां आर्मी के सपोर्ट में पोस्ट लिख रही है। इस कड़ी में मौजूदा भारतीय टीम के दो सबसे बड़े दिग्गज विराट कोहली और रोहित शर्मा का ऑपरेशन सिंदूर पर पहला रिएक्शन सामने आया है। विराट कोहली ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, 'हम इन कठिन समय में हमारे देश की रक्षा करने के लिए हमारे सशस्त्र बलों के साथ एकजुटता से खड़े हैं और उन्हें सलाम करते हैं। हम अपने नायकों की अटूट बहादुरी के लिए हमेशा उनके ऋणी रहेंगे और हमारे महान राष्ट्र के लिए उनके और उनके परिवारों द्वारा किए गए बलिदानों के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। जय हिंद ।' वहीं एक्स पर रोहित शर्मा ने लिखा, 'हर बीतते पल के साथ, लिए गए हर फैसले के साथ मुझे हमारी भारतीय सेना, भारतीय वायुसेना और भारतीय नौसेना पर बेहद गर्व महसूस होता है। हमारे योद्धा हमारे देश के गौरव के लिए डटे हुए हैं। हर भारतीय के लिए जिम्मेदार होना और किसी भी फर्जी खबर को फैलाने या उस पर विश्वास करने से बचना जरूरी है। सभी सुरक्षित रहें!'

# स्पेशल ट्रेन से आएंगे पंजाब और दिल्ली के खिलाड़ी



## धर्मशाला में फंसे खिलाड़ियों को सुरक्षित निकालने बीसीसीआई ने उठाया कदम

### चलाई जा रही स्पेशल ट्रेन

▪ बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा, "हम ऊना से एक विशेष ट्रेन चला रहे हैं ताकि सभी खिलाड़ियों और स्टाफ को सुरक्षित घर पहुंचाया जा सके। अभी के लिए मैच रद्द कर दिया गया है और स्टेडियम को खाली करा लिया गया है। टूर्नामेंट का भविष्य कल की स्थिति देखने के बाद तय किया जाएगा। इस समय खिलाड़ियों की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है।"

### कब रोका गया मैच

▪ पंजाब किंग्स की पारी के 11वें ओवर के दौरान धर्मशाला स्टेडियम में एक फ्लडलाइट टावर बंद हो गया। पहले तो लोगों को लगा कि यह तकनीकी समस्या है, लेकिन इसके बाद दो और टावर भी बंद हो गए।

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य तनाव काफी बढ़ गया है। दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2025 को फिलहाल निलंबित कर दिया गया है। पाकिस्तान की ओर से लगातार ड्रोन हमलों के बीच 8 मई को धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स का मैच बीच में ही रद्द कर दिया गया था। वहीं अब धर्मशाला में मौजूद खिलाड़ियों को सुरक्षित निकालने के लिए बीसीसीआई ने एक स्पेशल ट्रेन की व्यवस्था की है। बीसीसीआई ने खिलाड़ियों और स्टाफ को जल्दी और सुरक्षित बाहर निकालने के लिए वंदे भारत ट्रेन का इंतजाम किया है। सबसे नजदीकी रेलवे स्टेशन ऊना है, जहां से दो समूहों में खिलाड़ी, स्टाफ और मैच अधिकारी ट्रेन से दिल्ली रवाना होंगे। आईपीएल के 18वें सीजन में अब तक 58 मैच हो चुके हैं, जिसमें धर्मशाला में रद्द हुआ मैच भी शामिल है।



# सिद्धू ने ऋषभ की खराब फॉर्म की बताई वजह

## लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान को सुधारने का तरीका भी बताया

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत के खराब फॉर्म को लेकर अपना पक्ष रखा है। नवजोत सिंह ने पंत की खराब फॉर्म के पीछे का कारण शॉट चयन और मानसिक दृष्टिकोण के साथ-साथ टीम की प्लेऑफ की घटती उम्मीदों को बताया है। आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी ऋषभ पंत उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सके। उनकी कप्तानी में टीम का प्रदर्शन भी कुछ खास नहीं रहा है। ऋषभ पंत की कप्तानी में लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम ने 11 मैचों में 5 मैच जीते हैं। लखनऊ के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीद काफी कम बची है।



### अपना संयम खो रहे कप्तान

नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा, "ऋषभ पंत के साथ समस्या है उनका शॉट चयन। आप हर बार मुसीबत से बाहर नहीं निकल सकते। उन्होंने आगे कहा, "धोनी को देखिए- शांत, संयमित, कुछ भी न देने वाला। पंत को अपनी मानसिकता को बदलने की जरूरत है, खासकर शॉट चयन को लेकर।

# बॉर्डर पर मोर्चा संभालेंगे लेफ्टिनेंट कर्नल धोनी?

## टेरिटोरियल आर्मी को लेकर रक्षा मंत्रालय की नोटिफिकेशन जारी

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच रक्षा मंत्रालय ने रेगुलर आर्मी की सहायता के लिए एक अधिसूचना जारी की है। इसके मुताबिक अब रेगुलर आर्मी अपनी सहायता के लिए टेरिटोरियल आर्मी को बुला सकती है। ऐसे में सवाल उठ रहा है किया जंग हुई तो एमएस धोनी, जो टेरिटोरियल आर्मी के लेफ्टिनेंट कर्नल हैं, भी जंग पर जाएंगे। अब सेना प्रमुख को अधिकार होगा कि वह टेरिटोरियल आर्मी को सैन्य कार्रवाई में शामिल कर सके। वहीं, भारतीय टीम के पूर्व कप्तान एमएस धोनी टेरिटोरियल आर्मी में मानद लेफ्टिनेंट कर्नल हैं। यानी अब बात आगे बढ़ी तो धोनी को भी तैयार रहना होगा।

### क्या होती है टेरिटोरियल आर्मी

टेरिटोरियल आर्मी एक रिजर्व सैन्य बल है। यह सीधे मोर्चा नहीं लेती है, लेकिन जब युद्ध का वक्त आता है तो उसे भी मैदान में उतारा जाता है। बता दें कि टेरिटोरियल आर्मी की सेना की ओर से ट्रेनिंग भी कराई जाती है, ताकि वक्त पर वो काम आ सके। संकट के वक्त में इस आर्मी का काम आंतरिक सुरक्षा देना भी होता है।



# मनोरंजन

## यूट्यूब से हटा हाउसफुल 5 का गाना




अक्षय कुमार की हाउसफुल 5 के निर्माताओं ने कुछ समय पहले ही इसका टीजर रिलीज किया था। इस फिल्म के पहले पार्ट को हाल ही में 15 साल पूरे हुए हैं। लेकिन अब फिल्म 'कॉपीराइट्स' के चक्कर में फंसती नजर आ रही है। फिल्म के टीजर को यूट्यूब से हटा दिया गया है जिसकी कहानी एक क्रूज से शुरू होती है। इस खबर से फैंस काफी खफा हैं। हालांकि इस संबंध में अभी तक मेकर्स की तरफ से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। हालांकि टीजर को अभिनेता के सोशल मीडिया हैंडल से हटाया नहीं गया है। फिल्म 6 जून को रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। टीजर को 30 अप्रैल को नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया था। हालांकि, 9 मई को यह यूट्यूब पर नहीं था। पेज पर जाने पर एक एरर मैसेज आया, जिसमें लिखा था, "मोफ्यूजन स्टूडियोज के कॉपीराइट क्लेम के कारण वीडियो अब उपलब्ध नहीं है।" इस पर और कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। हिंदुस्तान टाइम्स का कहना है कि मोफ्यूजन एक भारत-आधारित रिकॉर्ड लेबल है जो दिलजीत दोसांझ और जैस्मीन सैंडलस जैसे कलाकारों के गाने बनाता है।

## एक्ट्रेस टीना दत्ता का मुंहतोड़ जवाब



टीवी एक्ट्रेस और बिग बॉस फेम टीना दत्ता अपने सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहती हैं। अब उन्होंने पाकिस्तान के दावों पर कड़े शब्दों के साथ इंस्टा स्टोरी शेयर की है। उन्होंने भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराने के पाकिस्तान के दावों के जवाब में एक कड़े शब्दों वाली इंस्टाग्राम स्टोरी पोस्ट की। उनकी पोस्ट में लिखा था, "पाकिस्तान ने दावा किया है कि उन्होंने भारतीय विमानों को मार गिराया है ताकि दुनिया को अपनी सैन्य/वायु सेना की ताकत के बारे में पता चले। टीना ने आगे लिखा, काश वे अपने प्रांत में आतंकी शिविरों को मार गिराने के बारे में भी यही कहते। इससे ग्लोबल लेवल पर उनके लिए अधिक सम्मान की भावना पैदा होगी।" टीना का ये बयान इंटरनेट पर हर तरफ छाया हुआ है। पोस्ट शेयर करने के बाद टीना दत्ता को कई इंस्टाग्राम यूजर्स से कड़ी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ा, जिसमें से कई ने उन्हें अनफॉलो करने की धमकी दी। एक यूजर ने उन्हें मैसेज भी भेजा, जिसमें लिखा था, "अंधभक्त नशे में चूर लोगों को अनफॉलो कर रहा हूं," जिस पर एक्ट्रेस ने करारा जवाब दिया, "और ऐसे लोग भी हैं जो केवल नफरत फैलाते हैं। अगर आपको इस देश से इतनी परेशानी है तो आप भारत में क्यों हैं?" इसके बाद ये सिलसिला चलता रहा और टीना को धमकियां मिलती रहीं। अब टीना दत्ता ने एक अन्य इंस्टाग्राम स्टोरी में अनफॉलो धमकियों का सीधा जवाब दिया। उन्होंने लिखा, "जो लोग मुझे अनफॉलो करने की धमकी दे रहे हैं और ऐसा करने की घोषणा कर रहे हैं, उन्हें अब तक चले जाना चाहिए था और मुझे इसकी कोई परवाह नहीं है। हमारे देश भारत और हमारे प्रधानमंत्री जो कर रहे हैं, उस पर मेरा रुख कुछ भी नहीं बदलेगा, और आतंकवाद से निपटना उसी तरह चाहिए जिस तरह से उससे निपटना चाहिए आपकी और हमारी और हमारे देश की सुरक्षा के लिए। कृपया अनफॉलो करें, मैं इसका समर्थन करती हूं। मैं तुम्हें नहीं जानती, तुम्हें जानना भी नहीं चाहती ।

## देश पहले आता है... कमल हासन ने कैंसिल किया 'ठग लाइफ' का इवेंट



भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव काफी बढ़ गया और जंग के हालात बने हुए हैं। ऐसे में कमल हासन ने देश के साथ एकजुटता दिखाते हुए अपनी फिल्म 'ठग लाइफ' का ऑडियो लॉन्च इवेंट कैंसिल कर दिया है। कमल हासन ने कहा कि उनके लिए देश पहले आता है और बाकी सब बाद में। कमल हासन के प्रोडक्शन हाउस ने यब अपडेट शेयर किया और साथ ही कहा कि जल्द ही नई डेट का ऐलान किया जाएगा। फिल्म 'ठग लाइफ' को मणिरत्नम ने डायरेक्ट किया है, जोकि एक्शन-ड्रामा है। इस फिल्म का स्क्रीनप्ले कमल हासन ने मणिरत्नम के साथ मिलकर लिखा है, और एक्टिंग भी की है। फैंस को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। पहले टीम ने 16 मई को 'ठग लाइफ' का ऑडियो लॉन्च करने की योजना बनाई थी, पर अब इसे री-शेड्यूल किया जाएगा। कमल हसन के प्रोडक्शन हाउस 'राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल' ने एक बयान जारी किया, जिसमें लिखा है, 'आर्ट इंतजार कर सकती है। देश सबसे पहले आता है। हमारे देश की सीमा पर हो रहे घटनाक्रम और मौजूदा स्थिति को देखते हुए, हमने 'ठग लाइफ' के ऑडियो लॉन्च को री-शेड्यूल करने का फैसला किया है।

## रजनीकांत लेंगे 280 करोड़ फीस

### कुली फिल्म के बजट का आधा हिस्सा ले रहे अभिनेता

रजनीकांत बॉलीवुड से लेकर साउथ सिनेमा तक अपना स्टारडम फैला चुके हैं। 74 साल की उम्र में भी उनका चार्म जरा भी कम नहीं हुआ है। जेलर और वेट्टयन के बाद एक बार फिर वह बड़े पर्दे पर धमाल मचाने जा रहे हैं। शायद ही आपको पता होगा कि रजनीकांत इस फिल्म के लिए कितनी फीस ले रहे है? रजनीकांत ने जब 2010 में फिल्म रोबोट की थी, तब वह दुनिया के सबसे महंगे एक्टर्स में शुमार हो गए थे, लेकिन फिर उन्हें टक्कर देने आमिर खान आ गए। मगर एक बार फिर रजनीकांत ने इतिहास रचा है। वह कुली के लिए इतनी मोटी रकम वसूल रहे हैं कि वह एशिया के सबसे महंगे एक्टर बन गए हैं। मनी कंट्रोल के मुताबिक, लोकेश कनगराज की मोस्ट एंटीसिपेटेड फिल्म कुली सबसे महंगी फिल्मों में से एक हैं। इस फिल्म पर मेकर्स जितना पैसा खर्च कर रहे हैं, बजट से आधे से ज्यादा फीस तो अकेले रजनीकांत ले रहे हैं। अभिनेता इस फिल्म के लिए 260 से 280 करोड़ रुपये के बीच फीस वसूल कर रहे हैं जो आमिर खान और जैकी चेन से भी ज्यादा है।


कलानिधि मारन निर्मित फिल्म कुली को बनाने में 400 करोड़ रुपये का बजट लगा है, जिसमें से 260 करोड़ रुपये तो अकेले रजनीकांत वसूल रहे हैं। निर्देशक लोकेश कनगराज फिल्म के लिए 60 करोड़ रुपये फीस ले रहे हैं, जबकि अहम भूमिका में नजर आने वाले नागार्जुन करीब 35 करोड़ रुपये चार्ज कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि फिल्म में आमिर खान का भी कैमियो है। चंद मिनट के सीन्स के लिए अभिनेता 25 से 30 करोड़ रुपये चार्ज कर रहे हैं। वहीं, श्रुति हासन, सत्यराज और उपेंद्र राव को बिना हाइक के मार्केट प्राइज के हिसाब से फीस दी गई है, जिसका जिक्र नहीं किया गया है। बात करें फिल्म की रिलीज डेट की तो कुली 14 अगस्त 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। हाल ही में, इसका टीजर रिलीज हुआ था।



## ऑपरेशन सिंदूर की रेस में बॉलीवुड


### 15 मेकर्स ने नाम रजिस्टर कराने के लिए भेजा आवेदन

भारत की ओर से हाल ही में चलाए ऑपरेशन सिंदूर के बाद, फिल्म इंडस्ट्री में इस टाइटल को लेकर होड़ मच गई है। फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉई के अध्यक्ष बीएन तिवारी ने इसका खुलासा किया। उन्होंने बताया कि अब तक करीब 15 फिल्म मेकर्स और स्टूडियो ने इस टाइटल को रजिस्टर कराने के लिए आवेदन दिया है। ये रजिस्ट्रेशन इंडियन मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर्स असोसिएशन के माध्यम से किया जा रहा है। सोर्स की मानें तो फिल्म इंडस्ट्री में ये चलन नया नहीं है। जब भी कोई बड़ा राष्ट्रीय मुद्दा या घटना सामने आती है, फिल्म मेकर्स तुरंत उससे जुड़ा टाइटल रजिस्टर कराने की कोशिश करते हैं। भले ही उस पर फिल्म बने या न बने, लेकिन टाइटल सुरक्षित रखना जरूरी होता है। 'उरी', 'वॉर' और 'फाइटर' जैसी फिल्मों की सफलता के बाद से ये देखा गया है कि वॉर या देशभक्ति पर बेस्ड कहानियां दर्शकों के बीच बेहद पॉपुलर हैं। फिल्म मेकर अशोक पंडित ने इस बारे में बात की और माना कि उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम को रजिस्टर कराने के लिए आवेदन दिया है। उन्होंने कहा कि 'फिल्म बनेगी या नहीं, ये अभी कहना मुश्किल है, लेकिन जब कोई बड़ा और देश से जुड़ा मुद्दा सामने आता है, तो बतौर निर्माता हमारा पहला कदम होता है टाइटल रजिस्टर कराना। बिना टाइटल के फिल्म की प्लानिंग भी शुरू नहीं की जा सकती।'अशोक पंडित ने ये भी कहा कि वो इस टॉपिक से भावनात्मक रूप से जुड़ाव महसूस करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि 'मैं जानता हूं कि ये देश किन परिस्थितियों से गुजरा है।



# ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए पाकिस्तानी रक्षा मंत्री आसिफ

## दी पूर्ण युद्ध की गीदड़भभकी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि अब भारत के साथ पूर्ण युद्ध (फुल स्केल वॉर) ही एकमात्र विकल्प बचा है। आसिफ ने कहा है कि बीते चार दिन में जिस तरह चीजें हुई है, उसके बाद अब युद्ध का ही रास्ता बचता है। ख्वाजा आसिफ का ये बयान भारत की ओर से ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में कई आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले करने के बाद आया है।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद दोनों देशों में तनाव है और बॉर्डर पर भी लगातार गोलीबारी हो रही है। भारत के साथ पूर्ण युद्ध के सवाल पर एक स्थानीय चैनल से बात करते हुए आसिफ ने कहा, अब शायद कोई और विकल्प नहीं बचा रह गया है। बीते चार दिन में लगातार भारत की ओर से हमले हुए हैं। पहले हमारी कोशिश थी कि हालात ज्यादा ना बिगड़ें। अब हम इस पर (तनाव कम करने) काम नहीं कर रहे हैं। कैसे आगे बढ़ना है, इसका फैसला तो पाक आर्मी को करना है लेकिन अब इसमें कोई शक नहीं होना चाहिए कि जंग दस्तक दे चुकी है।

भारत-पाक में तेज होगा संघर्ष! ख्वाजा आसिफ का ये बयान ऐसे समय आया है, जब भारत और पाकिस्तान में तनाव चरम पर है। दोनों देशों के बीच इस समय युद्ध जैसी स्थिति बनी हुई है। इस सबमें पाकिस्तान के राजनेताओं की और से लगातार भारत विरोधी और आक्रामक बयानबाजी की जा रही है। ख्वाजा आसिफ की ओर से पहले भी भारत को परमाणु युद्ध की गीदड़भभकी दी चुकी है। अब उन्होंने पूर्ण युद्ध की बात कही है।

भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया तनाव की शुरुआत 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद हुई है। इस हमले में आतंकियों ने 26 लोगों की बर्बर हत्या कर दी थी। इसकी जवाबी कार्रवाई के तहत 6 और 7 मई की दरमियानी रात को भारत ने पाकिस्तान में कई आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत हमला कर दिया। इस दौरान भारत की मिसाइलों ने 9 अहम ठिकानों को निशाना बनाया।

## पाकिस्तान से बढ़ते विवाद के बीच कई ट्रेनें कैंसिल

### बाड़मेर, जैसलमेर, जोधपुर और मुनाबाव की ओर जाने वाली प्रमुख ट्रेनें प्रभावित रहेंगी

**जयपुर।** पहलगाम हमले के जवाब में भारत की एयर स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान ने राजस्थान में 5 सैन्य ठिकानों पर हमला किया। इसके बाद 9 मई (शुक्रवार) को बाड़मेर, जैसलमेर, मुनाबाव की ओर चलने वाली ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। कुल 4 ट्रेनें पूरी तरह रद्द की गई हैं, 2 ट्रेनें आंशिक रद्द रहेंगी। 5 ट्रेनों को रीशेड्यूल किया गया है। 3 ट्रेनों का मार्ग रेगुलेट किया जाएगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ शशि किरण ने बताया- सीमा पर ब्लैकआउट और इमरजेंसी कंडीशंस के कारण रेलवे ने यह कदम एहतियातन उठाया है। यात्रियों से अनुरोध किया गया है कि यात्रा से पहले अपनी ट्रेन की स्थिति की जानकारी रेलवे की वेबसाइट या हेल्पलाइन से प्राप्त करें।

# बॉर्डर के जिलों में 336 रेजिडेंट डॉक्टर्स की ड्यूटी लगाई

## ड्रग कंट्रोल ऑफिसरों ने दवाईयों और सर्जिकल आइटम का जिलेवार मांगा स्टॉक



**जयपुर।** भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव को देखते हुए राज्य सरकार ने सीमावर्ती जिलों (बाड़मेर, जैसलमेर, गंगानगर, बीकानेर, जोधपुर और फलोदी) में 336 सीनियर रेजिडेंट्स डॉक्टर्स की ड्यूटी लगाई है। इसके साथ ही ड्रग कंट्रोल डिपार्टमेंट ने सभी जिला ड्रग कंट्रोलरों से जिलेवार दवाइयों और सर्जिकल आइटम समेत ऑक्सीजन के स्टॉक का डेटा मांगा है।

चिकित्सा शिक्षा विभाग के सचिव अम्बरीश कुमार ने आज विभाग के अधिकारियों की बैठक लेने के बाद सीमावर्ती जिलों के हॉस्पिटलों और मेडिकल-हेल्थ सेंटरों में विशेष व्यवस्थाएं करने के निर्देश देते हुए वहां तुरंत प्रभाव से रेजिडेंट्स की ड्यूटी लगाने के आदेश दिए। इसके साथ ही उन्होंने हॉस्पिटलों उपकरणों की उपलब्धता और उनकी फंक्शनिंग, दवाइयों के स्टॉक और सप्लाई के बारे में भी जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को इन सामाग्री की व्यवस्था का पूरा इंतजाम करने के निर्देश दिए।

### चिकित्सा कार्मिकों के लिए आवास और भोजन व्यवस्था

सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनात होने वाले इन डॉक्टर्स के रहने के लिए मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल परिसर में मौजूद हॉस्टल और स्टाफ क्वार्टर में रहने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही तात्कालिक जरूरतों के लिए आपातकालीन धनराशि उपलब्ध करवाने के लिए कहा है।

### हर जिले से मांगी दवाइयों के स्टॉक की रिपोर्ट

इधर ड्रग कंट्रोल डिपार्टमेंट ने सभी जिला ड्रग कंट्रोलरों से अपने-अपने जिलों में मौजूद प्राइवेट रिटेलर, हॉल सेलरों और मैन्युफेक्चर्स के पास मौजूद अनिवार्य दवाईयों का स्टॉक और सर्जिकल आइटम के स्टॉक की सूचना मांगी है। ये रिपोर्ट जल्द से जल्द उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए है। वहीं डिस्ट्रिक वाइज मेडिकल ऑक्सीजन का स्टॉक और ऑक्सीजन सिलेंडरों की उपलब्धता की भी जानकारी मांगी है। साथ ही इन सभी चीजों की व्यवस्था करने और मॉनिटरिंग करने के लिए सीमावर्ती जिलों में 7 ड्रग कंट्रोलरों की स्पेशल ड्यूटी लगाकर उनकी निगरानी में टीमों का गठन किया है।

# पाकिस्तान से तनाव के बीच नौ आरएएस अफसरों के तबादले

## राजस्थान के बॉर्डर इलाकों में एसडीओ के पांच खाली पद भरे, पोकरण एसडीओ का तबादला

**जयपुर।** पाकिस्तान के साथ चल रहे तनाव और सीमावर्ती जिलों में बने युद्ध के हालात के बीच राज्य सरकार ने बॉर्डर एरिया के पांच उपखंडों में उपखंड अधिकारियों के खाली पदों को भर दिया है।

श्रीगंगानगर के घड़साना, जैसलमेर के भनियाना और फतेहगढ़, बीकानेर के बज्जू, बाड़मेर के गडरारोड में एसडीओ के खाली पदों पर पोस्टिंग दे दी है। कार्मिक विभाग ने 9 आरएएस अफसरों के तबादले किए हैं, जिनमें से बॉर्डर एरिया में खाली चल रहे एसडीओ के 5 पदों पर पोस्टिंग दी है। बॉर्डर एरिया में पोकरण एसडीओ को बदला है। बॉर्डर एरिया के खाली चल रहे इन 5 उपखंडों में लगाए गए ये एसडीओ, पोकरण एसडीओ का तबादला मनोज कुमार मीणा को एसडीओ देवली से एसडीओ घड़साना, महेश चंद्र मान को राजकॉम्प एमडी जयपुर से एसडीओ भनियाना (जैसलमेर), एपीओ चल रहे संदीप चौधरी को एसडीओ बज्जू (बीकानेर), भरतराज गुर्जर को एसडीओ आसींद से एसडीओ फतेहगढ़ (जैसलमेर) और रामलाल मीणा को एसडीओ जसवंतपुरा, जालोर से एसडीओ गडरारोड (बाड़मेर) के पद पर लगाया है।

### पोकरण और मूंडवा एसडीओ के एक दूसरे की जगह लगाया

पोकरण और मूंडवा एसडीओ के एक दूसरे की जगह तबादले किए हैं। पोकरण एसडीओ प्रभजोत गिल का तबादला करके मूंडवा एसडीओ लगाया है, जबकि लाखाराम को मूंडवा से पोकरण एसडीओ के पद पर पोस्टिंग दी गई है। कुणाल राहड़ को सहायक कलेक्टर मुख्यालय सीकर से एसडीओ बीकानेर उत्तर के पद पर लगाया है। कविता गोदारा को एसडीओ बीकानेर उत्तर से सहायक कलेक्टर मुख्यालय सीकर के पद पर पोस्टिंग दी गई है।

# जिलेभर में ड्रोन संचालन व आतिशबाजी पर रोक

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** भारत-पाक तनाव के बीच वर्तमान परिस्थितियों के मध्यनजर पाली जिले की सामरिक दृष्टि से संवेदनशीलता को देखते हुए जिले के सम्पूर्ण क्षेत्राधिकार में ड्रोन संचालन व आतिशबाजी पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगी। जिला मजिस्ट्रेट एलएन मंत्री ने बताया कि वर्तमान परिदृश्य के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था तथा लोक व्यवस्था की स्थिति प्रभावित की जा सकती है, जिससे सामान्य जनजीवन विपरीत रूप से प्रभावित हो सकता है तथा विधि प्रतिकूल अन्य घटनाएं घटित होने की प्रबल संभावनाए हो सकती हैं। जिससे लोगों के जानमाल की हानि हो सकती है तथा लोकशान्ति भंग होने की सम्भावना हो सकती है। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ने इसे लेकर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत उपरोक्त स्थिति एवं राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि के मध्यनजर प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पाली जिले के सम्पूर्ण क्षेत्राधिकार में शुक्रवार रात्रि 10 से 8 जून 2025 को प्रातः 6 बजे तक के लिए ड्रोन संचालन एवं आतिशबाजी के संबंध में निषेधात्मक आदेश जारी किए है। ड्रोन के संबंध में उक्त आदेश सरकारी गतिविधियों यथा सेना, पुलिस, सशस्त्र बल, होमगार्ड एवं कानून व्यवस्था में संलग्न अधिकारियों व रेलवे के लिए लागू नहीं होगा। यह आदेश जनहित में जारी किया गया है तथा अत्यावश्यक प्रकृति का है। आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत कार्यवाही की जाएगी। जिला पुलिस अधीक्षक पाली आदेश की सम्पूर्ण पाली जिले में पालना करवाया जाना सुनिश्चित करेंगे।

# सैन्य कार्रवाई देश की सुरक्षा के लिए जरूरी थीः मोहन भागवत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सरसंघचालक सरकार्यवाह मोहन भागवत पहलगाम की कायरतापूर्ण आतंकवादी घटना के पश्चात पाक प्रायोजित आतंकवादियों एवं उनके समर्थक पारितंत्र पर की जा रही निर्णायक कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारत सरकार के नेतृत्व और सैन्यबलों का हार्दिक अभिनंदन। हिंदू यात्रियों के नृशंस हत्याकांड में आहत परिवारों को एवं समस्त देश को न्याय दिलाने के लिए हो रही इस कार्रवाई ने समूचे देश के स्वाभिमान एवं हिम्मत को बढ़ाया है। हमारा यह भी मानना है कि पाकिस्तान में आतंकियों, उनका ढांचा एवं सहयोगी तंत्र पर की जा रही सैनिक कार्रवाई देश की सुरक्षा के लिए आवश्यक एवं अपरिहार्य कदम है। राष्ट्रीय संकट की इस घड़ी में संपूर्ण देश तन-मन-धन से देश की सरकार एवं सैन्य बलों के साथ खड़ा है। पाकिस्तानी सेना द्वारा भारत की सीमा पर धार्मिक स्थलों एवं अवासीय क्षेत्र पर किए जा रहे हमलों की हम निंदा करते हैं और जो इन हमलों का शिकार हुए, उनके परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदनाएं व्यक्त करते हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस चुनौतीपूर्ण अवसर पर समस्त देशवासियों से आह्वान करता है कि शासन एवं प्रशासन द्वारा दी जा रही सभी सूचनाओं का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित करे। इसके साथ-साथ इस अवसर पर हम सबको अपने नागरिक कर्तव्य का निर्वहन करते हुए यह भी सावधानी रखनी है कि राष्ट्र विरोधी शक्तियों के सामाजिक एकता एवं समरसता को भंग करने के किसी भी षड्यंत्र को सफल न होने दें।

समस्त देशवासियों से अनुरोध है कि अपनी देशभक्ति का परिचय देते हुए सेना एवं नागरी प्रशासन के लिए जहां भी, जैसी भी आवश्यकता हो, हरसंभव सहयोग के लिए तत्पर रहे और राष्ट्रीय एकता तथा सुरक्षा को बनाए रखने के सभी प्रयासों को बल प्रदान करे।

# बॉर्डर पर तनाव के बीच खाटूश्यामजी में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, बाबा श्याम के जयकारों से गूंजी खाटू नगरी

**खाटूश्यामजी/सीकर।** भारत पाकिस्तान सीमा पर भारी तनाव बना हुआ है। पिछले दो दिनों से सीमा पार से पाकिस्तानी हवाई हमले की कोशिशें हो रही है। हालांकि भारतीय सेना सभी हमलों को विफल करते हुए मुंह तोड़ जवाब दे रही है। इधर, राजस्थान के सीकर जिले की खाटू नगरी में बाबा श्याम के दरबार में आस्था का अपूर्व संगम देखने को मिला। मोहिनी एकादशी से शुरू हुए दो दिवसीय मासिक मेले में देशभर से लाखों श्रद्धालु उमड़ पड़े। एकादशी और द्वादशी, दोनों दिन मंदिर परिसर में भक्तों की कतारें थमने का नाम नहीं ले रही थीं। हर चेहरा बस यही अरदास कर रहा था, खाटू वाले की कृपा बनी रहे।

मेले के पहले दिन बाबा श्याम का दिव्य श्रृंगार किया गया। मंदिर परिसर नील, गुलाबी और सफेद फूलों से इस तरह सजाया गया मानो धरती पर स्वर्ग उतर आया हो। विशेष श्रृंगार आरती और रात्रिकालीन महाआरती में श्याम प्रेमियों ने बाबा के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय कर दिया। भीड़ के बावजूद श्रद्धालु भक्ति और सेवा में डूबे रहे।

### » 24 घंटे खुले रहेंगे बाबा के कपाट, हर क्षण दर्शन की व्यवस्था

एकादशी और द्वादशी के शुभ अवसर पर मंदिर 24 घंटे खुला रहेगा। केवल श्रृंगार के समय कपाट थोड़ी देर के लिए बंद किए जाएंगे। मंदिर प्रशासन और पुलिस ने मिलकर सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण की सुदृढ़ व्यवस्था की है। देश के कोने-कोने से भक्त रात से ही खाटू पहुंच रहे हैं। मई माह की गर्मी के बावजूद इस बार मौसम ने भक्तों का साथ दिया। बीते कुछ दिनों से खाटू में हल्की बारिश और ठंडी हवाओं ने वातावरण को सुहावना बना दिया है, जिससे भक्तों की संख्या में और इज़ाफा हुआ।

### » परिवार से लेकर देश की रक्षा तक सुरक्षा की अरदास

हर भक्त बाबा श्याम के दरबार में अपने-अपने जीवन की कामनाओं के साथ आया है। कोई संतान की सफलता मांग रहा है तो कोई देश की रक्षा के लिए प्रार्थना कर रहा है। द्वादशी की शयन आरती के साथ यह मेला समाप्त होगा, लेकिन यहां से लौटते हर भक्त के मन में बाबा की कृपा की गूंज अनवरत बनी रहेगी।

# ऑपरेशन सिंदूर के बीच भारतीय मुस्लिम संगठन ने भारत और पाकिस्तान से की अपील युद्ध समाधान नहीं

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर की वजह से पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ भड़कावे वाली कार्रवाई की है, और उसका तगड़ा जवाब भी मिल रहा है। बहरहाल, इस वजह से दोनों देशों में तनाव चरम पर है। ऐसे माहौल में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने दोनों देशों से शांति की अपील की है। बोर्ड ने कहा है कि युद्ध किसी भी समस्या का हल नहीं है खासकर तब, जब दोनों देशों के पास परमाणु हथियार हों। एआईएमपीएलबी ने एक ऑनलाइन मीटिंग की है। इस मीटिंग में बोर्ड के सदस्यों ने भारत-पाकिस्तान सीमा पर बने हालातों पर चिंता जताई। बोर्ड ने कहा कि देश की सुरक्षा के लिए जो भी कदम उठाए जा रहे हैं, वे उनका समर्थन करते हैं। लेकिन, इस मुश्किल समय में सभी लोगों, राजनीतिक पार्टियों, सेना और सरकार को मिलकर खतरों का सामना करना चाहिए।

### » युद्ध किसी भी मुद्दे का समाधान नहीं

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने आतंकवाद और निर्दोष लोगों की हत्या की कड़ी निंदा की। एआईएमपीएलबी ने कहा कि इस्लामी शिक्षाओं में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं है। बोर्ड ने हिंसा की निंदा करते हुए कहा कि बातचीत से मसलों को हल करना चाहिए, सैन्य कार्रवाई सही नहीं है। बोर्ड ने एक पत्र में लिखा है, इस्लामी शिक्षाओं, वैश्विक सिद्धांतों और मानवीय मूल्यों में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं है। इसलिए, दोनों देशों को द्विपक्षीय बातचीत और चर्चा के माध्यम से अपने मामलों को हल करना चाहिए। यह भी सच है कि युद्ध किसी भी मुद्दे का समाधान नहीं है विशेष रूप से परमाणु हथियारों की उपस्थिति में, भारत और पाकिस्तान युद्ध नहीं झेल सकते।

# जयपुर में स्कूल वैन से 9-साल की बच्ची का किडनैप

**जयपुर।** जयपुर में 9 साल की बच्ची के किडनैपिंग का मामला सामने आया है। स्कूल वैन के आगे कार लगाकर रोक उसमें सवार लोगों ने गला दबाकर ड्राइवर को पकड़ लिया। वैन का गेट खोलकर उसमें बैठी बच्ची को जबरन उठाकर कार से फरार हो गए। मुहाना थाने में स्कूल वैन के ड्राइवर ने किडनैपिंग का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया पत्रकार कॉलोनी मुहाना निवासी मुकेश कुमार (28 ) ने किडनैपिंग का मामला दर्ज करवाया है। शिकायत में बताया- वह एक प्राइवेट स्कूल में वैन चलाता है। वैन से बच्चों को स्कूल व घर छोड़ने का काम करता है। 8 मई को रोज की तरह सुबह 6 .50 बजे मुहाना इलाके में पत्रकार कॉलोनी में 4 क्लास में पढ़ने वाली 9 साल की बच्ची को लेने उसके घर गया था। स्कूल वैन में बैठे 8-9 बच्चों के साथ उसकी मां ने भी बच्ची को बैठा दिया।

### » बच्ची को जबरन उठा लिया

बच्ची के घर से कुछ दूरी पर सोसाइटी से बाहर निकलते ही स्कूल वैन के आगे हुंडई वेन्यू कार आकर रुकी। कार से 3-4 लोग उतरकर तेजी से वैन की तरफ आए। एक ने उसके गला दबाकर वैन की चाबी निकाल ली। दूसरे ने उसके हाथ पकड़ लिए। वैन का गेट खोलकर उसमें बैठी बच्ची को जबरन उठा लिया। बच्ची रोते हुए बोल रही थी कि मुझे आपके साथ नहीं जाना है। बच्ची का किडनैप कर ले जाते समय कार सवार वैन की चाबी फेंककर वहां से फरार हो गए। बच्ची के मां को किडनैपिंग की बताकर तुरंत मुहाना थाने में शिकायत दी। पुलिस ने किडनैपिंग का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### » पुलिस बोली ने बताया बच्ची का पिता लेकर गया

जांच अधिकारी एसआई वन्दना का कहना है- मामला किडनैपिंग का नहीं है। बच्ची के पिता ही उसको लेकर गए हैं। पिछले सालभर से पति-पत्नी में डिवोर्स का केस चल रहा था। डिवोर्स होने के बाद बच्ची की कस्टडी के लिए चैलेंज कर रखा है। रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# शिक्षित होने के साथ संस्कारवान होना भी जरुरी : कुमावत

## » कुबाजी महाराज मंदिर के वार्षिकोत्सव में उमड़े श्रद्धालु

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** बालराई में कुमावत समाज के कुबाजी महाराज मंदिर का आठवां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। आयोजन को लेकर भव्य भजन संध्या का आयोजन हुआ। भजन कार्यक्रम में महावीर सांखला सहित अन्य कलाकारों द्वारा शानदार भजनों की प्रस्तुति दी गई। समाजबंधुओं द्वारा आयोजित कार्य म में श्रीपति नंदनवन धाम राजपुरा सिरोही के संस्थापक संत गोविंद वल्लभदास महाराज का सान्निध्य रहा। महाराज ने समाज बंधुओ से शिक्षित होकर एकमत होने का आह्वान किया और हर क्षेत्र में आगे आने व सहयोग करने का संकल्प भी दिलाया। मेला महोत्सव के दिन मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने भाग लिया। मंत्री कुमावत ने समाज बंधुओं को शिक्षित होने के साथ संस्कारवान होने का संदेश दिया। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर कर समाज को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रसर रखने की बात कही। धार्मिक और सांस्कृतिक कार्य' मों के माध्यम से भारतीय संस्कृति को बढ़ावा व संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। राज्य और केंद्र सरकार से सम्बंधित विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की।



भजनों पर झूमे श्रोता

### अतिथियों व भामाशाहों का किया सम्मान

कुमावत समाज के पंचों द्वारा भामाशाहों, संतों और मंत्री कुमावत का स्वागत सम्मान किया गया। महाप्रसादी के भामाशाह भरतकुमार टांक ढोला, दिवेल धूप के भामाशाह मांगीलाल अचलाजी जालोरा, वीडियोग्राफी के कन्हैयालाल अचलाजी तलैषा, टेंट व्यवस्था के सती माता टेंट और महादेव टेंट, लाइट डेकोरेशन के भामाशाह कपुराराम हकाजी रामीना, भजन संध्या के डोवेश्वर कुमावत युवा मंडल बालराई, साफा-हार व माला के भामाशाह चुन्नीलाल केसाजी रोटोंगन, पानी व्यवस्था के रतिलाल केसाजी रोटोंगन, चाय व्यवस्था के लाभार्थी प्रवीण वरदाजी गुंगोमण, आरती के भामाशाह मोहनलाल चुनाजी चान्दोरा, आमंत्रण पत्रिका के बंशीलाल ओटाजी चान्दोरा का भी माला साफा और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत-सम्मान किया गया। अध्यक्ष केसाराम कुमावत और सचिव गुलाबराम रोटोंगन ने अतिथियों, भामाशाहों, समिति कार्यकारिणी और डोवेश्वर युवा मंडल समिति सहित आमजन का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन ललित बडवाल ने किया। भीखाराम रोडला, दरगाराम मेवाडा ढोला, जोगाराम टेवाली, लादूराम बिरामी ढाणी, जोधाराम पादरली, मोहन मेवाड़ा चान्दराई, गुलाबराम लुनावा, जीवाराम टांक, मांगीलाल तलैचा, धनाराम रोटोंगन, रुपाराम रामीना, थानाराम गोयल, मोहनलाल चान्दोरा, देवाराम रामीना, रामलाल चान्दोरा, गोमाराम मेडतिया, ललित बडवाल इत्यादि मौजूद रहे।

# पाकिस्तान से लोहा ले रही सेना के साथ खड़े हुए कोटा के 600 रेजीडेंट डॉक्टर



**कोटा।** कोटा मेडिकल कॉलेज के रेजीडेंट डॉक्टर्स, जो प्रायः विभिन्न मुद्दों को लेकर आंदोलन के कारण चर्चा में रहते हैं, ने इस बार एक सराहनीय पहल की है। भारत पाकिस्तान युद्ध जैसे हालात में कॉलेज के छह सौ से अधिक रेजीडेंट डॉक्टर्स ने आपातकालीन परिस्थितियों में भारतीय सेना के साथ मिलकर चिकित्सा सेवाएं देने की इच्छा जताई है। इसके लिए उन्होंने जयपुर स्थित दक्षिण पश्चिमी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) को पत्र लिखकर अपनी स्वेच्छा से सेवा देने की पेशकश की है।

### » रेजीडेंट डॉक्टर्स ने सेना को लिखी चिट्ठी

रेजीडेंट डॉक्टर्स ने पत्र में लिखा है कि वे वर्तमान राष्ट्रीय परिस्थितियों को देखते हुए आपदा प्रबंधन में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कोटा रेजीडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. हेमंत शर्मा और महासचिव डॉ. सुखबीर सिंह कविया की ओर से हस्ताक्षरित इस पत्र में कहा गया है कि कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी में देश के चिकित्सक अग्रिम पंक्ति में रहे हैं और हमारी संस्था भी इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए राष्ट्र सेवा के लिए पूरी तरह तैयार है। डॉक्टर्स ने यह भी स्पष्ट किया कि वे न केवल स्वास्थ्य सेवाएं देने में समर्थ हैं, बल्कि आपातकालीन परिस्थितियों में अनुशासित और संगठित रूप से कार्य करने की भी क्षमता रखते हैं। उनका यह कदम चिकित्सा क्षेत्र में युवाओं की जिम्मेदारी और देशभक्ति की भावना का उदाहरण बन गया है।

नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक हेमल पुरोहित द्वारा ई. 3 सारणेश्वर रीको औद्योगिक क्षेत्र सिरोही 307001 से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक हेमल पुरोहित, रजि. न. RAJHIN/2009/28325.फोन नं. 02972-221920. email:- jtsirohi@gmail.com.